e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 240

शनिवार

02.09.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

जैसे उबलते पानी में कभी परछाई नही दिखतीज ठीक उसी प्रकार परेशान मन से समाधान भी नही दिखते.. शांत होकर देखिए सभी समस्याओं का हल मिल जाएगा

ताजा खबरों के लिए देखें

क्विक न्यूज

रोवर प्रज्ञान ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर रिकॉर्ड की अद्भुत घटना, जांच में जुटा इसरो

नई दिल्ली : भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने गुरुवार को बताया कि चांद की सतह पर घूम रहे रोवर प्रज्ञान ने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर एक अद्भुत घटना को रिकॉर्ड किया है। इसे एक प्राकृतिक घटना माना जा रहा है और इसरो इस घटना के स्त्रोत के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रहा है। दरअसल रोवर प्रज्ञान ने चांद पर एक खास भूकंपीय कंपन को रिकॉर्ड किया है। इन सिचुएशन वैज्ञानिक प्रयोग के तहत चंद्रयान -3 के लैंडर पर लगे आईएलएसए पेलोड माइक्रो इलेक्ट्रो मैकेनिकल सिस्टम्स टेक्नोलॉजी से लैस है। पहली बार चांद पर ऐसा इंस्ट्रूमेंट भेजा गया है। रोवर प्रज्ञान और अन्य पेलोड की मूवमेंट को रिकॉर्ड किया। इसी दौरान 26 अगस्त 2023 को एक घटना भी रिकॉर्ड हो गई। यह घटना अभी प्राकृतिक लग रही है। हालांकि इसकी जांच की जा रही है।

पाक में धमाका, 9 की मौत

काबुल : पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला हुआ है। दरअसल टीटीपी के आत्मघाती हमले में पाकिस्तानी सेना के नौ जवानों की मौत की खबर है। घटना पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की है, जब एक बाइक सवार आत्मघाती आतंकी ने सेना के काफिले को धमाके से उड़ा दिया। इस धमाके में पाकिस्तानी सेना के नौ जवानों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना ने यह जानकारी दी है। बता दें कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में एक आतंकी ने विस्फोटक लदी कार से सीआरपीएफ के काफिले के वाहन में टक्कर मार दी थी। इस हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे।

केंद्र सरकार का आदेश, संसद के विशेष सत्र के दौरान सभी बड़े अफसर दिल्ली में रहें मौजूद

नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने संसद के विशेष सत्र से पहले अपनी सरकार के संयुक्त सचिव, अतिरिक्त सचिव, सचिव को दिल्ली में रहने को कहा है. दरअसल सरकार ने 18 सितंबर से शुरू होकर 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है. ये सत्र जी 20 शिखर सम्मेलन के कुछ ही दिन बाद होगा. और ये सत्र सिर्फ पांच दिनों का होगा.विशेष सत्र के एजेंडे के तौर पर तो अभी कुछ भी नहीं बताया गया है, लेकिन संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी का कहना है, अमृत काल के बीच आयोजित होने वाले इस विशेष सत्र के दौरान संसद में सार्थक चर्चा को लेकर आशान्वित हैं.

भारत-ब्रिटेन के बीच सितंबर में एफटीए पर 13वें दौर की बातचीत

नई दिल्ली : भारत और ब्रिटेन के बीच जारी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के जल्द संपन्न होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। एफटीए पर दोनों देशों के बीच 13वें दौर की बातचीत इस महीने दिल्ली में होगी। इससे पहले 12वें दौर की बातचीत 8 से 31 अगस्त के दौरान हुई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित एफटीए पर 13वें दौर की बाचतीत दिल्ली में सितंबर महीने में होगी। एफटीए पर 12वें दौर की वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों ने बातचीत को आगे बढ़ाने के तरीकों पर सहमति जताई है। बयान के मुताबिक इस बार भी बातचीत हाइब्रिड तरीके से आयोजित की गई, जिसमें यूके के अधिकारी दिल्ली आए और शामिल हुए।

रांची का तापमान

अधिकतम 26°

न्युनतम 12°

मुंबई बैठक में इंडिया गठबंधन ने लिया एक साथ चुनाव लड़ने का संकल्प, बनाया कॉर्डिनेशन कमेटी

कॉर्डिनेशन कमेटी में शामिल हुए हेमंत सोरेन

* दिल्ली में होगी इंडिया की अगली बैठक, सीट बंटवारे पर होगी चर्चा

एजेंसी

मुंबई : मुंबई बैठक में इंडिया गठबंधन ने कॉर्डिनेशन कमेटी को अंतिम रूप दिया। शिवसेना सांसद संजय राउत ने 14 सदस्यीय समन्वय समिति के नामों की घोषणा की। इसमें केसी वेणुगोपाल (कांग्रेस), शरद पवार (एनसीपी), टीआर बालू (डीएमके), हेमंत सोरेन (जेएमएम), संजय राउत (शिवसेना-उद्धव गुट), तेजस्वी यादव (राजद), अभिषेक बनर्जी (टीएमसी), राघव चड्ढा (आप) जावेद अली खान (सपा), ललन सिंह (जेडीयू), डी राजा (सीपीआई) उमर अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फ्रेंस), महबूबा मुफ्ती (पीडीपी) व सीपीआई (एम) से एक और सदस्य की भी घोषणा की जाएगी। बैठक के दूसरे दिन प्रस्ताव भी पारित किया। प्रस्ताव में कहा गया, हम इंडिया गठबंधन की पार्टियां, आगामी लोकसभा चुनाव जहां तक संभव हो मिलकर लड़ने का संकल्प लेते हैं। विभिन्न राज्यों में सीट-बंटवारे की व्यवस्था तुरंत शुरू की जाएगी और लेन-देन की सहयोगात्मक भावना के साथ जल्द से जल्द संपन्न की जाएगी।

विपक्ष एक होगा तो भाजपा का जीतना असंभव : राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि जो भी पार्टी इस बैठक में है वो भाजपा को हराने के लिए यहां है। इस मंच पर जो दल हैं वो देश की 60 फीसदी जनका की प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि अब सीट बंटवारे पर चर्चा होगी। विपक्ष एक होगा तो भाजपा का जीतना असंभव होगा। विकास में हम किसान,गरीबों को साथ लेकर चलेंगे। केंद्र सरकार भ्रष्टाचार के केंद में है और पीएम मोदी का एक कारोबारी के साथ गठजोड़ है जिसका नाम सब जानते हैं। इंडिया गठबंधन भाजपा और उसके भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ेगा। मुझे विश्वास है कि इंडिया गठबंधन भाजपा को हराएगा और यहां मौजूद सभी नेता मतभेद भुलाकर एक साथ हुए हैं। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी जी20 करा रहे हैं भारत की इज्जत का मामला है अदाणी मामले पर पीएम को जांच करनी चाहिए नहीं कराएंगे तो देश को पता लग जाएगा कि क्यों नहीं करा रहे हैं। भाजपा भारत के गरीब लोगों से धन छीनकर कुछ अमीर लोगों को देती है।

बिना काम किए उनकी तारीफ हो रही : नीतीश



नीतीश कुमार ने कहा कि तीसरी बैठक में भी अच्छे ढ़ंग से बातचीत हुई है। हम जगह-जगह जाकर प्रचार करते रहेंगे। जो अब केंद्र में हैं वो अब हारेंगे, वो अब जाएंगे। नीतीश ने कहा कि ये काम कम करते हैं, छपता ज्यादा है। ये लोग देश के इतिहास को बदलना चाहते हैं। हम देश के इतिहास को बदलने नहीं देंगे। बिना किए उनके काम की तारीफ की जा रही है। हमने आज ही तय कर लिया गया है कि हम अभी से तेजी से काम शुरू कर देंगे। कोई ठिकाना नहीं है। चुनाव समय से पहले भी हो सकता है। इसलिए हम लोगों को भी अलर्ट रहना पड़ेगा।

इसरो आज लॉन्च करेगा आदित्य-एल 1 अंतरिक्ष यान

एजेंसी

नयी दिल्ली : चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में चंद्रयान-3 की सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग के बाद भारत अब सूर्य पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है. इसरो द्वारा निर्मित आदित्य-एल 1 अंतरिक्ष यान 2 सितंबर को लॉन्च के लिए तैयार है. सूर्य के बारे में जानकारी एकत्र करने के लिए भारत पहली बार मिशन लॉन्च कर रहा है. इसकी सफलता के लिए इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने आंध्रप्रदेश के तिरुपति जिले में चांगलम्मा परमेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की. मिशन आज 2 सितंबर को सुबह 11.50 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्पेस स्टेशन से लॉन्च किया जाएगा. इसकी सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं.लॉन्चिंग के ठीक 127 दिन बाद यह अपने पॉइंट एल1 तक पहुंचेगा. इसरो चीफ ने कहा कि आदित्य एल-1 मिशन सूर्य के अवलोकन के लिए इसरो का पहला डेडिकेटेड अंतरिक्ष मिशन होने वाला है. लॉन्च के लिए तैयारी अंतिम चरण में पहुंच चुकी है. रॉकेट और सैटेलाइट तैयार हैं. लॉन्च के लिए रिहर्सल भी पूरी हो चुकी है. आदित्य-रा को इसरो का सबसे भरोसेमंद रॉकट पीएसएलवी-सी 57 धरती की लोअर अर्थ ऑर्बिट में छोड़ेगा. इसके बाद तीन या चार ऑर्बिट मैन्यूवर करके सीधे धरती के स्फेयर ऑफ इंफ्लूएंस से बाहर जाएगा. फिर शुरू होगा क्रूज फेज. यह थोड़ा लंबा चलेगा.आदित्य सूरज के कोरोना से निकलने वाली गर्मी और गर्म हवाओं की स्टडी करेगा. सौर वायुमंडल को समझने का प्रयास करेगा. सौर हवाओं के विभाजन और तापमान की स्टडी करेगा. सौर तूफानों के आने की वजह, सौर लहरों और उनका धरती के वायुमंडल पर क्या असर होता है, इसकी स्टडी करेगा. आदित्य-एल1 भारत का पहला सोलर मिशन है. - सबसे महत्वपूर्ण पेलोड विजिबल लाइन एमिसन कोरोनाग्राफ है. इसे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स ने बनाया है. सूर्ययान में 7 पेलोड्स हैं. जिनमें से 6 पेलोड्स इसरो और अन्य संस्थानों ने बनाया है.

आदित्य-एल1 स्पेसक्राफ्ट को धरती और सूरज के बीच एल1 ऑर्बिट में रखा जाएगा. यानी सूरज और धरती के सिस्टम के बीच मौजूद पहला लैरेंजियन प्वाइंट. इसलिए उसके नाम में एल1 जुड़ा है. एल1 असल में अंतरिक्ष का पार्किंग स्पेस है. जहां कई उपग्रह तैनात हैं. भारत का सूर्ययान धरती से 15 लाख किमी दूर स्थित इस प्वाइंट से सूरज की स्टडी करेगा. करीब नहीं जाएगा.

* सूर्य के बारे में जानकारी एकत्र करने के लिए भारत पहली बार लॉन्च कर रहा है मिशन

मनीष देसाई ने संभाला पीआईबी के प्रधान महानिदेशक का पदभार

एजेंसी

नई दिल्ली : पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महानिदेशक का पदभार शुक्रवार को मनीष देसाई ने संभाल लिया। भारतीय सूचना सेवा के 1989 बैच के अधिकारी मनीष देसाई इससे पहले केंद्रीय सूचना ब्यूरो के प्रधान महानिदेशक थे और सरकारी इश्तिहार तथा ऑउटरीच एक्टीविटीज को देखते थे। तीन दशकों के अपने करियर के दौरान देसाई ने महानिदेशक, फिल्म प्रभाग, अतिरिक्त महानिदेशक (प्रशासन एवं प्रशिक्षण), आईआईएमसी, सीईओ, सीबीएफसी सहित विभिन्न कार्यभार संभाले। फिल्म डिवीजन में अपने कार्यकाल के दौरान वे मुंबई में भारतीय सिनेमा के राष्ट्रीय संग्रहालय की स्थापना से जुड़े थे। उन्होंने भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, गोवा सहित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की मीडिया गतिविधियों को संभालने के लिए एक दशक से अधिक समय तक पीआईबी मुंबई में भी काम किया है। गौरतलब है कि मनीष देसाई को राजेश मल्होत्रा की जगह पीआईबी का प्रधान महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

श्री मल्होत्रा गुरूवार को सेवानिवृत्त हुए। मनीष देसाई मुंबई में पीआईबी के पश्चिमी जोन के महानिदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। सरकार ने भारत के समाचारपत्र पंजीयक (आरएनआई) के प्रेस रजिस्ट्रार पद पर तैनात धीरेन्द्र ओझा को केन्द्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) का नया महानिदेशक बनाया है।

चारा घोटाला : 35 दोषियों को चार-चार साल की सजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : चारा घोटाला के कांड संख्या आरसी 48 ए/96 में शुक्रवार को 35 दोषियों को शुक्रवार को सजा सुनाई गयी। सभी को अधिकतम चार-चार साल की सजा और सबसे कम 75 हजार तथा सबसे अधिक एक करोड़ का जुर्माना लगाया गया। एक करोड़ का जुर्माना जिला पशुपालन पदाधिकारी गौरी शंकर प्रसाद पर लगा है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने यह फैसला सुनाया। पब्लिक सर्वेंट नियानंद कुमार सिंह को चार साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना लगा है। इसी तरह डॉ जुनुल भेंगराज, डॉ कृष्ण मोहन प्रसाद, डॉ राधा रमण सहाय, डॉ गौरी शंकर प्रसाद,डॉ रविन्द्र कुमार सिंह, डॉ फणीन्द्र कुमार त्रिपाठी, महेन्द्र प्रसाद, देवेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, अशोक कुमार यादव, रामनंदन सिंह, बिजेश्वरी प्रसाद, अजय कुमार सिन्हा, राजन मेहता, रवि नंदन कुमार सिन्हा, राजेन्द्र कुमार हरित, अनिल कुमार, त्रिपाठी मोहन प्रसाद, दयानंद प्रसाद कश्यप, शरद कुमार, मो सईद, मो तौहिद, संजय कुमार, शंकर सिंह, उमेश दूबे, अरुण कुमार वर्मा, अजीत कुमार वर्मा, सुशील कुमार सिन्हा, जगमोहन लाल कक्कड़, श्याम नंदन सिन्हा, मोहिन्द्र सिंह बेदी, प्रदीप कुमार चौधरी, सत्येन्द्र कुमार मेहरा मदन मोहन पाठक व प्रदीप वशिष्ठ को भी सजा और जुर्माना लगा है।

यौन शोषण मामले में प्रदीप यादव की याचिका खारिज

यौन शोषण मामले में आरोपी विधायक प्रदीप यादव की याचिका को झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया. प्रदीप यादव के द्वारा दुमका स्पेशल जज की अदालत द्वारा 2 अप्रैल 2022 को उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किए जाने के विरुद्ध हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी. विधायक प्रदीप यादव पर एक महिला अधिवक्ता के द्वारा यौन शोषण का आरोप लगाते हुए 20 अप्रैल 2019 को देवघर महिला थाना में कांड दर्ज कराया गया था. देवघर महिला थाना में कांड दर्ज होने के बाद इसकी सुनवाई दुमका स्थित एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई. इस दौरान विधायक प्रदीप यादव के द्वारा झारखंड हाईकोर्ट से जमानत की गुहार लगाई गई. जिसमें उन्हें 28 सितंबर 2019 को बेल मिला था. इसके अलावा इस मामले में हाई कोर्ट के द्वारा प्रदीप यादव के खिलाफ दुमका के एमपी- एमएलए कोर्ट में इस मामले से संबंधित चल रही कार्यवाही पर भी रोक लगाई गई थी, लेकिन प्रदीप यादव की याचिका खारिज होने के बाद अब निचली अदालत में इस मामले की सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है.

वन नेशन-वन इलेक्शन पर बनी कमिटी, रामनाथ कोविंद बने अध्यक्ष

एजेंसी

नई दिल्ली : मोदी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में वन नेशन, वन इलेक्शन पर कमेटी बनाई हैं. यह कदम सरकार द्वारा 18 से 22 सितंबर के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने के एक दिन बाद आया है, जिसका एजेंडा गुप्त रखा गया है. बीते कुछ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने की वकालत मजबूती से करते आए हैं. अब इस पर विचार करने के लिए रामनाथ कोविंद को जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय, चुनावी दृष्टिकोण के मेजबान के रूप में सरकार की गंभीरता को प्रदर्शित करता है. नवंबर-दिसंबर में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और इसके बाद अगले साल मई-जून में लोकसभा चुनाव होंगे. बता दें कि सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक लोकसभा और राज्यसभा का विशेष सत्र बुलाया है जिसमें 5 बैठकें होंगी. कहा जा रहा है कि सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और महिला आरक्षण बिल भी पेश कर सकती है.

वन नेशन-वन इलेक्शन से क्या है लाभ ?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई मौकों पर वन नेशन-वन इलेक्शन की वकालत कर चुके हैं. इसके पक्ष में कहा जाता है कि एक देश-एक चुनाव बिल लागू होने से देश में हर साल होने वाले चुनावों पर खर्च होने वाली भारी धनराशि बच जाएगी. बता दें कि 1951-1952 लोकसभा चुनाव में 11 करोड़ रुपये खर्च हुए थे जबकि 2019 लोकसभा चुनाव



में 60 हजार करोड़ रुपये की भारी भरकम धनराशि खर्च हुई थी. पीएम मोदी कह चुके हैं कि इससे देश के संसाधन बचेंगे और विकास की गति धीमी नहीं पड़ेगी. एक देश-एक चुनाव के समर्थन के पीछे एक तर्क ये भी है कि भारत जैसे विशाल देश में हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं. इन चुनावों के आयोजन में पूरी की पूरी स्टेट मशीनरी और संसाधनों का इस्तेमाल किया जाता है. लेकिन यह बिल लागू होने से चुनावों की बार-बार की तैयारी से छुटकारा मिल जाएगा. पूरे देश में चुनावों के लिए एक ही वोटर लिस्ट होगी, जिससे सरकार के विकास कार्यों में रुकावट नहीं आएगी.

वन नेशन वन इलेक्शन से क्या होगा नुकसान ?

केंद्र सरकार भले ही एक देश-एक चुनाव के पक्ष में हो लेकिन इसके विरोध में भी कई मजबूत तर्क दिए जा रहे हैं. कहा जा रहा है कि अगर ये बिल लागू होता है तो इससे केंद्र में बैठी पार्टी को एकतरफा लाभ हो सकता है. अगर देश में सत्ता में बैठी किसी पार्टी का सकारात्मक माहौल बना हुआ है तो इससे पूरे देश में एक ही पार्टी का शासन हो सकता है, जो खतरनाक होगा. इसके खिलाफ एक तर्क यह भी बताया जा रहा है कि इससे राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों के बीच मतभेद और ज्यादा बढ़ सकता है. कहा जा रहा है कि एक देश-एक चुनाव से राष्ट्रीय पार्टियों को बड़ा फायदा पहुंच सकता है जबकि छोटे दलों को नुकसान होने की संभावना है. अगर एक देश-एक चुनाव बिल के तहत पूरे देश में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे तो इससे पूरी-पूरी संभावना होगी कि चुनावी नतीजों में देरी हो सकती हैं. चुनावी नतीजों में देरी से यकीनन देश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ेगी, जिसका खामियाजा आम लोगों को भी भुगतना पड़ेगा.

ईडी ने मुख्यमंत्री को भेजा समन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को तीसरा समन भेजा है। ईडी ने मुख्यमंत्री को पूछताछ के लिए नौ सितंबर को रांची क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। उनसे उनकी और उनके परिवार की बेनामी संपत्तियों के बारे में पूछताछ की जायेगी।

नयनश्री नेत्रालय
असर्फी हॉस्पीटल
आयुष्मान कार्ड के द्वारा
निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी
77070 13096
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
पलामू/गढ़वा
रांची, शनिवार, 02 सितंबर 2023| पेज 2

अवैध हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार गिरफ्तार अपराधियों को भेजा गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू पुलिस ने अवैध हथियार के साथ 3 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आईपीएस ऋषभ गर्ग ने बताया कि दिनांक 31.08.2023 को रात्रि साढ़े दस बजे शहर थाना को सूचना मिली थी कि मुस्लिम नगर में हत्या की सजा काटकर जेल से बाहर आया फैज खान मुहल्ला में पिस्टल से लोगों का डरा धमका रहा है तथा वह अपने साथियो के साथ पिस्टल के लेन देन का काम भी करता है। इस सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक, पलामू तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर के द्वारा सूचना पर त्वरित कारवायी करने हेतु टीम को गठन किया गया जिसमें शहर थाना तथा टी0ओ0पी0 1 के टाइगर जवान के अतिरिक्त अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर

की क्यु0आर0टी0 को भी शामिल किया गया। पुलिस की गठित टीम जब मुस्लिम नगर पहुंची तो कुछ लड़कों को पुलिस के आने की आहट पाकर भागते देख टीम को सदस्यों के द्वारा उनमें से एक युवक को पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक की पूछताछ करने पर पहचान फैज खान हुयी। फैज खान पिछले डेढ दो महीने पहले शहर थाना के अंतर्गत हत्या के मामले में ग्यारह साल कैद की सजा काटकर दो माह पहले जेल से छूटकर आया है। फैज खान की तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल जिसके मैगजीन में 7.65 मी0मी0 का सात गोली लोड पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया। फैज खान के द्वारा बताया गया कि जमीन कारोबार से जुड़े अपने विरोधियों की हत्या करने के उद्देश्य से वह लोडेड पिस्टल रखा था। उसके द्वारा दो देशी कट्टा कुड मुहल्ला का रहनेवाला फेकु खान के मार्फत पहाड़ी मुहल्ला, श्मशान घाट के पास रहनेवाला विक्की राइन को रखने के लिए दिये जाने की जानकारी दी गयी। इस जानकारी पर टीम के सदस्यों द्वारा फेकु खान से पूछताछ करने के पश्चात शहजाद आलम उर्फ विक्की राइन के घर से दो देशी कट्टा बरामद किया। इस संबंध में अवैध तरीके से आग्नेयास्त्र रखने के आरोप में तीनों के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफतार किया गया। छापामारी अभियान में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा, हवलदार मानवेल मूर्मु,आरक्षी 387 संतन कुमार मेहता, आरक्षी 1171 शारिक ईरशाद,सहायक पुलिस 126 प्रफुल कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

जनता दरबार में फरियादियों की लगी भीड़ डीसी ने समाधान का दिया आश्वासन

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया.जिसमें उन्होंने लोगों की समस्याएं को बारी-बारी से सुना और निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया.जनता दरबार में भूमि सीमांकन, भूमि विवाद, राशन, अवैध कब्जा, रास्ता बंद हो जाने, मुआवजा, आदि समस्याओं को लेकर लोग उपस्थित हुए.जनता दरबार में चैनपुर के चांदो से आये कृष्णा सिंह ने आंगनवाड़ी में काम कराने के बावजूद भुगतान नहीं करने के संबंध में आवेदन दिया। इसी तरह काजल कुमारी ने उपायुक्त को बताया कि उनके पति की हत्या गोली मारकर 13 दिसंबर 2022 को कर दी गयी थी जिसके पश्चात वो असहाय हो गयी है। उन्होंने उपायुक्त से बच्चों के भरण-पोषण करने व रहने के लिये आवास की मांग की इसपर उपायुक्त ने डीडीसी को उक्त महिला को आवास की स्वीकृति हेतु निर्देशित किया.जनता दरबार में सदर प्रखंड अंतर्गत झाबर से आये बिकेश कुमार राम, छत्तरपुर से आये संतोष प्रजापति व छत्तरपुर के ही नौडीहा से आये उदेशवर सिंह ने पीएम किसान से संबंधित आवेदन दिया।

उपायुक्त ने विभिन्न मामलों को लेकर कई बीडीओ-सीओ को किया फोन : जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने चैनपुर बीडीओ, नौडीहा बाजार सीओ, समेत विभिन्न अंचलाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज़ गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया।

प्रशासन के नाक के नीचे हो रहा अवैध बालू कारोबार : संदीप

पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): पिपरा प्रखंड पूर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि संदीप पासवान ने कहा कि प्रशासन के नाक के नीचे अवैध बालू का कारोबार दिन रात चल रहा है. गरीबों से मनमाना बालू का रकम वसूला जा रहा है। एक तरफ सरकार इंदिरा आवास निर्माण जल्द से जल्द करने को कहती है तो दूसरी तरफ गरीबों को बालू आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। उनसे मनमाना पैसा लिया जाता है। अगर बालू कारोबारी एवं बिचौलियों के द्वारा उचित मूल्य पर बालू नहीं दिया जाएगा। तो मैं इस समस्या पर चुप नहीं रहने वाला हूं। प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इस गंभीर समस्या पर कान में रूई डालकर सोए हुए हैं। इससे साफ पता चलता है कि प्रतिनिधि का बालू कारोबारी के साथ साथ गांठ है या जनता के समस्या के प्रति कितने सजग हैं। उनकी यह लापरवाही निंदनीय है। अगर आगे स्थिति नहीं सुधरता है तो हम लोग उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

प्रमुख ने काटा दर्जनों प्रखंड कर्मियों की हाजिरी

पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता): पिपरा प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने दिन शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड कर्मियों के उपस्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दर्जनों प्रखंड कर्मी अनुपस्थित पाए गए। जिसके बाद प्रखंड प्रमुख ने उपस्थिति पंजी मंगाकर अनुपस्थित कर्मियों का हाजिरी रजिस्टर में ही काट दिया। अनुपस्थित कर्मियों में रोजगार सेवक अभियंता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जनसेवक कृषि पदाधिकारी कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य कर्मी शामिल है। प्रमुख ने कहा कि इस प्रकार सभी लोगों का एक साथ अनुपस्थित रहना प्रखंड कार्यालय का लचर व्यवस्था दिखलाता है। अगर आगे यही स्थिति बनी रही तो कर्मी कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

ईट भट्टों के मजदूरों को योजनाओं का लाभ दिलाने व उनके बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : जिला में संचालित विभिन्न ईट भट्टों में कार्यरत मजदूरों को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने एवं उनके बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कराने के उद्देश्य से आज उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा अपने कार्यालय वेश्म में बैठक किया गया। बैठक में नीव की ईट फाउंडेशन द्वारा उक्त क्षेत्र में जिला प्रशासन के साथ जुड़ बेहतर कार्य करने का प्रस्ताव दिया गया। मौके पर नीव की ईट फाउंडेशन के निदेशक अंशू कुमार द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि किस प्रकार जिले में ईट भट्टों में कार्यरत मजदूरों को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए एवं उनके बच्चों को किस प्रकार से शिक्षा प्रदान की जाए, इस संबंध में

व्यापक रूप से एक्शन प्लान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि उनके फाउंडेशन द्वारा जिले में संचालित ईट भट्टों का सर्वे कर उनमें कार्यरत मजदूरों की जानकारी एकत्र की जाएगी, सभी का पंजीकरण कर सभी जरूरी दस्तावेज तैयार कर जिला प्रशासन के साथ सर्वे रिपोर्ट साझा किया जाएगा। जिससे उन्हें सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलायी जा सके। उन्होंने बताया कि हर वर्ष अक्टूबर माह से लेकर मई माह तक मजदूर अपने बच्चों को लेकर ईट भट्टा पर दिन-रात मजदूरी करते हैं। जिस कारण उनके बच्चे बेहतर शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में उनके फाउंडेशन द्वारा बच्चों को चिन्हित कर उन्हें ईट भट्टा परिसर में ही स्पेशल क्लास की व्यवस्था कर प्राथमिक शिक्षा मुहैया कराई जाती है। इस कार्य के लिए फाउंडेशन द्वारा अलग से फेलो नियुक्त किए जाएंगे, जो बच्चों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करेंगे एवं उन्हें विद्यालय में दाखिला लेने हेतु प्रेरित करेंगे। साथ हीं ईट भट्टों को अलग अलग क्लस्टर में बांटा जाएगा एवं कॉर्डिनेटर भी नियुक्त किए जायंगे।

बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति का खुला कार्यालय

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति का शुक्रवार को कार्यालय खुल गया। इसके पहले क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कार्यालय का ऑनलाइन शुभारंभ किया। मौके पर मौजूद एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, लाल बाबू सिंह, राजीव रंजन, एनसीपी प्रखंड उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह, राजेश्वर सिंह, रामनाथ सिंह आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान ऑनलाइन संबोधन में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि कार्यालय के खुलने से आम लोगों की समस्याओं का त्वरित गति से निष्पादन के साथ ही विभिन्न विभागों से संबंधित कार्यो की स्थिति और प्रगति की निगरानी और समीक्षा में सहूलियत होगी। वहीं प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन

समिति के उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार मेहता तथा एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने कहा कि लाभुक और फरियादी कार्यालय आकर अपनी बात व समस्याओं को रखें। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति सदस्य अमित सिंह, अजय कुमार सिंह, लक्ष्मी नारायण, सोनामती देवी, श्यामसुंदर प्रसाद, संतोष शर्मा के अलावे विशाल कुमार, कलीम शाह, छोटे सिंह, सत्येंद्र मेहता, राहुल कुमार, राजेश रंजन मिश्रा, टुडे आलम, रामलखन सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

बाल संसद बीएमसी नेउरा में अध्यक्ष शमा, प्रधानमंत्री सफीना, उप प्रधानमंत्री साबिर विजयी

चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): नेउरा स्थित रा. उर्दू उत्क्रमित. मध्य विद्यालय बी.एम.सी नेउरा के सत्र 2023-24 में कुछेक पदाधिकारी व सदस्यो के शिथिल हो जाने के कारण विद्यालय में बाल सांसद का विस्तार किया गया। प्रधानाध्यापक एम.जे.अजहर ने बाल सांसद के अधिकार कर्तव्य व महत्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन जरूरी है। छात्र जीवन में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। शिक्षक शिक्षिकाओ ने चुनाव प्रक्रिया बताई। बच्चों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन किया व जीत हासिल की। विजता छात्र छात्राओ में संचालन समिति की अध्यक्ष शमा परवीन, प्रधानमंत्री सफीना खातून, उप प्रधानमंत्री साबिर अंसारी, स्वास्थ्य मंत्री रहबर अंसारी,उप स्वास्थ्य मंत्रीङ्कजैनब खातून, स्वच्छता मंत्री तमन्ना खातून, उप स्वच्छता मंत्री नरगिस परवीन, सुरक्षा एवं न्याय मंत्री नौशाद अंसारी, उप सुरक्षा एवं न्याय मंत्री शबनम खातून, पोषण मंत्री खतीजा खातून, उप पोषण मंत्री साकिब हुसैन, उपस्थित मंत्री निखत खातून, उप उपस्थित मंत्री नुजहत खातून, शिक्षा मंत्री खुशबू खातून, उप शिक्षा मंत्री नाजमीन खातून, कौशल विकास मंत्री सैबुन खातून, उप कौशल विकास मंत्री सलीम अंसारी, पर्यावरण मंत्री जुबैर अंसारी, उप पर्यावरण मंत्री मुराद अंसारी, खेलकूद एवं संस्कृति मंत्री फैंज अंसारी, उप खेलकूद एवं संस्कृति मंत्री अफसाना खातून सूचना एवं संपर्क मंत्री नगमा खातून उप सूचना एवं संपर्क मंत्री चांदनी खातून, के नाम शामिल है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सरफुदिन अंसारी, प्रधानाध्यापक एम. जे.अजहर, शिक्षिका मुसर्रत जहां अलकमा खातून, रेणु कुमारी जायसवाल, रामप्रवेश सिंह, नेहा श्रीवास्तव, दीनानाथ कुमार, संयोजिका मीना बीबी, रसोईया मजीदान बीबी, सैमुन बीबी, मुनिया खातून, व सैकड़ो छात्र छात्राओं मौजूद थी।

केतात स्त्रोनत उच्च विद्यालय में किया गया वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : विश्रामपुर प्रखंड के केतात स्त्रोनत उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जहां रामगढ़ की स्वयं सेवी संस्था अग्रगति के सीएफएल को-ऑर्डिनेटर मनीष वैद्य द्वारा बैंकिंग सेवा सहित ऑनलाइन किए जा रहे कार्यो की समुचित जानकारी के साथ -साथ विद्यार्थियों व शिक्षकों को डिजिटल सम्बंधित जानकारी दी गई। वहीं साईबर क्राईम के तौर -तरीके व उसके बचाव पर जागरूक किया। साथ हीं लोगों को ऑनलाइन बैंकिंग सेवा के नाम पर जालसाजों के द्वारा फ्रॉड किया जा रहा है। ऐसे में समुचित जानकारी के बिना कुछ भी साझा न करें। अन्यथा आर्थिक जोखिम उठानी पड़ सकती है। सीएफएल प्रशिक्षक गुरूदेव विश्वकर्मा के द्वारा बीमा योजना, साइबर क्राइम, फ्रॉड कॉल, साइबर ठगों से बचने के तौर -तरीके व आरबीआई के नेशनल टोल फ्री नंबर उपस्थित लोगों को उपलब्ध कराया गया। जिसपर कभी भी कोई समस्या होने पर इसका उपयोग किया जा सके। शिक्षक अमरेश कुमार ने फोन पर आए मैसेज या ओटीपी को शेयर नहीं करने की अपील किए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार द्विवेदी, शिक्षक नेहालचंद राम, अमरेश कुमार, बिनेश कुमार प्रभाकर, शिक्षिका रीना कुमारी, अर्पणा कुमारी, आरती कुमारी, पूनम देवी, छात्रा तन्वी कुमारी, स्वाति कुमारी, सूचित कुमार,आयुष कुमार सहित सैकड़ों छात्र -छात्राओं ने भाग लिया।

मृत सहायक अध्यापक के परिजनों को संघ ने दी सहायता राशि

प्रभात मंत्र संवाददाता

पंडवा (पलामू) : सहायक अध्यापक संघ की ओर से प्रखंड पाटन के मृत सहायक अध्यापक स्वर्गीय अशर्फी राम के परिजनों को 60300 आर्थिक सहयोग किया गया . असर्फी राम के परिवार से मिलकर तथा उन्हें सहयोग देकर सहायक अध्यापक संघ के सदस्य भावुक हो गए। अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष श्री हरेंद सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सहायता राशि सौंपते वक्त आंख से आंसू आ गए। कुछ मिनट तक सोचता रहा कि आज यदि झारखंड सरकार सहायक अध्यापक के लिए ठोस नियमावली प्रारंभ में भी बना दी गई होती तो यह स्थिति आज नहीं आती ।श्री सिंह ने कहा कि 2002 ई से आज तक विद्यालय में शिक्षक के रूप में बच्चों के बीच शिक्षा का अलख जगाने वाले शिक्षक जो झारखंड में अब सहायक अध्यापक के नाम से जाने जाते हैं उनका समय-समय पर झारखंड में राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया। आज सहायक अध्यापक सरकारी शिक्षक के साथ कंधे से कंधा मिलाकर न्यूनतम

मानदेय पर समानांतर काम करते आए हैं यह डगर सहायक अध्यापक के लिए कांटे का रहा है। 20 वर्ष तक काम करने के बाद भी झारखंड सरकार के द्वारा सहायक अध्यापक के लिए समान काम के लिए समान वेतन संबंधी नियमावली नहीं बनाई गई। आज सहायक अध्यापक सरकारी विद्यालय में प्रधानाध्यापक के रूप में कुशल शिक्षक के रूप में जनगणना कर्मी के रूप में मतगणना कर्मी के रूप में कोरोना कल में मजिस्ट्रेट की भूमिका निभा चुके हैं ।लेकिन इतना कम मानदेय में उनके परिवार का भरण पोषण कैसे होगा आज तक झारखंड की किसी सरकार ने नहीं सोचा। आज इसी कमी को पूरा करने के लिए संघ जहां-तहां सहायक अध्यापक को दुख की घड़ी में मदद करने का काम किया है हम लोगों के बीच में बहुत सहायक अध्यापक सेवानिवृत हो गए। कितने सहायक अध्यापक परिवार को छोड़कर भगवान के प्यारे हो गए उनके परिवार से मिलने के बाद लगता है कि उनके ऊपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। जब सरकारी विद्यालय में शिक्षा से संबंधित काम करते रहे इस क्रम में सहायक अध्यापकों को सम्मानजनक मानदेय नहीं मिला तथा सेवानिवृत्ति के बाद भी एक भी रुपए राशि नहीं मिली जिससे कि वह आगे अपने जीवन को व्यवसाय के रूप में खड़ा कर सके। आज जो सहायक अध्यापक सेवानिवृत हो चुके हैं उन्हें डर-डर की ठोकरे खानी पड़ रही है जिनकी मृत्यु हो गई है परिवार का दुख का पहाड़ टूट पड़ा हैश्री सिंह के अनुसार वर्तमान में झारखंड सरकार से विनती करता हूं कि 20 वर्ष जो सहायक अध्यापक अपनी उम्र को समाप्त कर चुके हैं उन्हें सेवा निवृत्ति के बाद एक मुश्त राशि मिले तथा मृतक परिवार को एक नौकरी मिले इससे संबंधित नियमावली को जल्द से जल्द लागू किया जाए ताकि जो सहायक अध्यापक आपके बीच में है उनका कल्याण हो सके। मौके पर टेट पास सहायक अध्यापक के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय ने कहा की सरकार को मृत सहायक अध्यापक के एक परिवार को नौकरी दे। जिला अध्यक्ष ऋषि कांत तिवारी ने कहा की सरकार को मृत सहायक अध्यापक के प्रति सहानुभूति पूर्वक विचार करना चहिए। मौके पर विमलेश कुमार सिंह सुनील कुमार पांडे विवेक कुमार सूरत राम पप्पू सिंह प्रभु राम मनीष सिंह ,श्याम कुमार विवेक कुमार सहित सैकड़ो पारा शिक्षक उपस्थित थे।

विधायक प्रतिनिधी शिवकुमार सिंह ने पीसीसी पथ निर्माण का किया शिलान्यास

चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के थान टोला में पीसीसी पथ निर्माण का विधायक के प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा के विधायक आलोक कुमार चौरसिया के विधायक मद से पीसीसी पथ निर्माण का शीलान्यास हुआ । मौके पर पीसीसी सड़क निर्माण को लेकर जानकारी देते हुए विधायक आलोक कुमार चौरसिया के प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह ने कहा कि सड़क एक बहुत ही जरूरी योजना के नाम से जानने वाली योजना है। इस सड़क का निर्माण हो जाने से गांव के लोगो को जो परेशानियां होती थी वह परेशानियों से गांव के ग्रामीणों को निजात दिलाना ही हमारी प्राथमिकता है। यह निर्माण थान टोला के बरगद पेड़ से तीनखोरिया मोड़ तक पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया।इसकी लागत लगभग चार लाख रुपये होगी। इस दौरान उन्होंने पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास करते हुए कहा कि गांव की सड़क निर्माण से गांव का विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण को लेकर इस स्थान में रहने वाले ग्रामीणों से सहमति ली गई।इससे इस सड़क निर्माण के हो जाने से सड़क पर चलने वाले ग्रामीणों को सुविधा होगी।

पूरे झारखण्ड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने सहित 18 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा कार्यकर्ताओ ने अनुमंडल कार्यालय के समक्ष दिया एक दिवसीय धरना

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पूरे झारखण्ड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर बड़े पैमाने पर राहत कार्य चलाने सहित 18 सूत्री मांगों को लेकर अनुमंडल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। धरना के बाद मुख्यमंत्री के नाम लिखे 18 सूत्री मांगपत्र सौपा। धरना पर बैठे कार्यकर्ता सुखाड़ क्षेत्र घोषित करो, आदिवासियों खतियानी भूमि मुक्त कराओ, वनाधिकार कानून लागू करो,वर्षो से जंगल की जमीन पर जोत कोड करने वालों को वन पट्टा दो, राहत कार्य चालू करो आदि नारे लगा रहे थे। धरना को संबोधित करते हुये भाकपा के कार्यकारी जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला ने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश मे महंगाई चरम पर है। महंगाई की मार से जनता त्रस्त है। दूसरी तरफ लगातार दो वर्षो से झारखण्ड में सुखाड़ होने से किसान व आम

जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने देश को कर्ज में डूबा दिया। जब केंद्र मे भाजपा की सरकार बनी थी तो देश पर 55 लाख करोड़ कर्ज था लेकिन आज यह कर्ज बढ़कर 150 लाख करोड़ हो गया.उन्होंने कहा कि सरकार अपने पूंजीपति मित्रो के पक्ष में कार्य कर रही है.उन्होंने कहा कि इस सुखाड़ की स्थिति में भी गरीबो को मिलनेवाला राशन दो से पांच से नही मिला, जिससे गरीबो के समक्ष भुखमरी की स्थिति उतपन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि यदि गरीबो को बकाया राशन का भुगतान जल्द नही किया गया तो भाकपा उग्र आंदोलन के लिये बाध्य होगी.धरना को अंचल सचिव गोपाल यादव व राजकुमार भुइयां ने भी सम्बोधित किया. मुख्यमंत्री के नाम अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपे गये मांगपत्र में रमना प्रखंड के सुनील मुखर्जी नगर कोरगा के किसान गैरमजरूआ मालिक भूमि पर वर्षो से जोत कोड कर रहे है, जिसपर भूतपूर्व सामन्तो ने चालाकी से अपने लोगो के नाम बन्दोबस्त कराकर उक्त भूमि को बकाश्त बना दिया। इस मामले की जांच कराकर उस पर काबिज लोगो के हितों की हिफाजत करने, जंगीपुर के आदिवासियों की खतियानी भूमि के कागजात बनवाकर उस पर बने मकान व बाउंड्री बना लिया गया,उसे मुक्त कराने, कोइन्दी, कधवन, भैंसवेडवा, भोजपुर, झुमरी सहित कई गांवों के राशनकार्ड धारियों को विगत दो से 5 माह तक का राशन नही मिला हैइसकी जांच कराकर राशन दिलाने,भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को लागू करने, गैरमजरूआ भूमि बैंक को रद्द करने, वनाधिकार कानून 2006 को लागू कर वनाधिकार कानून संशोधन बिल को रद्द करने, 60 वर्ष से ऊपर के किसानों को दस हजार रुपये मासिक पेंशन देने,आवास व पशु शेड की जांच कराकर लाभुकों को बकाया राशि देने सहित अन्य मांगे शामिल है। धरना में मोती राम, गोपाल यादव, राजकुमार भुइयां, रामनाथ उरांव, विद्या पासवान, बेबी देवी, कुमारी देवी, मनोरमा देवी सहित बड़ी संख्या में भाकपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नौरंगी पाल ने किया।

कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा व रासलीला का होगा भव्य आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : श्री बंशीधर नगर में प्रसिद्ध बंशीधर मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं रात्रि में रासलीला का भव्य आयोजन गुरुवार से श्री बंशीधर मंदिर के समीप पर खलिहान में किया गया है। भागवत कथा का उद्घाटन नगर ऊंटरी अनुमंडलीय न्यायालय के एडीजे मनोज त्रिपाठी, अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार एवं पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। भागवत कथा प्रवचन वृंदावन से पधारे आचार्य योगेश जी महाराज द्वारा किया जा रहा है। कथा का कार्यक्रम दोपहर 2ः30 बजे से लेकर शाम 6ः00 बजे तक तथा वृंदावन से आए रासलीला मंडली द्वारा शाम 7:30 से रात्रि 11:30

बजे तक किया गया है। उद्घाटन से पूर्व श्री बंशीधर मंदिर से एक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव ने श्रीमद् भागवत महापुराण अपने मस्तक पर लेकर शोभायात्रा में आगे-आगे चल रहे थे शोभायात्रा मंदिर से निकलकर सूर्य मंदिर होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंचा जहां वैदिक मंत्र कर के साथ भागवत महापुराण की विधिवत पूजा अर्चना की गई।भागवत कथा एवं रासलीला कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अनुमंडलीय न्यायालय के एडीजे मनोज त्रिपाठी ने कहा कि श्री बंशीधर मंदिर में विराजमान श्री बंशीधर भगवान की अलौकिक व अद्वितीय प्रतिमा पूरे विश्व में नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि कृष्ण धाम में पदस्थापित हूँ। उन्होंने कहा कि आप सभी एक सप्ताह तक भागवत कथा का रसपान करें। एसडीओ आलोक कुमार ने कहा कि भगवान श्री बंशीधर की प्रतिमा ही नहीं बल्कि यह मंदिर ही पूरे विश्व में अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि कहीं भी पहले मंदिर का निर्माण होता है उसके बाद भगवान की प्रतिमा स्थापित होती है लेकिन श्री बंशीधर मंदिर में पहले भगवान विराजमान हुए हैं। उसके बाद मंदिर का निर्माण कराया गया है। आलोक कुमार ने कहा कि बंशीधर नगर के लोग बहुत भाग्यशाली है कि जहां भगवान श्री बंशीधर जी साक्षात विराजमान है वहां के सभी नागरिक कन्हैयालाल है।मौके पर बंशीधर मंदिर के प्रधान पुजारी बृजकिशोर तिवारी, पंडित सत्यनारायण मिश्रा, डॉ शशिकांत शुक्ला, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर, उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, प्रतिष्ठित व्यवसाई रामप्रसाद कमलापुरी, धीरेंद्र चौबे, मुक्तेश्वर पांडे, वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, मिक्की जायसवाल, मनीष जायसवाल, मनदीप प्रसाद कमलापुरी, सुजीत लाल अग्रवाल, सुरेश विश्वकर्मा, नंदू प्रसाद, अनूप निराला, विकाश कमलापुरी, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

चलती बाइक में लगी आग, बाल- बाल बचे दो लोग

रांची : सदर थाना क्षेत्र के इमाम कोठी के समीप सड़क पर चलती बाइक में अचानक आग लग गई। हालांकि घटना में दो बाइक सवार बाल बाल बच गए। घटना गुरुवार देर रात की है। जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट से पल्सर 200 सीसी बाइक में अचानक आग से बाइक जलकर खाक हो गया। इसमें बाइक सवार दोनों भाई बाल-बाल बच गये।बताया जा रहा है कि छोटा मुरी (सिल्ली) निवासी करण मुंडा और देव मुंडा (दोनों भाई) बाइक से बूटी मोड़ से कोकर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट से बाइक में आग लग गयी। घटना के बाद आग पर काबू पाने के लिए दोनों भाई और स्थानीय लोग ने कोशिश की, लेकिन बाइक के टंकी में पेट्रोल होने से गाड़ी में आग तेजी से फैल गयी। बाइक जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सदर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन पुलिस के पहुंचने तक बाइक जलकर राख हो चुकी थी।

झाप्रसे के अधिकारी पर होगी विभागीय कार्रवाई

रांची : झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विनय कुमार सुमन पर विभागीय कार्रवाई चलाने का निर्णय लिया गया है। उनके ऊपर जामा बीडीओ के पद पर रहते पंचायत स्तर की योजनाओं का प्रखंड स्तर का एफटीओ कराने, बिना कार्य हुए 9,73,500.00 रुपये की राशि पंचायत एवं प्रखंड से निकासी करने, मनरेगा एक्ट का उल्लंघन करने और भ्रष्टाचार में शामिल रहने सहित कई आरोप हैं। दुमका उपायुक्त ने 24 मई, 2018 को आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इसकी जांच कराई गयी, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सत्य पाया गया। इसके बाद विभागीय कार्रवाई का फैसला लिया गया है। कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

ओरमांझी हत्याकांड में 9 गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। ओरमांझी थाना अन्तर्गत ग्राम झींझी टोला गुंजा(ग्राम देवनजडा) में मृतक झामेश्वर बेदिया, उम्र- करीब 42 वर्ष तथा उसकी दो पत्नियां सरिता देवी, उम्र 39 वर्ष तथा संजू देवी, उम्र 30 वर्ष की हत्या लाठी-डंडे, कुदाल, दबली तत्काल घटनास्थल पहुंची जहाँ मृतक झामेश्वर बेदिया के घर में उपरोक्त तीनों व्यक्तियों का मृत शरीर । उनके घर से बरामद किया गया साथ ही घटनास्थल से घटना में प्रयोग किया गया 1- दाबली, 2- कुदाल, 3 चापड़ बरामद किया गया ।इस घटना के संबंध में मृतक झामेश्वर बेदिया के भतीजे सतराज बेदिया ने थाना में लिखित प्रतिवेदन दिया कि 31अगस्त 23 को उसके गाँव के ही गोतिया लोग 1- सहजनाथ बेदिया. पिता राजो करीब 11ः00 बजे देवी, पति सहजनाथ बेदिया, 3- संजीत बेदिया, पिता स्व0 जागेश्वर बेदिया, 4- रंजीत बेदिया. पिता धानी बेदिया, 5- हेमन्त बेदिया, पिता सहजनाथ बेदिया, 6- महेन्द्र बेदिया, पिता स्व0 सोमनाथ बेदिया, 7- पंचित बेदिया,

पिता धनौ बेदिया, 8- सुकरा मुण्डा, पिता धौरपाल मुण्डा, 9- कामेश्वर बेदिया. पिता जयलाल बेदिया, 10- अनुज बेदिया, पिता सहजनाथ बेदिया, 11- सुरेन्द्र बेदिया, पिता जयलाल बेदिया तथा अन्य चार-पाँच अज्ञात व्यक्तियों ने हरवे हथियार से लैस होकर इसके चाचा मृतक झामेश्वर बेदिया तथा उनकी दो पत्नी क्रमशः सरिता देवी तथा संजू देवी को लाठी-डंडे, कुदाल, चापड एव दाबली से मार-पीट करके लहू-लुहान कर दिये थे, जिसे देखकर ये खुद चाचा-चाची को बचाने का प्रयास किये तो उपरोक्त व्यक्तियों ने इनपर भी हमला किया जिसपर ये जख्मी हो गये तथा किसी तरह ये जान बचाकर जंगल में भाग गये। जब कुछ देर बाद सभी लोग घटनास्थल से चले गये तो ये अपने चाचा के घर में आये तो देखें कि उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा बेरहमी से मार-पीट कर इनके चाचा तथा दोनों चाची की हत्या कर दिया गया है। तीनों व्यक्तियों का शव घटनास्थल पर खून से लतपथ पड़ा हुआ था । इस काण्ड के वादी संतराज बेदिया ने बताया कि करीब दो सप्ताह पहले इनके चाचा (मृतक झामेश्वर बेदिया) का पाला हुआ सुअर सहजनाथ बेदिया तथा उसके पड़ोसी लोगों के खेतों में जाकर धान का फसल बरदाद कर दिया था। इस बात को लेकर इसके चाचा झामेश्वर बेदिया का उपरोक्त अभियुक्तगणों के साथ लड़ाई-झगड़ा हुआ था तथा आपस में तनाव चल रहा था। इसी बीच अभियुक्त पक्ष के महेन्द्र बेदिया इसके चाचा झामेश्वर बेदिया तथा उनकी पत्नीयों ने उपरोक्त सभी अभियुक्तगण इनके चाचा के घर आकर इनके चाचा तथा इनकी दोनों चाची का हत्या कर मार पीट कर सर फोड़ दिया था इसी बात का बदला लेने के लिए कर दिया । इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया ।

अनुसंधान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राँची के द्वारा पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली राँची के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के अन्दर इस काण्ड में शामिल उपरोक्त ग्यारह व्यक्तियों में से नौ व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई कि जा रही है।

हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा समिति 2023 की वार्षिक बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : रांची की सबसे पुरानी हटिया स्टेशन दुर्गा पूजा समिति 2023 की वार्षिक बैठक दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस हटिया शाखा में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2022 के आय व्यय का ब्यौरा वर्ष 2023- 24 हेतु नए कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया गया। इस वर्ष समिति का 59 वा साल है एव धूम धाम से पूजा आयोजन करने का निर्णय हुआ है।

समिति इस प्रकार है

संस्थापक- स्व. रणविजय कुमार सिंहमुख्य संरक्षक- बिनु सिंह, मनोज पांडेय, अजय सिंह, अजयनाथ शाहदेव,बिनय सिन्हा दीपू,सोभा यादव, सतीश सिंह,मधुकर सिंह, प्रकाश सिंह चटनी,अर्चित आनंद (अनु), अंजनी सिंह, संजय सिंह, संजू चौबे मुख्य संयोजक- सीके सिंह, आरएन यादव,आरएन मेहता संरक्षक : नित्यालाल कुमार,अरुण सिंह, मनोज राय, टी चटोराज, जगजीत सिंह, विल्सन.

बी.कुमार,अभय शंकर सिंह अध्यक्षः नंदन यादव सचिव : इंदरजीत सिंहसह सचिव- सौरभ पांडेय(गोलू) कार्यकारी अध्यक्ष : अरुण बाउरी, रजनीश सिंह कोषाध्यक्षः सोमनाथ बाउरी वरीय उपाध्यक्षः काली सिंह, पुरुषोत्तम राठौर, संतोष यादव, विश्वजीत सिंह, सौरव सिंह, चंदन यादव, विशाल पांडेय, रितेश कुमार, दीपक राम, भोला यादव, राजू ठाकुर, मुकुल प्रसाद सह कोषाध्यक्ष डू चंदन कुमार,अभिषेक सिंह,अभिषेक कुमार (सुमित), उपाध्यक्ष - बिसु सिंह,प्रभात चौबे, बिट्टू यादव, अभिजीत बाउरी,जीतू सिंह, बैजनाथ मंडल, बबलू कुमार, रंजन कुमार,कुंदन दीक्षित, आकाश रजवार,आयुष सिंह (बंटू), अमन यादव, आकाश बाबा, , प्रणव सिंह, अमित पांडेय, बबलू यादव,शिव कुमार,पंकज हेला पंडाल सेक्शन- अरुण सिंह,अविनाश कुमार, गौतम बाउरी, गौतम हिनू, सुजय, रवि यादव, सुलेंडर शर्मा, सौम्या गायन, राहुल गोंड, रवि शर्मा,अभिषेक चत्तराज,नवदीप कुमार, पी.शिवा राव, श्रीकांत चित्रा,राहुल महतो, रोहित शर्मा, प्रखर शर्मा,विवेक कुमार, रोशन कुमारभोग विभाग - अभिषेक (बिछू), सुनील सिंह, सपन चैटर्जी, आलोक चौधरी, पवन चौधरी, सुनील कुमार, आनंद शंकर, मुनील कुमार, रोहित रंजन, आरए कुशवाहा, बन्देश्वर महतो, चंदन सिंह, मनोज कुमार, अभिषेक राज महामंत्रीःसुनील साई, शांतनु लाल यादव, संजय मुर्मू, किशु यादव, नंद किशोर, रोहित महतो, हर्ष, शुभम यादव, नवीन, सोनू, सुमित, रोहित राय।

मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीसी ने की बैठक

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज दिनांक 01 सितंबर 2023 को Rationalization of Polling station को लेकर बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में जिला अंतर्गत सभी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों के रैशनलाइजेशन, नाम परिवर्तन, मतदान केंद्र भवन/स्थल परिवर्तन को लेकर विचार विमर्श करते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव आमंत्रित किये गए। उपायुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सुझाव से राज्य निर्वाचन आयोग को अवगत कराया जाएगा।

बैठक में विधानसभा क्षेत्र 58-तमाड़, 61-सिल्ली, 62-खिजरी, 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके और 66-मांडर में मतदान केंद्रों के रैशनलाइजेशन, मतदान केंद्र के नाम परिवर्तन, मतदान केंद्र भवन/स्थल परिवर्तन को लेकर विचार विमर्श किया गया।

आईएएस छवि रंजन सहित दस के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : जमीन की अवैध खरीद मामले में ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, प्रेमप्रकाश सहित दस आरोपितों के खिलाफ शुक्रवार को आरोप पत्र दाखिल किया गया। आरोपितों में राजेश राय, भरत प्रसाद, इम्तियाज अहमद, अफसर अली, मोहम्मद सद्दाम, लखन सिंह, प्रवीण भार्गव भी हैं। उल्लेखनीय है कि ईडी ने विष्णु अग्रवाल को पूछताछ के बाद बीते 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था जबकि पूर्व डीसी छवि रंजन को चार मई और अन्य लोगों को बीते 14 अप्रैल को

गिरफ्तार किया गया था। ईडी की जांच में पता चला था कि राजेश राय एवं भरत प्रसाद ने गलत तरीके से चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन पर कब्जा किया था। उक्त जमीन का खाता नंबर 37, प्लॉट नंबर 28 है।विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। ईडी ने जांच में पाया कि कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था। इसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था। बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद-बिक्री की गई थी। ईडी ने राजेश राय और उससे पावर ऑफ अटॉर्नी लेने वाले भरत प्रसाद से पूछताछ की थी। राजेश राय ने ही पुनीत भार्गव को चेशायर होम रोड की जमीन बेची थी। प्रेम प्रकाश के करीबी पुनीत भार्गव ने इस जमीन में करोड़ों रुपये का निवेश किया है।

ईडी ने अटैच की 161.64 करोड़ की संपति

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को रांची जमीन घोटाला मामले में 161.64 करोड़ रुपये की संपति अटैच की है। इस दौरान रांची में चेशायर होम रोड, पुगरू और सिरमटोली में 161.64 करोड़ रुपये कीमत की तीन भूखंड को ईडी ने अटैच किया है।ईडी की ओर से बताया गया कि भू-राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से भू-माफियाओं के पक्ष में फर्जी तरीके से इन तीनों भू-खंडों का म्यूटेशन किया गया है। ईडी ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्रदीप बागची, विष्णु कुमार अग्रवाल, भानु प्रताप प्रसाद और अन्य के खिलाफ झारखंड पुलिस और पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज कई एफआईआर के आधार पर तीनों भूमि घोटाले मामलों में जांच शुरू की थी।ईडी की जांच में पता चला है कि झारखंड में माफिया द्वारा अवैध तरीके से जमीन का मालिकाना हक बदलने का बड़ा गोरखधंधा चल रहा है। ये आपराधिक तत्व कोलकाता और रांची में विरासती रिकॉर्ड बनाने का काम करते थे। जमीन घोटाले मामले में ईडी ने अब तक 14 आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

इनमें प्रदीप बागची, अफसर अली, सद्दाम हुसैन, इम्तियाज अहमद, तल्हा खान, फैयाज खान, भानु प्रताप प्रसाद, छवि रंजन, आईएएस (पूर्व डीसी रांची), दिलीप कुमार घोष, अमित कुमार अग्रवाल, विष्णु कुमार अग्रवाल, राजेश राय, भरत प्रसाद और प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया गया है, और फिलहाल वे न्यायिक हिरासत में हैं।

टीम खिदमत और कुतुब ने तेज किया चुनाव प्रचार, मतदान कल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी का चुनाव 3 सितंबर को सुबह 8ः00 बजे से शुरू होगा। वहीं मतगणना भी पांच बजे के बाद से शुरू हो जाएगा। संभवत मगरिब बाद तक चुनाव का परिणाम आ जाएगा। 138 मतदाताओं के बीच 39 उम्मीदवार मैदान पर हैं। इसमें मुख्य रूप से टीम कुतुब और टीम खिदमत दोनों आमने-सामने है। सबकी निगाहें इन दो टीमों के उम्मीदवारों पर टिकी हुई है। दोनों टीमें अपने-अपने उम्मीदवारों को भरोसा और विश्वास दिला रहा है कि वह बेहतर काम करके दिखाएंगे। अब देखना यह होगा कि दोनों टीमों में से किस टीम से कितने कितने उम्मीदवार चुनकर दरगाह कमेटी की सेवा करने पहुंचेंगे, इसका फैसला रविवार को होगा। टीम कुतुब के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुहेल अख्तर गब्बर हैं और टीम खिदमत से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार हैं अयूब गद्दी तो वहीं तीसरे मोर्चे के तौर पर निर्दलीय उम्मीदवार अतिकुर रहमान हैं जो अध्यक्ष के पद पर हैं और तीनों गद्दी समाज से आते हैं। वहीं सचिव पद पर में फारुख हैं और पहले भी इस पद रह चुके हैं और इन्हें टक्कर देंगे सचिव पद के उम्मीदवार जावेद अनवर नया चेहरा।

उपाध्यक्ष उम्मीदवार पद पर हाजी जाकिर, रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, हाजी मोख्तार कुरैशी हैं। संयुक्त सचिव पद के लिए सुहैब, अली अहमद दोनों को टक्कर देंगे मो सादिक और जुल्फेकार अली भुट्टो। कोषाध्यक्ष में जैनुल अबैदीन उर्फ राज,कपिल गद्दी शामिल हैं।

कार्यकारिणी उम्मीदवारों में- सरफराज गद्दी उर्फ संपा,अनीश गद्दी,समसुल होदा, आफताब आलम,मो रिजवान राजा, अब्दुल खालिक,एजाज गद्दी,मो नज्जू,सनी अख्तर सहित आसिफ नईम, मोहम्मद गुलाम ख्वाजा, शाहिद आलम, साजिद उमर, मोहम्मद शहजाद बबलू, नसीम उल हक, महबूब हुसैन, शादाब अहमद आदि।

सेवानिवृत्ति पर भावभीनी दी गई विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सीसीएल से मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल 6 कर्मी - सर्वश्री डॉ. एस.डी.सी.पी सतपति, सीएमओ, केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर; आर.के. मनिकम, अधीनस्थ अभियंता, वेलफेयर एंड सर्विसेस विभाग; राम जग तिवारी, अधीनस्थ अभियंता, नगर-प्रशासन विभाग; जिन्दर पाल पुनियानी, लेखापाल-ए1, पे रोल विभाग; सुबीर कुमार नियोगी, लेखापाल-ए1, विक्रय एवं विपणन विभाग एवं केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर से सुरेंद्र मांझी, कार्यालय अधीक्षक, ग्रेड ड्रू को सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में ''सम्मान समारोह'' का आयोजन कर उनके सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। अगस्त माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 67 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें आज ससम्मान विदाई दी गई।इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म 'सम्मान समारोह' के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी हमारे पूरे सेवा काल में जीवन का एक अभिन्न अंग रही है। उन्होंने कंपनी की उत्तरोत्तर विकास की कामना की। निदेशक , बी. साईराम ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत्त कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि हर कर्मी के जीवन में यह एक भावुक क्षण होता है। आज सभी एक सफर को सफलता पूर्वक पूरा करके दूसरे सफर की शुरुआत कर रहे हैं। कंपनी को नई ऊँचाई देने में आप सब का सार्थक प्रयास अनुकरणीय है। साईराम ने सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएं देते हुए, उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंधक केया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों एवं अन्य सम्बंधित विभागों का विशेष योगदान रहा।

पुलिस मुख्यालय ने सैप के 907 पदाधिकारियों-कर्मियों के अनुबंध समाप्त करने के आदेश को किया स्थगित

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड हाई कोर्ट के पारित आदेश के आलोक में पुलिस मुख्यालय ने शुक्रवार को सैप के दोनों वाहिनी के 907 कर्मियों के अनुबंध को समाप्त करने वाला आदेश स्थगित कर दिया है। राज्य सरकार ने 27 अगस्त को सैप एक और दो में कार्यरत 907 कर्मियों की सेवा 31 अगस्त से समाप्त कर दी थी। सैप-1 वाहिनी टाटीसिलवे रांची और सैप-2 वाहिनी हलुदबनी जमशेदपुर में अनुबंध के आधार पर नियुक्त सैप के 907 पदाधिकारियों और कर्मियों के नाम से जारी किए गए हथियार, गोली और पहचान पत्र को जमा करते हुए अनुबंध समाप्त करते हुए पुलिस मुख्यालय को अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया था। राज्य सरकार के इस आदेश को प्रार्थी चमरा भेंगरा ने हाई कोर्ट में चुनौती दी। इस पर जस्टिस डीएन पाठक ने पुलिस मुख्यालय के आदेश के क्रियान्वयन पर अगले आदेश तक रोक लगा दिया।

ट्रैफिक ब्लॉक की वजह से चक्रधरपुर मंडल में ट्रेन रद्द

रांची : चक्रधरपुर मंडल के कांड्रा -कुनकी रेलखंड के अंतर्गत विकास कार्य को लेकर ट्रैफिक ब्लॉक लिया जायेगा। शुक्रवार को रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार इस कारण ट्रेन संख्या 18601/18602 टाटानगर-हटिया-टाटानगर एक्सप्रेस ट्रेन, 08152/08151 बरकाकाना-टाटानगर-बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल ट्रेन तीन सितंबर को रद्द रहेगी। इसके अलावा 18101 टाटानगर-जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन तीन सितंबर को अपने तय प्रस्थान समय के स्थान पर एक घंटे विलंब से प्रस्थान करेगी।

अनिमेष जैन ने एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग के मुख्य महाप्रबंधक का पदभार संभाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख अनिमेष जैन ने 1 सितंबर, 2023 से एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) का पद ग्रहण किया है। वह एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग के प्रमुख होंगे और झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित सभी कोयला खनन परियोजनाओं और रांची में कोयला खनन मुख्यालय की देखभाल करेंगे। अपनी वर्तमान पोस्टिंग से पहले जैन चट्टी बरियातू कोयला खनन में परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यरत थे ।32 वर्षों से अधिक के अपने शानदार करियर में जैन का सूचना और प्रौद्योगिकी, सीएमडी और निदेशक (तकनीकी) सचिवालय, ईआरपी, कॉर्पोरेट योजना, कोयला खनन आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान है। उन्होंने व्यवसाय के क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर काम किया है। भारत और विदेश दोनों में विकास, विलय और अधिग्रहण, जोखिम प्रबंधन, रणनीतिक प्रबंधन, कॉर्पोरेट मामले शामिल है।जैन ने 2020-21 में बांग्लादेश इंडिया फ्रेंडशिप पावर कंपनी लिमिटेड (बीआईएफपीसीएल) के प्रबंध निदेशक के रूप में भी कार्य किया और आज तक बोर्ड के सदस्य बने हुए हैं। बीआईएफपीसीएल में प्रबंध निदेशक की भूमिका संभालने से पहले, वह म्यांमार में एनटीपीसी लिमिटेड के संचालन की स्थापना के लिए जिम्मेदार थे। म्यांमार में एनटीपीसी लिमिटेड के कंट्री हेड होने के अलावा, उन्होंने अंतर-सरकारी समितियों में सदस्य के रूप में बिम्सटेक क्षेत्र के लिए बिजली क्षेत्र की पहल में योगदान दिया। उन्होंने एनईएसएसीएल के सीईओ के रूप में भी कार्य किया, और दो वर्षों से अधिक समय तक त्रिंकोमाली पावर कंपनी लिमिटेड (सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड और एनटीपीसी लिमिटेड का एक संयुक्त उद्यम) और टीईएलके के बोर्ड में निदेशक रहे हैं। विश्व ऊर्जा परिषद भारत के कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी जिम्मेदारी में, 2021 से 2023 तक उन्होंने भारत और विश्व स्तर पर चल रहे ऊर्जा परिवर्तन सहित बिजली क्षेत्र का एक समग्र दृष्टिकोण विकसित किया है । अपनी टीम के सशक्तिकरण में दृढ़ विश्वास रखने वाले, जैन उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हैं। उनकी सफलता का मंत्र है सावधानीपूर्वक योजना और दोषरहित क्रियान्वयन। बिजली उत्पादन और खनन क्षेत्र के अनुभवी अनिमेष जैन अपने साथ समृद्ध अनुभव के साथ-साथ गतिशील नेतृत्व गुण भी लेकर आते हैं ।

संजय सेठ की पहल पर तीरंदाज दीप्ति को मिला 5 लाख का धनुष

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। कभी राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी में अपनी गहरी छाप छोड़ने वाली दीप्ति कुमारी को अंततः आज सांसद संजय सेठ की पहल पर 5 लाख का धनुष मिल गया। लगभग एक वर्ष पूर्व तीरंदाजी के एक अभ्यास के क्रम में दीप्ति का धनुष टूट गया था। दीप्ति का वह धनुष इनकी मां ने 7 लाख रुपए कर्ज लेकर खरीदा था। आर्थिक अभाव को देखते हुए दीप्ति ने अरगोड़ा चौक पर चाय बेचना शुरू किया। अपनी पूरी समस्या को दीप्ति ने सांसद संजय सेठ से मिलकर बताया। सांसद ने इस पर गंभीरता पूर्वक पहल की और केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी जी से बात की। सांसद ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया की बिटिया को धनुष दिया जाए ताकि राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिटिया और बेहतर तरीके से अपना प्रदर्शन कर सके।

इससे पूर्व दीप्ति ने राष्ट्रीय स्तर पर 12 गोल्ड, 7 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीते। वर्तमान समय में दीप्ति तीरंदाजी का अभ्यास भी कर रही है। धनुष के अभाव में दीप्ति का अभ्यास बहुत बुरी तरह से प्रभावित

हुआ। सांसद की पहल पर सीसीएल ने अपने सीएसआर मद से दीप्ति को 5 लाख की कीमत का धनुष प्रदान किया। आज वह धनुष सांसद श्री सेठ ने दीप्ति कुमारी को सौंपा। दीप्ति ने सांसद की तारीफ करते हुए कहा कि सांसद महोदय की तरफ से उन्हें रक्षाबंधन का उपहार मिल गया। उन्होंने सोचा भी नहीं था कि कोई आकर उन्हें 5 लाख रुपए का धनुष दिलवा देगा परंतु अब सांसद महोदय ने धनुष के साथ हौसला भी दिया है। एक बार फिर से वह तीरंदाजी के क्षेत्र में देश और दुनिया में झारखंड का नाम रोशन करेंगी।

सांसद संजय सेठ ने कहा कि दीप्ति की प्रतिभा, पूर्व के प्रदर्शन और जरूरत को देखते हुए उन्होंने उसे 5 लाख का यह धनुष दिलवाया है। उन्हें विश्वास है कि तीरंदाजी के क्षेत्र में दीप्ति उम्दा प्रदर्शन करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद खेल और खिलाड़ियों को लेकर सदैव ही चिंतित रहते हैं। इनका प्रदर्शन बेहतर हो इसके लिए खुद से खिलाड़ियों से संवाद करते हैं। इनका हौसला बढ़ाते हैं। निश्चित रूप से दीप्ति भी तीरंदाजी के क्षेत्र का वह तारा बनेगी, जो हर बाधाओं को तोड़कर, झारखंड का नाम विश्व पटल पर रोशन करेगी। सांसद ने दीप्ति को बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।

डुमरी की जनता ने परिवर्तन का मन बनाया : बाबूलाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : डुमरी उप चुनाव में एनडीए का प्रचार अभियान जोर-शोर से चल रहा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा को बीच में रोककर प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। सभी छह मंडलों में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद अब गांव-गांव संपर्क अभियान पर पार्टी ने जोर लगाया है।

बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को सस्सारखों मंडल के दर्जनों गांवों का दौरा कर लोगों से एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मरांडी ने अपने संबोधनों में बार-बार पहले मतदान फिर जलपान का अनुरोध किया। मरांडी ने संपर्क अभियान की शुरुआत खरको मोड़ पर स्थापित झारखंड के अमर शहीद सिदो कान्हो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

जनसंपर्क अभियान में मरांडी ने जरीडीह, बाराडीह, खकसाया, करमा, बहियार, बरवाडीह सहित दर्जनों गांवों में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से जनता का आक्रोश हेमंत सरकार के खिलाफ झलक रहा उससे स्पष्ट हो गया है कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने हेमंत सरकार को सबक सिखाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि जनता आखिर झामुमो प्रत्याशी को क्यों वोट करे। हेमंत सोरेन की सरकार पैसे और परिवार के लिए सत्ता में बने रहना चाहती है।

उसे राज्य की गरीब जनता, बेरोजगारों, किसानों, बहन-बेटियों, आदिवासी दलित और पिछड़े किसी की चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी आंदोलन को बेचने का इनका पुराना इतिहास है।

बुढ़मू में स्क्रैप काटते दो धराएए, भेजे गए जेल

बुढ़मू(प्रभात मंत्र संवाददाता): पुलिस ने गुरुवार रात्रि थाना क्षेत्र के बैगी गांव से हाईटेंशन टावर का स्क्रैप चोरी करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया। गिरफ्तार चोरों में विकास गंझु बैगी मुरूपिरी व बिनोद मुंडा ओझासाडम शामिल हैं।

मांडर एनएच 75 पथ में सड़क दुर्घटना से चार लोग घायल, एक रेफर

मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता): एनएच 75 पथ शर्मा फर्नीचर के पास दो बाइक के बीच टक्कर हो जाने से चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोपारण तूरी टोला निवासी 20 वर्षीय अक्षय मुंडा अपनी पत्नी 20 वर्षीय रेणु मुंडा अपने बच्चे को हॉस्पिटल से दिखाकर मिशन के तरफ जा रहा था। तभी पीछे से तेज गति से आ रहे बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। टक्कर मारने वाले बाइक सवार 18 वर्षीय अजय लोहरा, 16 वर्षीय दीपक लोहार 17 वर्षीय रोशन लोहार सभी रातू थाना के मखमंदरो निवासी है। घटना दोपहर 12ः30 बजे का बताया जाता है। घायलों को मांडर रेफरल पहुंचाया गया प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए अजय लोहार को रिम्स रेफर किया गया।

बचरा में आज से प्रारंभ होगी श्रीमद् भागवत कथा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में आज से आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुरूआत कलश यात्रा के साथ होगी।आज सुबह 9 बजे मन्दिर प्रागंण से कलश

यात्रा निकाली जाएगी।यह कलश यात्रा पूरे इलाके का भ्रमण कर बचरा सपही नदी पहुंचकर कलश मे जल भरकर वापस यज्ञ स्थल में कलश की स्थापना की जाएगी।महायज्ञ को लेकर आयोजन समिति के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।महायज्ञ को लेकर बचरा चार नंबर खेल मैदान में भव्य पंडाल और स्टेज का निर्माण कराया गया है।वही यज्ञ स्थल से लेकर पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।आयोजन समिति के लोगों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालु भक्तों से कलश यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप में सेवानिवृत हवलदार को दी गई विदाई

पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता): इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप में

विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह की अध्यक्षता डीएसपी जितेंद्र कुमार ने किया।इस समारोह में आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैंप से सेवानिवृत हुए हवलदार शिवपूजन प्रसाद को सम्मान के साथ विदाई दी गई।समारोह में उनका स्वागत माला पहनकर किया गया,जबकि शॉल और श्रीफल देकर उन्हें सम्मानित किया गया।वहीं उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई।समारोह मे उपस्थित पुलिस अधिकारियों और जवानों ने उनके कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की और उनके उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना।डीएसपी जितेंद्र कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के साथ सेवानिवृत होना बहुत बड़ी बात है।सेवानिवृत हुए शिवपूजन प्रसाद ने पूरे ईमानदारी और निष्ठा के साथ पुलिस विभाग में अपना योगदान दिया।उनके योगदान को कभी भी बुलाया नहीं जा सकता है।इस मौके पर परेश मंराडी,सुजीत सिंह,शमशेर आलम,सुशील पाण्डेय,संजय यादव,राजेन्द्र उंराव,सुनील साहु,गोल्डेन चौबे,जितेन्द्र शुक्ला,शक्ति चौबे,राजीव रंजन,प्रदीप ठाकुर,राकेश कुमार,सुरैश प्रजापति सहित कई पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद थे।

सिल्ली कोचिंग एंट्रेंस टेस्ट कल

सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता): गूंज परिवार सिल्ली द्वारा संचालित निशुल्क कोचिंग सेंटर में नामांकन के लिए आगामी 3 सितंबर को द्वितीय एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन किया गया। पंजिकृत छात्र- छात्राओं की परीक्षा सिल्ली कॉलेज सिल्ली में पुर्वाह्न 11ः30 बजे से अपराह्न 1ः00 बजे तक ली जाएगी। एंट्रेंस टेस्ट से पुर्व विद्यार्थियों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। गूंज परिवार के अध्यक्ष सुनील सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि पिछली बार आयोजित एंट्रेंस टेस्ट में शामिल हो चुके विद्यार्थी इस टेस्ट में शामिल नहीं हो पाएंगे।

बदलाव संकल्प सभा कि सफलता हेतु बैठक

नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता): 17 सितंबर 2023 को ई ई एफ मैदान टाटीसिल्वे में आयोजित टाइगर जयराम महतो की बदलाव संकल्प सभा को सफल बनाने हेतु आज दिनांक 01 सितंबर 2023 को शाम- 4ः00 बजे लोला टावर बरटोली टाटी पूर्वी में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई । इसमे दूर - दराज से आने वाले स्वागत,पीने की पानी,बैठने कि व्यवस्था कार्यक्रम कि रूप रेखा इत्यादि पर विस्तार से चर्चा कि गया। इस बैठक मे मुख्य रूप से झारखंड आंदोलन कारी लखिन्दर महतो, सुमित महतो, देवेंद्र नाथ महतो इत्यादि ने भाग लिया।

स्वास्थ्य उपकेंद्र नवागढ़ के द्वारा मलेरिया जांच शिविर का हुआ आयोजन

सिकिदिरी(प्रभात मंत्र संवाददाता): स्वास्थ्य उपकेन्द्र नवागढ़ के द्वारा आज शुक्रवार के दिन नवागढ़ खक्सी टोली में निशुल्क मलेरिया जॉच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीपी एवं सुगर 30 लोगों का, एवं मलेरिया जॉच हेतु 56 लोगों का बल्ड चोंच की गई। जिसमें से दो लोगों का मलेरिया पॉजिटिव पाया गया। शिविर का सफल आयोजन में सीएचओ ललीता कुमारी, एवं सहयोगी के अलावा दिपेन्दर बेदिया आदि का अहम योगदान रहा।

शराबी पिता को पुत्र ने टांगी के बेत से मारकर किया हत्या

मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता): मांडर के पुनगी नयाटोली में तीन पत्नियों के शराबी पति के पुत्र ने ही तंग आकर टाँगी के बेत से मारकर हत्या कर दिया।ग्रामीणों के अनुसार घटना शुक्रवार दोपहर लगभग दो बजे की बताई जा रही है।मृतक एतवा उरांव की पत्नी अंगनी उरांव के अनुसार उसके पति ने तीन शादियां की थी।उसके अलावे अन्य दो पत्नियां चिंता उरांव तथा सुमारी उरांव उसके शराब पीकर मारपीट करने से तंग आकर अपने बच्चों को लेकर अपने मायके में रहने चली गई थीं।अंगनी अपने दो बच्चों के कारण मजबूरी में आये दिन शराबी पति की प्रताड़ना सहती आ रही थी।दोपहर में एतवा पुनः शराब के नशे में तलवार लेकर अपने बीबी बच्चों को काटने के लिए इधर उधर दौड़ा रहा था इसी दौरान उसके आशीष उरांव ने टाँगी के बेंट से पिता के सर पर वार कर दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।मांडर पुलिस को खबर मिलते ही थाना प्रभारी विनय कुमार यादव व एसआई प्रदीप चौबे दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच मामले की पूरी जानकारी लेते हुए शव का पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स राँची भेज दिया है और आशीष उरांव को अपने संरक्षण में ले लिया है।

सुविधा विहीन है अरबो का राजस्व कमाने वाला खलारी

पीने का शुद्ध पानी तक नहीं, यात्रियों को मिलता है खुले कुएं का पानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : अरबो रूपए का राजस्व कमाने वाला खलारी रेलवे स्टेशन सुविधा विहीन है.वित्तीय वर्ष 2022-23 में खलारी स्टेशन ने 8 अरब 31 करोड़ 8 लाख 76 हजार 574 रूपया कमाया.यह पिछले वित्तीय वर्ष से करीब 36 करोड़ रूपए अधिक है.लेकिन विडंबना है कि खलारी स्टेशन पर यात्रियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं तक नहीं हैं. प्लेटफार्म संख्या 1-2, व 3-4 पर कुल 12 नल तथा दो चापाकल हैं. लेकिन नलों को खुले कुएं का पानी आपूर्ति किया जाता है. झाड़ियों से घिरे उक्त कुएं का पानी पीने लायक नहीं है.परंतु यात्रियों को इसकी जानकारी नहीं है और रेलवे पर विश्वास कर वे इन्हीं नलों का पानी पी लेते है या बोतल में बंद कर रास्ते के लिए ले जाते हैं. खलारी रेलवे स्टेशन में कई वर्षों से पानी का किल्लत बरकरार है. अब तक किया गया कई डीप बोर फेल हो चुका है. जो बोर सफल हुआ उनसे रेलवे कालोनियों व रनिंग स्टाफ रूप को पानी दिया जाता है.विभागीय अभियंता बताते हैं कि डीप बोर से कम पानी मिल पाता है. प्राथमिकता के आधार पर रनिंग स्टाफ रूम को पानी दिया जाता है.रेलवे कालोनी को थोड़ बहुत पानी मिल जाता है. हालांकि कालोनी के लोग भी इसे नाकाफी बताते हैं.इसके अलावा प्लेटफार्म पर लगे सभी लाइट भी रात में आन नहीं किए जाते हैं. कई पोल पर तो लाइट ही

नहीं हैं. चारो प्लेटफार्म का वह हिस्सा जहां पक्कीकरण नहीं हो सका है वहां बरसाती घास उगे हैं, जहां सांप का डर बना रहता है. शेष प्लेटफार्म के साफ सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है.

प्लेटफार्म पर लगा आरओ वाटर फिल्टर सह चीलर हुआ बेकार

सीसीएल के एनके एरिया द्वारा सीएसआर के तहत पिछले दिनों यात्रियों के लिए एक आरओ वाटर फिल्टर सह चीलर मशीन उपलब्ध कराया गया था. रेलवे ने इसे प्लेटफार्म संख्या 1-2 पर लगाया. लोग खुश हुए कि अब स्वच्छ और ठंढा पानी मिल सकेगा. परंतु रेलकर्मियों और राज्य रेल पुलिस के रहते हुए मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया.दोनो नल खोल लिए गए. ठंढा पानी बेचने वालों को यह मशीन रास नहीं आ रहा था.

शौचालय के लिए स्टेशन मास्टर से लाना होगा चाभी

खलारी स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3-4 पर यात्रियों के लिए पांच शौचालय का निर्माण किया गया। दो पुरूष, दो महिला व एक विकलांग के लिए. लेकिन इन शौचालयों में ताला बंद रखा जाता है. शौचालय के दीवार से पोस्टर लगा हुआ है कि 'शौचालय की चाभी स्टशन मास्टर के पास है जिनको शौचालय उपयोग करने की आवश्यकता हो वे स्टेशन मास्टर से चाभी ले सकते हैं'. यह सूचना कहीं से भी तर्क संगत नहीं है.स्टेशन अधीक्षक जे सोरेन का कहना है कि क्या करें, यात्री शौचालय गंदा कर देते हैं.

आज तक नहीं बना प्रतीक्षालय

खलारी के यात्रियों के लिए आज भी प्रतीक्षालय की सुविधा नहीं है.रेलवे ने औपचारिकता निभाने के लिए टिकट काउंटर से सटा प्रतीक्षालय के लिए एक भवन तो बना दिया।

एल आई सी मांडर शाखा में बीमा सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

मांडर : भारतीय जीवन बीमा निगम का देश के प्रगति में बहुत बड़ा योगदान रहा है। अब भारत पहले जैसा देश नहीं रहा ,भारत विश्व की पांचवी इकोनामी बन चुका है । और बहुत जल्द ही तीसरी इकोनामी बन जाएगा। उक्त बातें रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ ने भारतीय जीवन बीमा निगम की 67वीं वर्षगांठ पर आयोजित खलारी शाखा मांडर में आयोजित बीमा सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में एलआईसी के खिलाफ कुछ दलों द्वारा बीमा धारकों के बीच भ्रम फैलाया गया जो बिल्कुल निराधार था। और फिर से एक बार भारतीय जीवन बीमा निगम एक नई ऊंचाई को छूने के लिए तैयार है। सांसद संजय सेठ ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द रांची में भारतीय जीवन बीमा निगम का मंडल कार्यालय खुलेगा। इस मामले को वे लोकसभा में भी उठा चुके हैं। इसके पूर्व मुख्य अतिथि के मांडर शाखा पहुंचने पर शाखा कर्मचारी व अभिकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व निगम गीत गाकर किया गया।

तबियत खराब होने से पिपरवार के कर्मचारी का हुआ निधन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार एरिया के सीएचपी/सीपीपी परियोजना मे कैटेगरी-एक के पद पर कार्यरत सीसीएल कर्मचारी सुरेश राम पिता स्व. गणेश राम की तबियत खराब होने से निधन हो गया।वह पिपरवार थाना क्षेत्र के ग्राम बिजैन का निवासी है।इस संबंध मे मृतक के परिजनो ने बताया कि ड्यूटी के दौरान अचानक उनके पेट में दर्द होने लगा,जिसके बाद उसे डकरा अस्पताल ले जाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रेफर कर दिया गया,जहां ईलाज के दौरान उनका निधन हो गया।इधर उनके परिजन सहित स्थानीय ग्रामीण उनके शव को लेकर सीएचपी/सीपीपी परियोजना कार्यालय पहुंचे और मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग करने लगे।वहीं सूचना पाकर कई सीसीएल अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली,जिसके बाद परियोजना कार्यालय में सीसीएल प्रबंधन और स्थानीय ग्रामीणों के बीच वार्ता हुई।वार्ता में मृतक के पुत्र को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने की मांग की गई,लेकिन मृतक के पुत्र का उम्र 18 वर्ष नही होने पर घंटो चर्चा की गई,जिसके बाद सर्वसम्मति से मृतक की पत्नी उर्मिला देवी को लाईव रोस्टर के आधार पर रखने एंव 18 वर्ष की आयु होने पर मृतक के पुत्र रौशन कुमार को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का लिखित समझौता हुआ।वार्ता में बनी सहमति के बाद देर शाम को ग्राम विज़न में सुरेश राम का अंतिम संस्कार किया गया।इस वार्ता मे परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण आदि थे ।

पुरानी पेंशन योजना लागू होने के एक वर्ष होने पर काटा गया केक

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी-थ्री के पिपरवार कैम्प में पुराना पेंशन योजना लागू होने के एक वर्ष पूरा होने पर झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के द्वारा खुशी मनाई गई।इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशेर आलम ने बताया कि आज से एक वर्ष पूर्व झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के द्वारा पुराना पेंशन योजना लागू कर राज्य भर के पुलिस कर्मियों को तोहफा दिया था।झारखंड में पुराना पेंशन योजना पुलिस कर्मियों के लिए बुढ़ापा का सहारा बन गया है।एक सितंबर को पुराना पेंशन योजना के एक वर्ष पूरे होने पर झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के द्वारा खुशी मनाई जा रही है।इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशेर आलम के द्वारा केक काटकर इसका उत्साह मनाया गया,जिसके बाद उपस्थित सभी लोगों के बीच मिठाई का वितरण किया गया।इस मौके पर अध्यक्ष शमशेर आलम, मंत्री सुजीत सिंह, सुशील पाण्डेय, संजय यादव, परेश मरांडी, राजेन्द्र उंराव, मृत्युंजय महतो, सुनील साहु, रविन्द्र कुमार, राकेश कुमार, गोल्डेन चौबे, जितेन्द्र शुक्ला, अजमल हुसैन, प्रदीप रजक, सुरैश प्रजापति,आदि थे।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री ने नेहा महतो को दी बधाई

सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता): परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में अभिभावक के रूप में भारतीय तीरंदाजी संघ के सदस्य सह झारखंड तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष व सिल्ली बिरसा मुंडा तीरंदाजी सेंटर की अध्यक्ष नेहा महतो की उत्साहजनक भागीदारी के लिए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर्ष व्यक्त करते हुए नेहा महतो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। नेहा महतो को भेजे अपने बधाई संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा है कि आपके बारे में जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई।आपकी भागीदारी न केवल अपने बच्चे के भविष्य के प्रति, बल्कि हमारी युवा पीढ़ी के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने की दिशा में आपकी गंभीरता को दर्शाती है। मुझे विश्वास है कि एक मार्गदर्शक और अभिभावक के रूप में बच्चों को आपसे हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की प्रेरणा और आत्मविश्वास मिलेगा। 21वीं सदी अवसरों की सदी है। कला से लेकर खेल तक, स्टार्टअप से लेकर तकनीक

तक, इंजीनियरिंग से लेकर अंतरिक्ष तक, हमारे युवाओं के पास आज आगे बढ़ने के अनेक विकल्प है। असाधारण कौशल और असीमित ऊर्जा से भरी हमारी युवाशक्ति लिए अब किसी भी की सिद्धि संभव है। अगले 25 वर्षों का अमृत काल एक भव्य व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में जी-जान से कार्य करने का कर्तव्य काल है। यह स्वर्णिम काल न केवल हमारे युवाओं के जीवन, बल्कि देश के भविष्य को भी आकार देगा। मुझे विश्वास है कि हमारे सामूहिक संकल्प और एकजुट प्रयास देश की विकास गाथा को नई ऊंचाई प्रदान करेंगे।

नौ दिवसीय राधा रमण महोत्सव प्रारंभ

सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता): भक्ति वेदांत विद्याभवन गुरुकुल कुटाम परिसर में कलश यात्रा एवं जलाभिषेक के साथ नौ दिवसीय राधा रमण महोत्सव की शुरुआत हो गई। नगर कीर्तन एवं भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। महिलाएं स्वर्णरेखा नदी से कलश में पानी भरकर अनुष्ठान स्थल तक कीर्तन करते हुए आई। कलश स्थापना के बाद प्रभु का अभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान की पुष्पाभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। भागवत कथा एवं संध्या आरती के साथ पहले दिन का कार्यक्रम समाप्त हुआ।अनुष्ठान आठ अगस्त तक चलेगा। इसके अलावे जन्माष्टमी एवं

आविर्भाव दिवस का भी भव्य आयोजन किया गया है। छह सितंबर को राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन भी इस महोत्सव में शामिल होंगे। इस मौके पर भक्ति वेदांत विद्याभवन गुरुकुल के संस्थापक आचार्य दास गदाधर प्रभु, गुरुकुल के आचार्य करुणावतार प्रभु, भद्रंग प्रभु, कुरुश्रेष्ठ प्रभु, सतोका कृष्ण प्रभु, सुबल प्रभु, सचिसुता प्रभु, भागवत प्रभु,विजय प्रभु समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।आज का कार्यकर्म में अंतर स्कूल डांस एवं कीर्तन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रांची के संत माइकल स्कूल, डीएवी रांची एवं विवेकानंद स्कूल रांची के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीला, भक्ति गीत, डांस एवं भजन कीर्तन की शानदार प्रस्तुति की। लोगों ने कार्यक्रमों की खूब सराहना की। इससे पूर्व दर्शन आरती एवं हवन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। देर शाम छौ नृत्य के माध्यम से भगवत लीला की प्रस्तुति की। देर शाम दास गदाधर दास ने भागवत कथा के कई प्रसंग सुनाए। गुरुकुल के विद्यार्थियों ने कृष्ण लीला पर नाटक का भी मंचन किया। इस मौके पर असीम कृष्ण दास, भद्रंग प्रभु, स्टोक दास प्रभु, कुरुश्रेष्ठ प्रभु समेत काफी श्रद्धालु मौजूद थे।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(आपूर्ति शाखा)

–: आम सूचना :–

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, रांची के पत्रांक 605, दिनांक 21.08.2023 द्वारा प्राप्त संसूचना के अनुसार झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग के माननीय अध्यक्ष एवं माननीय सदस्या द्वारा दिनांक 04.09.2023 को अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक नगर भवन (Town Hall) में रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी पंचायतों के मुखिया से संवाद किया जायेगा।

अतः रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी पंचायतों के मुखियागणों से अनुरोध है कि उक्त संवाद में ससमय भाग लेने की कृपा की जाय।

ह0/–
जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR 305960 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24)D

झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
email – eedwsd.ranchiwest@gmail.com
(चतुर्थ कॉल)

जिसका **PR No. 300027 (Drinking Water and Sanitaion)** 2023–24 है।
निविदा सूचना संख्या – DWSD/RW/SR-20/2023-24 दिनांकः– 01.09.2023

1. Name of Work :- Relocation of T/W by Drilling 125/115 mm dia drilled Tube-Well in all kinds of soil rock for installation of hand pump with D.T.H Rig machine all complete including supplying all materials, labours, tools, drilling, rigs, air compressor and equipments as well as fuel lubricant for making 125/115 mm dia boring etc and cost of transporting rig machine and other vehicle up to site work "TurnKey Basis" Under D. W. & S. Division, Ranchi West, Ranchi for the Year 2023-24

ग्रुप संख्या	नलकूपों की संख्या	प्राक्कलित राशि लगभग (लाख में)	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
SR/RW-III	33 nos.	28.09290	56200.00	5,000.00	02 माह

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 02/09/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 08/09/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
4. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 09/09/2023 / 04.00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 09/09/2023 / 05.00 बजे अपराहन में।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 0651-2491247
9. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
10. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
11. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल
राँची पश्चिम, राँची

PR 305983 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –14/2023–24

1.	विभाग का नाम	:–	पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2.	विज्ञापनदाता का नाम	:–	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3.	परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय	:–	11.09.2023 को अपराहन 1.00 बजे तक।
4.	निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय	:–	12.09.2023 को अपराहन 3.00 बजे तक।
5.	निविदा खोलने की तिथि एंव समय	:–	12.09.2023 को अपराहन 3.30 बजे ।
6.	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	:–	1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7.	निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः–	:–	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8.	कार्यो की विवरणी	:–	

क	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	B.O.Q. का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि।
1.	Renovation of toilet, bathroom and kitchen with water supply pipe line, sanitary fittings and its allied work at staff Quarter No-123 RIMS Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	295738.00	6000.00	750.00	30 Days
2.	Renovation of toilet, bathroom and kitchen with water supply pipe line, sanitary fittings and its allied work at staff Quarter No-147 RIMS Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	325863.00	7000.00	750.00	30 Days
3.	Construction of toilet cum bathroom with water supply pipe line, sanitary fittings sewer work, PVC tank, wall tiles, floor tiles at Doctors, quarter No-67 doctor's colony RIMS Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	366718.00	8000.00	750.00	45 Days
4.	Construction of septic tank, soak pit and its allied works at staff Qtr. No-127 to 130 RIMS under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	398208.00	8000.00	750.00	30 Days
5	Renovation of toilet cum bathroom sanitary fittings for Improvement of W/S, S/I & sewerage work at Dr. Qtr. No-17 RIMS Bariyatu Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	405293.00	9000.00	750.00	30 Days
6.	Seepage repair and renovation of toilet cum bathroom and Improvement of water supply S/I & sewerage work at Dr. Qtr. No-32 RIMS Bariatu Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	461604.00	10000.00	750.00	30 Days
7.	Replacement of old and damaged water supply pipe line, sanitary and bathroom fittings and its allied works at Dr. Colony Qtr. No-68 RIMS Campus under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	466772.00	10000.00	750.00	20 Days
8.	Provision of W/S arrangement & construction of toilet at Qtr. No-47 & 107 doctors colony bariyatu Ranchi & replacement of IWC & sewer line blood bank RIMS under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi.	709011.00	15000.00	1250.00	30 Days

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 306019 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, शनिवार, 2 सितंबर 2023 | पेज 5

उपायुक्त ने मॉल, होटल, रेस्टॉरेन्ट, कैटरिंग क्षेत्र में कार्यरत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, कहा

स्थानीय शिल्पकला, ग्रामीण निर्मित वस्तुओं को बाजार देने का प्रयास

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर अक्षेस के सभागार में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जिले के मॉल, होटल, रेस्टॉरेन्ट, कैटरिंग क्षेत्र में कार्यरत संस्था/ प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर नगर निकायों के डे- एनयूएलएम की दीदियों तथा जेएसएलपीएस की महिला मंडल की सखी दीदियों द्वारा निर्मित/ उत्पादित वस्तुओं को क्रय किए जाने तथा स्थानीय शिल्पकारों के उत्थान की दिशा में आवश्यक पहल किए जाने पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि स्वयं सहायता समूह की सखी दीदियों द्वारा निर्मित पेपर बैग, जूट बैग, खाद्य सामग्री व अन्य उत्पाद को हमें मिलकर आम जनता

जमशेदपुर शहर के 5 बड़े मॉल में विश्वकर्मा गैलरी बनाने पर हुई चर्चा

तक पहुंचाना होगा ताकि उन्हें भी रोजगार का उचित अवसर मिल सके, आमदनी में बढ़ोतरी हो पाए। उन्होंने सभी शॉपिंग मॉल, रेस्टोरेंट आदि के संचालक व प्रतिनिधि से कहा कि लोकल प्रोडक्ट्स का ज्यादा से ज्यादा उपयोग को प्राथमिकता दी जाए। जिले के हुनरमंद शिल्पकारों द्वारा वाद्ययंत्र निर्माण में निपुणता हो या डोकरा, पायटकर, छऊ जैसी पारंपरिक नृत्य कला को संरक्षित करना, उनके एकल प्रयास कलाओं को संरक्षित करने में नाकाफी होंगे। उन्होंने इन दुर्लभ कलाओं को बचाने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों को आगे आकर अपने समाजिक दायित्व को निभाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा गैलरी का अधिष्ठापन शहर के 5 प्रमुख मॉल में शुरूआती तौर पर किया जाए। इन विश्वकर्मा गैलेरी में शिल्पकलाओं तथा सखी दीदियों द्वारा निर्मित/ उत्पादित दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं की बिक्री के लिए जगह उपलब्ध कराते हुए रोजगार के अवसर से जोड़ा जाएगा।

नक्शा विचलन गैरकानूनी, प्रशासन का सहयोग करें

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा मौजूद प्रतिष्ठान के संचालक व प्रतिनिधियों से स्वीकृत नक्शे के अनुरूप ही निर्माण कार्य करने की बात कही गई तथा यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि निर्माण में किसी तरह का भी विचलन नहीं हो। उन्होंने कहा नक्शा में विचलन किए जाने से विद्युत, जलजमाव, अतिक्रमण जैसी बहुत सारी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं जो कि एक बड़े हादसे को निमंत्रण दे सकती है। अतः सुरक्षा का खास ख्याल रखते हुए सुनिश्चित किया जाए कि सभी निर्माण नियमों और निर्धारित नक्शे के अनुरूप हो और किसी तरह की भी उसमें त्रुटि होती है तो उसे जल्द दूर करने का निर्देश दिया।

सिल्ली-रांगामाटी रोड दुबराजपुर के समीप ट्रक की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर दुबराजपुर के पास शुक्रवार को अनियंत्रित एलपी ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। युवकों की पहचान ईचागढ़ थाना क्षेत्र के आगसीया निवासी 28 वर्षीय सिकन्दर दास व 27 वर्षीय निरंजन लायेक के रूप में किया गया। युवकों की सड़क हादसे में मौत होने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व लोगों को समझना बुझाकर सड़क जाम हटाया गया व दोनों लाशों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस द्वारा एलपी ट्रक व बाइक को जप्त कर लिया एवं आगे की कार्रवाई में जुट गई। वहीं समाजसेवी छुटु घोष ने बताया कि दुबराजपुर के पास अनियंत्रित ट्रक के चपेट में आने से दो बाइक सवार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। उन्होंने कहा कि सिकन्दर दास जमशेदपुर में रहकर ट्रक चलाता है और दो दिन पहले ही घर आया था। उन्होंने कहा कि यहां पर लगातार सड़क हादसा होते रहता है। उन्होंने प्रशासन से मांग किया कि इस जगह पर स्पीड ब्रेकर लगाया जाय।

अलकायदा के आतंकी कटकी की कड़ी सुरक्षा के बीच जमशेदपुर कोर्ट में हुई पेशी

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान

कटकी की जमशेदपुर न्यायालय में शुक्रवार को पेशी हुई। बिष्टुपुर थाने में अब्दुल सामी अब्दुल रहमान ऊर्फ कटकी, मौलाना कलीमुद्दीन अब्दुल मसूद और नसीम समेत अन्य के विरुद्ध बिष्टुपुर थाना में आतंकवादी संगठन अलकायदा से जुड़ने, संगठन का विस्तार करने, जेहाद के लिए युवाओं को भड़काने और देशद्रोह की प्राथमिकी 25 जनवरी 2016 को दर्ज की गई थी। अब मामले को झारखंड एटीएस देख रही है।

अमेजन ने डिजिटल इकॉनमी व एक्सपोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए की नई पहल की घोषणा

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): अमेज़न ने एमएसएमई एक्सपोर्टर्स के लिए सीमा पार लॉजिस्टिक्स को आसान बनाने के लिए इंडिया पोस्ट के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया हैं। ग्राहकों को विक्रेता ऑर्डर की तीव्र डिलीवरी के लिए भारतीय रेलवे के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (डीएफसी) के साथ सहयोग करने वाली पहली ईकॉमर्स कंपनी बन गयी हैं। एमएसएमई के लिए ईकॉमर्स अपनाने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए जेनरेटिव एआई संचालित व्यक्तिगत डिजिटल सहायक अमेज़ॅन सह एआई पेश किया हैं। मल्टी चैनल फुलफिलमेंट (एमसीएफ) के साथ डायरेक्ट टू कंज्यूमर (डी2सी) ब्रांडों के लिए अपनी पूर्ति क्षमताओं को खोला हैं। ये सभी घोषणाएं अमेज़ॅन के सीईओ एंडी जेसी की जून 2023 में अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई बैठक के बाद की गई हैं। अमेज़ॅन के एसवीपी इंडिया और इमर्जिंग मार्केट्स अमित अग्रवाल ने कहा कि हम भारतीय बाजार में विकास और दीर्घकालिक संभावनाओं और भारत में लाखों उपभोक्ताओं और विक्रेताओं को सेवा देने के अवसर को लेकर उत्साहित हैं। हमने हाल ही में 2030 तक अपने सभी व्यवसायों में भारत में 15 बिलियन डॉलर के वृद्धिशील निवेश की घोषणा की थी और हम 21वीं सदी में भारत की प्रगति में भागीदार बने रहेंगे।

सुरभि शाखा का उन्नत फेस्टिवल मेला 3-5 सितंबर तक

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा तीन दिवसीय 3 से 5 सितंबर तक उन्नत फेस्टिवल मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का आयोजन तुलसी भवन बिष्टुपुर में किया जा रहा है। तीनों दिन मेला सुबह 10 से रात 9 बजे तक चलेगा। यह जानकारी सुरभि शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल, कार्यक्रम संयोजिका प्रीति झाझरिया एवं प्रीति अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु आयोजित हो रहे इस मेले में सुरभि शाखा द्वारा ऐसी कई महिलाओं को प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया हैं, जो घर में खाना बनाकर रोजगार कर रही है। इस मेला में एक ही छत के नीचे कुर्ती, साड़ी, गिफ्ट आइटम, चादर, बांदरवाल, लड्डू गोपाल की पोशाक, ज्वेलरी, हाथ के बने हुए मंगोड़ी, पापड़, अचार उचित मूल्य में प्राप्त होगा।

जिओ फाइबर में काम के दौरान घायल आदिवासी युवक गुलशन बोपाई का निधन, मुआवजा की मांग

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिओ फाइबर कंपनी में काम कर रहे मानगो संकोसाई रोड नंबर एक का रहने वाला गुलशन बोपाई का आज टाटा मुख्य अस्पताल में निधन हो गया। जिओ फाइबर कंपनी में कार्यरत गुलशन बोपाई मंगलवार के दिन काम के दौरान एनएच 33 में स्मार्ट बाजार के आगे खंभे से गिर जाने के कारण पूरी तरह घायल हो गया था। गुलशन बोपाई बिना सेफ्टी बेल्ट एवं सुरक्षात्मक समान के ही फाइबर केबल बांधने खंभे में चढ़ गया था पैर फिसलने के कारण गुलशन खंभे से गिर गया था। जिससे उसे गंभीर चोटे आई थी। वह टाटा मुख्य अस्पताल में इलाजरत था।आज तीन दिन बाद उसका देहांत हो गया। गुलशन के परिजनों ने भाजपा नेता विकास सिंह को अस्पताल बुलाकर मामले की जानकारी दिया।मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने जिओ फाइबर के अधिकारियों को दूरभाष में चेतावनी देते हुए कहा कि भारत सरकार के लेबर एक्ट के द्वारा बनाए गए मापदंड के अनुसार अगर काम के दौरान मृत्यु होती है उसके अनुसार ही गुलशन के परिजनों को मुआवजा जिओ फाइबर कंपनी को देना होगा। इसके साथ एक गुलशन की मां का बुढ़ापा कैसे बीते इसकी भी गारंटी जिओ फाइबर कंपनी को लेनी होगी ।

सूर्य मंदिर सिदगोड़ा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 5 से 7 सितंबर तक

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): लौहनगरी जमशेदपुर में सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति के द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। जन्माष्टमी पर शहर के सैकड़ों बच्चे राधा-कृष्ण का रूप धारण करेंगे, जबकि सूर्य मंदिर परिसर में सैकड़ों प्रतिभागी सामूहिक नृत्य से समां बांधेंगे। वहीं, मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी आयोजित होगी, जिसमें पुरुष व महिलाएं अलग-अलग भाग लेंगे। तीनों प्रतियोगिता में से तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को सूर्य मंदिर कमेटी, सिदगोड़ा की ओर से नकद राशि व पुरस्कार प्रदान की जाएगी। सूर्य मंदिर समिति की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने जन्माष्टमी की तैयारियों पर जानकारी देते हुए बताया कि सिदगोड़ा स्थित सूर्यधाम में 5 से 7 सितंबर तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव के दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह मुख्यरूप से मौजूद रहेंगे। श्व चयनित प्रतिभागी भाग लेंगे। इसके साथ ही, मटकी फोड़ प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिलायें अलग-अलग भाग लेंगे जिसका आयोजन 7 सितंबर को सुबह 10 बजे से किया जाएगा।

साप्ताहिक जनता मिलन में आये आवेदनों पर डीसी ने कार्रवाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्र से अपनी अपनी समस्या लेकर आए लोगों से उपायुक्त रवि शंकर शुक्ल समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मिले एवं उनकी समस्याओं से अवगत हुए। अधिकतर लोग भूमि सम्बन्धित मामले, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड मे नाम जोड़ने, निजी नाला को बंद करने जैसी समस्याओं के समाधान का आग्रह करने आए थे। जन कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित कई मामलों का त्वरित

निष्पादन किया गया। वही अन्य समस्याओं से सम्बन्धित प्राप्त आवेदन का गुणवतापूर्ण, पारदर्शी निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारियों को उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने उक्त समस्याओं का समाधान एक सप्ताह के अंदर सुनिश्चित कर जिला मुख्यालय को सूचित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह एवं सोशल मीडिया प्रसार पदाधिकारी नंदन उपाध्याय भी उपस्थित रहे।

अगस्त माह में जिले में हुई 325.2 मिलीमीटर बारिश

प्रभात मंत्र संवाददाता

सरायकेला : अगस्त माह 2023 सरायकेला खरसावां जिले में औसत 325.2 मिलीमीटर बारिश हुई जो सामान्य बारिश से 6.0 मिलीमीटर अधिक है। जब कि पिछले वर्ष अगस्त में 391.6 मिलीमीटर बारिश हुई जो सामान्य बारिश से 72.4 मिलीमीटर अधिक थी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार अगस्त महीने में जिले के सरायकेला प्रखंड में सामान्य वर्षा पर 383.6 के विरुद्ध 291 मिलीमीटर, खरसावां में 477.6 के विरुद्ध 380.2 मिलीमीटर, कुचाई में 425.6 के विरुद्ध 382.0 मिलीमीटर, गम्हरिया प्रखंड में 359.0 के विरुद्ध 357.0

मिलीमीटर, राजनगर प्रखंड में 375.0 के विरुद्ध 223.6 मिलीमीटर, चांडिल प्रखंड में 372.0 के विरुद्ध 397.2 मिलीमीटर निमडीह में 286.0 के विरुद्ध 327.9 मिलीमीटर, इचागढ़ में 114.7 के विरुद्ध 372.8 मिलीमीटर तथा कुकुरू प्रखंड में 129.0 के विरुद्ध 205.2 मिलीमीटर बारिश हुई। इस प्रकार जिले के चांडिल अनुमंडल में सामान्य से अधिक बारिश हुई। अगस्त के महीने में सामान्य वर्षापात से अधिक बारिश होने के बावजूद भी इस वर्ष अधिसंख्य किसानों के समक्ष अकाल की स्थिति बनी हुई है।

पटमदा प्रखंड के सरकारी कर्मचारियों ने मनाया पेंशन पुनर्बहाली दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : झारखंड सरकार की पुरानी पेंशन पुनः बहाली की पहली वर्षगांठ शुक्रवार को पटमदा प्रखंड जाल्मा स्थित मध्य विद्यालय में मनाई गई। इसकी अध्यक्षता पटमदा प्रखंड इकाई राष्ट्रीय आंदोलन और जेएचएआरओटीईएफ के बैनर तले प्रखंड संयोजक प्रबोध कुमार महतो ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड संयोजक प्रबोध कुमार महतो और मध्य विद्यालय पटमदा के प्रधानाध्यापक अरबिंद कुईला द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर किया गया। इस दौरान उपस्थित राज्यकर्मियों के बीच लड्डू का वितरण करते हुए खुशियां मनाई गई। कार्यक्रम में एनएमओपीएस/ जेएचएआरओटीईएफ के जिलाध्यक्ष पंचानन महतो, प्रखंड कोषाध्यक्ष मिहिर कुमार प्रमाणिक, रामपद महतो, राजनारायण दत्ता, बासुदेव महतो, अरविंद कुईला, राजेश मिश्रा, कृष्ण चंद्र दास, निशित कुमार, सोनाली घोष, बर्नाली माझी, बनश्री चक्रवर्ती व प्रशांत भट्टाचार्य समेत दर्जनों राज्य कर्मचारी उपस्थित थे।

भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल हुए झारखंड के प्रतिनिधि

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : दिल्ली में आयोजित भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यशाला आज संपन्न हुई, जिसमें सभी राज्यों से प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इस कार्यशाला में आगामी राज्यों की चुनाव और 2024 की लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की भूमिका, कार्य योजना एवं क्रियान्वन पर राष्ट्रीय पदाधिकारी का संबोधन हुआ। जिसमे भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावडे, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद डॉक्टर के. लक्ष्मण, भाजपा आईटी सेल प्रभारी अमित मालवीय, मोर्चा के महामंत्री डॉ निखिल आनंद, भाजपा सोशल मीडिया सभी मोर्चा की प्रभारी प्रीति गांधी, राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी राहुल नागर ने अपने विषयों को रखा। राष्ट्रीय कार्यशाला में झारखंड से प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक सोनू ठाकुर जमशेदपुर),प्रदेश सह संयोजक जितेंद्र कुमार(धनबाद) एवं दीपक सोनकर (रामगढ़) ने भाग लिया।

जुस्को स्कूल साउथ पार्क में सड़क सुरक्षा सत्र का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने आज स्कूल के छात्रों, अभिभावकों और वैन चालकों के लिए सड़क सुरक्षा सत्र का आयोजन किया। जिसमें करीब 169 छात्र, अभिभावक, वैन चालक और कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान डीएसपी ट्रैफिक पुलिस जमशेदपुर अनिमेष कुमार गुप्ता ने दर्शकों को सड़क सुरक्षा का उपदेश देने के बजाय उसका अभ्यास करने की आवश्यकता के बारे में बताया। स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा ने छात्रों की सुरक्षा के बारे में अपनी चिंता साझा की और सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण के लिए यातायात नियमों के पालन के महत्व का उल्लेख किया। पुलिस विभाग की ओर से मनोज कुमार तिवारी, इंस्पेक्टर, ओसी बिस्टुपुर और प्रकाश गिरी, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक, जमशेदपुर भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

खिलाड़ियों और क्लबों को हर संभव मदद करेगा झारखंड मुक्ति मोर्चा : महाबीर मुर्मू

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पोटका प्रखंड के अन्तर्गत माटकु पंचायत के बड़ेडीह गांव के किसान स्पोर्टिंग क्लब फुटबाल टीम के खिलाड़ियों ने विगत दिनों झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता महाबीर मुर्मू से जर्सी की मांग की थी। टीम के पास है अपना फुटबॉल जर्सी खिलाड़ियों का नहीं होने के कारण महाबीर मुर्मू ने तुरंत संज्ञान लिया और उनके गांव जाकर खिलाड़ियों को फुटबॉल जर्सी प्रदान किया। मौके पर महाबीर मुर्मू ने कहा झारखंड मुक्ति

मोर्चा एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास है झारखंड राज्य में हर खिलाड़ियों को अच्छा व्यवस्था मिले ताकि आगे जाकर झारखंड राज्य का नाम रोशन करें एवं अपना कैरियर भी बना सके। मौके पर उपस्थित बिल्टु हांसदा, दुर्गा प्रसाद हांसदा, संतोष सरदार, पप्पू उपाध्याय, मनोज तांती, राजेश बास्के, सुनराम हांसदा, पंकज बेसरा, गणेश हांसदा, रॉकी सिंह राठौड़, करन बीर कलंदी, आदि उपस्थित थे ।

कुणाल षाड़ंगी ने डेंगू से बचाव के लिए बांटे 250 मच्छरदानी

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू के मामले तेजी से बढ़ते हुए देखे जा रहे हैं। इस बार पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया प्रखण्ड में डेंगू के आंकड़े डराने वाले हैं। अगस्त के महीने के अंत तक यहां डेंगू ने पिछले कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कई मौतें भी हुई हैं। इस खतरे को देखते हुए शुक्रवार को पूर्व विधायक एवं संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाडंगी के द्वारा चाकुलिया धर्मशाला में स्वास्थ्य सहिया दीदीयों के बीच 250 से अधिक मच्छरदानी का वितरण किया गया और जागरूरता अभियान चलाया गया। इस दौरान कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि प्रदेश में डेंगू के मामले में लगातार वृद्धि हो रही है। सरकारी अस्पताल में मरीजों को ना बेड मिल रहा और ना ही सही इलाज मिल रहा है। झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। नाम्या स्माइल फाउंडेशन के सदस्य डॉक्टर श्रद्धा सुमन ने

विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि डेंगू से बचने के लिए आप मच्छरों को काटने से बचाव के लिए प्रयास करें। पूरे आस्तीन के कपड़े पहनें, घर के आसपास साफ-सफाई रखें और पानी एकत्रित न होने दें। मौके पर दिनेश सिंह, विकाश लोधा, गोपन परिहारी, नाम्या स्माइल फाउंडेशन से डॉ श्रद्धा सुमन, पूर्णेंदु पात्र, सतप्रित सिंह, अमन भारद्वाज समेत अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

बेसिक स्कूल छात्र मौत मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक ने स्कूल पहुंच की जांच

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : बीते मंगलवार को बड़ा गम्हरिया स्थित बेसिक स्कूल के छात्र शुभंकर मंडल की गड्ढे में डूबकर हुई मौत के मामले की जांच करने जिला शिक्षा अधीक्षक चार्ल्स हेम्ब्रम शुक्रवार को विद्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्र की हुई मौत के बावत प्रधानाध्यापक व अन्य शिक्षकों से पूछताछ किया। इस दौरान उन्होंने मृत छात्र की उपस्थिति, विद्यालय में उसकी गतिविधि आदि की भी जानकारी लिया। साथ ही, उक्त घटना के बाद

प्रधानाध्यापक द्वारा छुट्टी दे दिए जाने के मामले की जांच भी डीएसई ने किया। इस बावत उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं समेत बच्चों व कई अभिभावकों से भी बात कर जानकारी प्राप्त की। डीएसई ने बताया कि वरीय विभागीय अधिकारियों के आदेश या उन्हें सूचित किए बगैर विद्यालय में छुट्टी नही दी जा सकती है। किंतु, प्रधानाध्यापक द्वारा यदि ऐसा किया गया है तो गलत है। इसकी जांच की गई है। शीघ्र ही विभाग के उच्चाधिकारी को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। विदित है कि उक्त घटना के बाद स्थानीय पार्षद ममता बेज द्वारा प्रधानाध्यापक को तत्काल विद्यालय में छुट्टी देने को कहा गया था। उसके बाद प्रधानाध्यापक द्वारा वरीय अधिकारियों को सूचना दिए बिना ही छुट्टी दे दी गई थी। कई अभिभावकों द्वारा इसकी शिकायत की गई थी। उक्त शिकायत के आलोक में उस मामले कि जांच करने डीएसई विद्यालय में पहुंचे थे।

भारत एकता मिशन ने उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : आज़ाद समाज पार्टी और भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को सम्मानित किया। झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी ने बताया कि पूर्वी सिंहभूम आज़ाद समाज पार्टी और भीम आर्मी की टीम आज पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से औपचारिक मुलाक़ात किया और उन्हें पुष्प और शाल देकर सम्मानित किया। इस मुलाकात में आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष तारिणी सेन मांझी, प्रदेश महासचिव नवीन मुर्मु, भीम आर्मी के पूर्व ज़िला अध्यक्ष विकास हेम्ब्रम, मुसाबनी प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार चौधरी, नईम खान, जिब्रान सिद्दीकी, मज़हर खान, नफीस, शैलेश, अमरेंद्र, ज़ीशान, शेख सलीम, रफीक, मुहम्मद अनस, आदि उपस्थित थे।

संपादकीय

आत्महत्याओं का कोटा

इस साल 27 अगस्त तक कोटा, राजस्थान के कोचिंग संस्थानों में 23 युवा छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। यह सिलसिला कहीं थमेगा अथवा धीमा होगा, ऐसे आसार नहीं हैं। कोटा के धंधेबाज संस्थान आत्महत्या के केंद्र बन चुके हैं। छात्रों को किसी भी तरह की काउंसलिंग नहीं है और न ही आत्महत्या रोकने के मानसिक उपाय किए गए हैं। गंभीर, प्रेरक भाषण भी नहीं हैं, ताकि मनःस्थिति बदल सके। बेशक राज्य स्तरीय समिति का गठन कर लें या युवा छात्रों के लिए विशेष थाने बना लें, आत्महत्या के बुनियादी कारण घर से ही शुरू होते हैं। पिता को लाखों रुपए का जुगाड़ करना पड़ता है अथवा कर्ज लेना पड़ता है। माता-पिता अपने किशोर बच्चों पर अपने सपने थोपना चाहते हैं। उसी तनाव में घिरा छात्र हॉस्टल में अकेला और बंद महसूस करता है। संस्थान की घरेलू परीक्षाओं में जब वह पिछड़ जाता है या नाकाम रहता है, तो एकमात्र विकल्प आत्महत्या ही मन में उभरता है। सिर्फ डॉक्टर या इंजीनियर ही सुरक्षित करियर नहीं हैं। हमने डॉक्टरों की मंदी प्रैक्टिस देखी है और इंजीनियरों को बेरोजगार देखा है। उनके अलावा, असंख्य ऐसे पेशे हैं, जहां धन और प्रतिष्ठा दोनों ही बेहतर हैं। एक अंधी भेड़चाल ने भी हमारे युवा छात्रों को आत्महंता बना दिया है। कोटा के कोचिंग संस्थानों में आने वाले छात्रों को कमोबेश इतनी जानकारी तो होगी कि सफलता और चयन की दर कितनी है! फिर भी वे इन संस्थानों की तरफ भागे चले जा रहे हैं, तो हम छात्रों को ही दोषी करार देंगे। यदि छात्र डॉक्टर या इंजीनियर नहीं बन पाए, तो जिंदगी समाप्त नहीं होगी। बहरहाल 2020 में भारत में 12,500 से अधिक किशोर छात्रों ने आत्महत्या की। यह आंकड़ा राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो का है। यकीनन यह बेहद डरावना आंकड़ा है। कोटा के 10 प्रमुख कोचिंग संस्थानों में करीब 2 लाख छात्र प्रवेश लेते हैं। अध्यापकों की संख्या करीब 4000 है। हॉस्टल भी करीब 4000 हैं और पेइंग गेस्ट करीब 40,000 हैं, लेकिन औसतन हररोज 34 छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। इसके कई घरेलू और मनोवैज्ञानिक कारण भी हो सकते हैं। छात्र घर से ही तनाव ढोकर संस्थान तक आता है। संस्थानों की व्यवस्था भी तनावग्रस्त है। दरअसल 16-18 साल का किशोर इतना नहीं सोच सकता कि आत्महत्या के बाद उसके माता-पिता की मनःस्थिति क्या होगी? कुछ ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जिनमें बेटे-बेटी की आत्महत्या के बाद पिता ने भी जान गंवा दी। इससे किसी भी पक्ष को हासिल क्या हुआ? दरअसल ये कोचिंग संस्थान भी पेशेवर दुकानदारी हैं। वे 10-15 ऐसे छात्रों को प्रवेश देते हैं, जो अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छे अंकों के साथ सफल हो सकते हैं। उन छात्रों के सचित्र विज्ञापन अखबारों के पहले पन्ने पर छपते हैं, लिहाजा कारोबार फलता-फूलता है। शेष छात्र संस्थानों के मोटे राजस्व के स्रोत होते हैं। वे फेल हो जाते हैं अथवा आत्महत्या कर लेते हैं। यह संपूर्ण व्यवस्था ही असमान और गैर-पेशेवर है। चूंकि बीते दिनों दो छात्रों ने आत्महत्या की है, लिहाजा उसके बाद प्रशासन और सरकार कुछ हरकत में आए हैं। संस्थानों के स्तर पर तय किया गया है कि रविवार को परीक्षा नहीं होगी। हरेक बुधवार को अवकाश रहेगा, ताकि छात्र मौज-मस्ती कर सकें। फिलहाल दो माह तक कोई भी परीक्षा नहीं ली जाएगी। बीती 18 अगस्त को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य स्तरीय समिति की बैठक ली थी। उसमें संस्थानों के बारे क्या अध्ययन किया गया, संस्थानों की व्यावसायिक गतिविधियों और प्रवृत्तियों को लेकर उन पर क्या ठोस कार्रवाई की गई, इसकी जानकारी पूरी तरह उपलब्ध नहीं कराई गई। दरअसल यह घरेलू और मनोवैज्ञानिक समस्या है। संस्थानों की दुकानदारी तब समाप्त आएगी, जब छात्र वहां प्रवेश लेंगे और डॉक्टर-इंजीनियर बनने की अंधी दौड़ में शामिल होंगे। बेशक मेडिकल और इंजीनियर की पढ़ाई और परीक्षाएं कठिन होती हैं, लेकिन अध्यापक और प्रेरक, विशेषज्ञ वक्ता छात्रों को बार-बार समझा सकते हैं कि इन्हें चुनौती की तरह लें। किताबी-कीड़ा बनने से लक्ष्य हासिल नहीं किए जा सकते। सरकार में बैठे नीति-निर्माता मंथन करें और जांच कराएं कि निजी संस्थान इतने महंगे क्यों हैं? छात्रों से इतना पैसा किस मद के तहत वसूला जा रहा है? उनकी व्यवस्थाएं बदलें या संस्थानों की मान्यता रद्द करें। कुल मिला कर हमारे युवा बच्चे देश की ताकत हैं।

कोटा के धंधेबाज संस्थान आत्महत्या के केंद्र बन चुके हैं। छात्रों को किसी भी तरह की काउंसलिंग नहीं है और न ही आत्महत्या रोकने के मानसिक उपाय किए गए हैं। गंभीर, प्रेरक भाषण भी नहीं हैं, ताकि मनःस्थिति बदल सके। बेशक राज्य स्तरीय समिति का गठन कर लें या युवा छात्रों के लिए विशेष थाने बना लें, आत्महत्या के बुनियादी कारण घर से ही शुरू होते हैं। पिता को लाखों रुपए का जुगाड़ करना पड़ता है अथवा कर्ज लेना पड़ता है। माता-पिता अपने किशोर बच्चों पर अपने सपने थोपना चाहते हैं। उसी तनाव में घिरा छात्र हॉस्टल में अकेला और बंद महसूस करता है। संस्थान की घरेलू परीक्षाओं में जब वह पिछड़ जाता है या नाकाम रहता है, तो एकमात्र विकल्प आत्महत्या ही मन में उभरता है। सिर्फ डॉक्टर या इंजीनियर ही सुरक्षित करियर नहीं हैं। हमने डॉक्टरों की मंदी प्रैक्टिस देखी है और इंजीनियरों को बेरोजगार देखा है। उनके अलावा, असंख्य ऐसे पेशे हैं, जहां धन और प्रतिष्ठा दोनों ही बेहतर हैं।

कुछ अलग

बिसात या बरसात के प्रश्न

पहली बार मानसून सत्र को इंतजार है मानसून का। आपदा के गहन संताप के बाद हिमाचल विधानसभा का आगामी सत्र का ऊंट किस करवट बैठता है, देखना होगा। अठारह से 25 सितंबर तक की सात बैठकों का मसौदा अगर विचार-विमर्श के स्तर को ऊंचा रख पाया, तो मालूम हो जाएगा कि राजनीति ऐसे मामलों में कितनी संवेदनशील है। यह हिमाचल को फिर से समझने का अवसर है और गैर राजनीतिक तौर पर यह जानने का मौका भी कि हम विपरीत परिस्थितियों में कितने सहज व सक्षम हैं। कम से कम अब तक आपदा की चीखों के बीच राजनीति के अपने ढोल बजते रहे हैं। नुक्ताचीनी में विपक्ष के आरोप और सत्ता के समाधान कहीं न कहीं भिड़ते रहे हैं, जबकि सदी की सबसे बड़ी त्रासदी के बीच सुक्खू सरकार की प्रयत्नशीलता की सराहना हुई है। ऐसे में प्रदेश खुद पर कितने अंकुश लगा पाता है या राहत एवं बचाव कार्यों के दृष्टिगत सियासत किस कद्र बदल जाती है, इसका अंदाजा विस सत्र में जरूर होगा। जिन्हें सत्ता की मलाई में श्रेष्ठता की दरकार है या जिन्हें विपक्षी जुबान में स्कोर अर्जित करने की जल्दी है, क्या यह प्रतिस्पर्धा कुछ समय के लिए रुकेगी। बुरे दौर की तमाम निशानियों के बीच जनता को सुखद एहसास का इंतजार है। उठकर संभलने के लिए जिस आत्मबल की जरूरत है, उसका जिक्र विधानसभा का सत्र कर सकता है। हालांकि आपदा के दौरान ही विशेष सत्र की मांग उठी थी, लेकिन सरकार ने सर्वप्रथम खुद से खुद का हिसाब किया और तमाम फौरी जरूरतों में सुधार की प्रक्रिया को अहमियत दी। जाहिर तौर पर प्रदेश के कई आर्थिक मुहाने टूटे हैं, बाजारों में मंदी के बादल उभर आए हैं, लेकिन हिमाचल के अपने खर्चे बरकरार हैं। ऐसे में सत्ता से सवाल पूछने की बिसात अलग बात है, लेकिन इस बार बरसात के प्रश्नों पर यह सोच भी सामने आएगा कि जिन्हें हम चुनकर विधानसभा में भेजते हैं, वे विपरीत परिस्थितियों में कितने आविष्कारी हैं। क्या इन्हें अतीत की खामियां नजर आएंगी या भविष्य के प्रति नई संवेदना का आगाज करेंगे। सवाल तो स्कूलों की वार्षिक छुट्टियों को लेकर भी हो सकता है, क्योंकि जिस ढर्रे से विभाग इनकी घोषणाएं करता रहा है, वे बुरी तरह असफल हुई हैं। हमारी आपदा की तैयारियां बुरी तरह असफल हुईं, तो विकास के कई मॉडल टूट कर गिरे, तो क्या हमारे जनप्रतिनिधि अपने तौर पर इनका विश्लेषण कर पाएंगे। यहां मसला हिमाचल के अधिकारों और केंद्र की दृष्टि का भी है। क्या भाजपा केंद्र की अपनी सरकार का बचाव करती हुई मानसून सत्र गुजार देगी या किसी नई पहल के उद्गार प्रकट करेगी। इसमें दो राय नहीं कि आम आदमी को भी मालूम हो चुका है कि बरसात ने प्रदेश को बुरी तरह लील दिया है और दस हजार करोड़ की हानि को पाटने के लिए केंद्र से अभी कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं मिला है, बल्कि बारिश में भी बड़े बांधों में पानी की पूर्ण क्षमता को सहेज कर हिमाचल के हिस्से में छोड़ा गया पानी कहर बन कर टूटा है। पानी की कैद में हिमाचल पर बरसी दुख की बूंदें केवल हिमाचल की तो नहीं थीं, फिर बहस के कटोरे भीख के पात्र तो नहीं हो सकते। हिमाचल की प्राकृतिक विनाश लीला का अवलोकन करने कौन आया। कल तक हिमाचल में या चुनाव से पूर्व प्रधानमंत्री के रोड शो जिस प्रदेश की गर्दन उठाते थे, क्या सत्ता गंवाते ही गर्दन घूम गई।

भारत को वर्ष 2016 से वर्ष 2021 के बीच 230 करोड़ ब्रिटिश पाउंड की राशि आर्थिक सहायता के रूप में उपलब्ध कराई गई है

भारत के प्रति पश्चिमी देशों को बदलना होगा अपना नजरिया

प्रह्लाद सबनानी

भारत, पूरे विश्व में, पहिला देश है जिसने चन्द्रयान-3 को चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर सलतापूर्वक उतार लिया है। अन्यथा, विश्व का कोई भी देश, अमेरिका, रूस एवं चीन सहित, अभी तक चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर अपना यान उतारने में सफल नहीं हो सका हैं। निश्चित ही भारत की यह सफलता न केवल भारत के लिए बल्कि विश्व के समस्त देशों के लिए गर्व का विश्व होना चाहिए। यदि चन्द्रयान-3 अपने उद्देश्यों में सफल हो जाता है जैसे चन्द्रमा पर पानी उपलब्ध है अथवा नहीं, चन्द्रमा पर किस प्रकार के खनिज पदार्थ (सोना, प्लेटिनम, टाइटेनियम, यूरेनियम, आदि), रासायनिक पदार्थ, प्राकृतिक तत्व, मिट्टी एवं अन्य तत्व पाए जाते हैं।

अंततः भारत चल पड़ा है विश्व गुरु बनने की राह पर। परंतु, पश्चिमी देशों में कुछ विघनसंतोषी जीवों को शायद यह रास नहीं आ रहा है क्योंकि भारत, ब्रिटेन का कभी औपनिवेशिक देश रहा है और इन देशों की नजर में यह कैसे हो सकता है कि ब्रिटेन के चन्द्रमा पर पहुंचने के पूर्व ही उनका एक पूर्व औपनिवेशक देश अपना चन्द्रयान-3 सफलता पूर्वक चन्द्रमा पर उतार ले। भारत, पूरे विश्व में, पहिला देश है जिसने चन्द्रयान-3 को चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर सलतापूर्वक उतार लिया है। अन्यथा, विश्व का कोई भी देश, अमेरिका, रूस एवं चीन सहित, अभी तक चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर अपना यान उतारने में सफल नहीं हो सका हैं। निश्चित ही भारत की यह सफलता न केवल भारत के लिए बल्कि विश्व के समस्त देशों के लिए गर्व का विश्व होना चाहिए। यदि चन्द्रयान-3 अपने उद्देश्यों में सफल हो जाता है जैसे चन्द्रमा पर पानी उपलब्ध है अथवा नहीं, चन्द्रमा पर किस प्रकार के खनिज पदार्थ (सोना, प्लेटिनम, टाइटेनियम, यूरेनियम, आदि), रासायनिक पदार्थ, प्राकृतिक तत्व, मिट्टी एवं अन्य तत्व पाए जाते हैं, आदि का पता लगने पर क्या इस जानकारी का लाभ केवल भारत को ही होने जा रहा है अथवा क्या विश्व के अन्य देश भी इस जानकारी का लाभ उठा सकने की स्थिति में नहीं होंगे। परंतु, पश्चिमी देशों में कुछ तत्व भारत की इस महान उपलब्धि को सकारात्मक दृष्टि से न देखते हुए इस संदर्भ में अपनी नकारात्मक सोच को आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहे है, और सम्भव है कि भारत के प्रति उनकी यह नकारात्मक सोच इन देशों के लिए भविष्य में हानिकारक सिद्ध हो। विशिष्ट वर्ग के दो नागरिक एक कक्ष (कैबिन) में बैठे हैं एवं इनमें से एक संभ्रात व्यक्ति एक अखबार में भारत के मंगल मिशन के सम्बंध में जानकारी पढ़ रहा है। इस कक्ष के बाहर भारतीय गरीब किसान के रूप में एक गाय को लेकर एक व्यक्ति दरवाजे के बाहर खड़ा है, जो दरवाजे पर दस्तक देता हुआ दिखाई दे रहा है। इस कार्टून से ऐसा महसूस कराए जाने का प्रयास किया जाना प्रतीत हो रहा है कि जैसे एक गरीब भारत देश, पश्चिमी देशों से अपने मंगल मिशन के लिए सहायता मांग रहा हो। संभवतः भारत के चन्द्रयान-3 की सफलता को पश्चिमी देशों में कुछ तत्व पचा नहीं पा रहे हैं। एक ब्रिटिश पत्रकार पेट्रिक क्रिस्टी ने भारत को चन्द्रयान-3 को चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर सफलता पूर्वक उतारे जाने की बधाई देते हुए यह मांग की है कि ब्रिटेन द्वारा भारत को उपलब्ध कराई जा रही आर्थिक सहायता राशि को वापिस लिया जाना चाहिए क्योंकि उसके अनुसार चूंकि भारत की आधी आबादी गरीबी का जीवन जी रही है अतः ब्रिटेन द्वारा भारत को दी जा रही आर्थिक सहायता राशि का उपयोग भारत में गरीबी मिटाने

के उद्देश्य से न किया जाकर अंतरिक्ष में अपने चन्द्रयान भेजने के लिए किया जा रहा है। इस ब्रिटिश पत्रकार का दावा है कि ब्रिटेन द्वारा भारत को वर्ष 2016 से वर्ष 2021 के बीच 230 करोड़ ब्रिटिश पाउंड की राशि आर्थिक सहायता के रूप में उपलब्ध कराई गई है। उक्त पत्रकार का यह भी कहना है कि यदि भारत अपने राकेट को अंतरिक्ष में भेज रहा है तो भारत को ब्रिटेन के पास कटोरा लेकर मदद के लिए नहीं आना चाहिए। जबकि इस संदर्भ में वास्तविकता यह है कि भारत कभी भी ब्रिटेन के पास आर्थिक सहायता मांगने के लिए गया ही नहीं है। इस संदर्भ में ब्रिटेन द्वारा सरकारी तौर पर उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार ब्रिटेन ने भारत को किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई हैं परंतु ब्रिटेन ने वर्ष 2015 के बाद से भारत में व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निवेश जरूर किया है ताकि भारत के बाजार में ब्रिटेन का योगदान बढ़ सके एवं ब्रिटेन के नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर निर्मित हो सकें। यह भी एक वास्तविकता है कि भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और इस संदर्भ में हाल ही में भारत ने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए अपनी अर्थव्यवस्था को आकार में ब्रिटेन से भी बड़ी अर्थव्यवस्था बना लिया है। परंतु, कुछ ब्रिटिश राजनीतिज्ञ एवं पत्रकार इस तथ्य को स्वीकार ही नहीं कर पा रहे हैं और वे अपनी साम्राज्यवादी सोच से भी बाहर नहीं आ पा रहे हैं। ऐसे तत्व आज भी भारत को अपनी एक कालोनी (उपनिवेश) के रूप में ही देख रहे हैं और सोच रहे हैं कि भारत कैसे ब्रिटेन से पहिले चन्द्रमा पर पहुंच सकता है। जबकि आज वस्तुस्थिति यह है कि ब्रिटेन की आर्थिक हालत इतनी अधिक खराब हो गई है कि ब्रिटेन के नागरिकों को अपने बिजली के बिल का भुगतान करने के लिए भी ऋण लेना पड़ रहा है। पश्चिमी देशों को अब यह समझना होगा कि यह 21वीं सदी है एवं वैश्विक पटल पर भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए आगे बढ़ चुका है। यह पश्चिमी देशों के हित में ही होगा कि वे भारत की विकास यात्रा में भागीदार बनें एवं अपने आर्थिक हितों को भी बल प्रदान करें, इस बात को जितनी जल्दी समझें उनके लिए उतना ही अच्छा है क्योंकि अन्यथा वे स्वयं के आर्थिक हितों को नुक्सान ही पहुंचा रहे होंगे। क्या ब्रिटेन इस बात को भूल गया है कि औपनिवेशक खंडकाल में उसने भारत पर शासन के दौरान वर्ष 1765 से लेकर वर्ष 1938 तक भारत से 45 लाख करोड़ पाउंड की लूट की है (यह तथ्य एक अधय्यन प्रतिवेदन में सामने आया है), हो सकता है यह राशि और भी अधिक रही हो। परंतु, उक्त राशि भी ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद का 15 गुणा है। उक्त राशि को ब्रिटेन द्वारा भारत को लौटाए जाने पर भी विचार किया जाना चाहिए। ब्रिटेन द्वारा भारत में की गई भारी लूट के बावजूद भारत एक बार पुनः अब अपने पैरों पर खड़ा हो चुका है एवं भारत को अपने मिशन चन्द्रमा ग्रह, मिशन मंगल ग्रह एवं मिशन सूर्य ग्रह पर पश्चिमी देशों के दर्शन की आवश्यकता नहीं है। भारत को वैसे भी अब अंतरिक्ष के क्षेत्र में नित नयी सफलता की कहानियां गढ़ने की आदत पड़ चुकी है, और फिर चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर चन्द्रयान-3 को सफलता पूर्वक उतारना तो एक शुरुआत भर है। भारत का मिशन चन्द्रयान-3 तुलनात्मक रूप से बहुत किफायती रहा है। इस पूरे मिशन पर केवल लगभग 615 करोड़ रुपए की लागत आई है, जबकि अन्य देशों यथा अमेरिका, रूस एवं चीन की इस तरह के मिशनों पर हजारों करोड़ रुपए की लागत आती रही है। साथ ही, चन्द्रयान-3 ने 14 जुलाई 2023 को आन्ध्रप्रदेश के श्रीहरीकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपनी यात्रा प्रारम्भ की थी और केवल 41 दिनों के बाद, 23 अगस्त 2023 को चन्द्रयान-3 ने चन्द्रमा के दक्षिणी पोल पर सफलता पूर्वक अपनी लैंडिंग सम्पन्न कर एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। इसरो ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग के लिए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव को इसलिए चुना क्योंकि सूर्य द्वारा कम प्रकाशित होने के संबंध में दक्षिणी ध्रुव को एक विशिष्ट लाभ प्राप्त है। इसरो के अध्यक्ष इस सम्बंध में कहते हैं कि चंद्रमा मिशन पर कार्य कर रहे वैज्ञानिकों ने दक्षिणी ध्रुव में बहुत रुचि दिखाई क्योंकि अंततः मनुष्य वहां जाकर उपनिवेश बनाना चाहते हैं और फिर उससे आगे की यात्रा करना चाहते हैं। इसलिए इसरो चन्द्रमा पर सबसे अच्छी जगह की तलाश कर रहा हैं और चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव में वह क्षमता है। चन्द्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर के पास दो उपकरण हैं, दोनों चंद्रमा पर मौलिक संरचना के निष्कर्षों के साथ-साथ रासायनिक संरचनाओं से संबंधित हैं। अतः यह चन्द्रमा की सतह पर चक्कर लगाकर उक्त विषयों पर जानकारी भारत को उपलब्ध कराएगा। वैसे भी देखा जाय तो अमेरिका के अंतरिक्ष केंद्र नासा में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के इंजीनियर्स कार्यरत हैं जबकि भारत के अंतरिक्ष केंद्र इसरो में सम्भवतः एक भी अमेरिकी इंजीनियर कार्यरत नहीं है।

स्टार्टअप को तरजीह दें युवा

इस समय यूपीआई इंटरफेस की सुविधा ने भारतीयों के लेन-देन करने के व्यवहार में मौलिक परिवर्तन लाया है, जिसके कारण कैशलेस और पेपरलेस लेनदेन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसके अलावा भारत में ब्रॉडबैंड का उपयोग भी तेज गति से बढ़ रहा है। पिछले पांच वर्षों में मोबाइल ब्रॉडबैंड (एमबीबी) ग्राहकों की संख्या 345 मिलियन से बढक़र 765 मिलियन हो गई है। पिछले छह वर्षों में भारत में स्टार्टअप का विकास उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ा है। भारत वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप के तीसरे सबसे बड़े देश के रूप में उभरा है। भारत में पीई/वीसी निवेश वित्तीय वर्ष 2021-22 में रिकॉर्ड $82 बिलियन डालर के स्तर तक पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2021-22 में इन फंडों की 42 .5 बिलियन डॉलर की सफल निकासी भी हुई है, जो आगे भारत में निवेश के बढ़ते विश्वास को प्रदर्शित करता है।

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में वास्तव में अच्छा कर रहा है। उन्होंने कहा है कि देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), जो देश में उत्पादित हर चीज का कुल मूल्य है, बहुत बढ़ गया है। 2023 में यह 3.75 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो कि 2014 में 2 ट्रिलियन डॉलर से एक बड़ी छलांग है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह भी जिक्र किया है कि भारत की अर्थव्यवस्था इतनी बढ़ी है कि यह दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की रैंकिंग में ऊपर चली गई है। यह 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हुआ करती थी, लेकिन अब यह 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। भारत ने पिछले साल यूके को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल किया था। अब भारत से बड़ी अर्थव्यवस्था सिर्फ चार देशों की है। ये देश हैं अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक ट्वीट के जरिए भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में कुछ बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा कि भारत की जीडीपी बहुत बढ़ गई है। 2023 में यह 3.75 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई, जो 2014 में 2 ट्रिलियन डॉलर के मुकाबले बड़ी वृद्धि है। इसका मतलब है कि भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है, जो पहले 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। इस अद्भुत प्रगति के कारण लोग अब भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में 'ब्राइट स्पॉट' कह रहे हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि भारत की जीडीपी वित्तीय वर्ष 2022-23 के आखिरी तीन महीनों में 6.1 प्रतिशत बढ़ी है। पूरे वित्तीय वर्ष एफवाई-23 के लिए, विकास दर 7.2 फीसदी थी जो अपेक्षा से अधिक है। यह अच्छी खबर है क्योंकि इससे पता चलता है कि देश की अर्थव्यवस्था अच्छा कर रही है और मजबूत हो रही है। इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र मजबूत हैं और चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। पिछली तिमाही में, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को बुनियादी ढांचे में निवेश और वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में वृद्धि से मदद मिली। आगामी वर्ष में अर्थव्यवस्था की वृद्धि लगभग 6.5 फीसदी रहने की उम्मीद है। आने वाले वित्त वर्ष में देश के भीतर स्थितियां आर्थिक वृद्धि के अनुकूल हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि लोग खरीददारी और व्यवसायों में निवेश करने पर अधिक पैसा खर्च कर रहे हैं। नतीजतन, यह उम्मीद की जा रही है कि अर्थव्यवस्था का विकास जारी रहेगा। सच यही है कि भारतीय अर्थव्यवस्था नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में सकारात्मक संकेत दे रही है। यह क्रय प्रबंधकों के सूचकांक, जैसे विभिन्न संकेतकों द्वारा इंगित किया गया है, जो विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के प्रदर्शन को मापता है। इसके अतिरिक्त घरेलू हवाई यात्रा, माल के परिवहन और ईंधन की खपत जैसी गतिविधियों में वृद्धि हुई है। ये सभी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत हैं। अभी के मेगाट्रेंड्स के मुताबिक भारत के पास अपनी मजबूत घरेलू मांग, डिजिटलीकरण, वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा टैलेंट पूल, वित्तीय समावेशन, वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता और स्थिरता इसे सबसे तेजी से बढने वाली अर्थव्यवस्था बनाए रखेगा। इस समय व्यापक आर्थिक स्थिरता, व्यापार के लिए नियमों को उदार बनाना, ऊर्जा क्षेत्र में सुधार भारत के आर्थिक लचीलेपन की कुंजी है। भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अनेक प्रमुख क्षेत्रों की पहचान की जा सकती है जो अगले दशक में भारत के विकास को परवान चढ़ाएंगे। इसी साल यानी कि 2023 में भारत जनसंख्या बल के मामले में चीन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक कार्यबल में सबसे बड़ा योगदान देने वाला देश बन जाएगा। भारत का मजबूत सेवा निर्यात पिछले दो दशकों में 14 प्रतिशत बढक़र 2021-22 में 254.5 बिलियन डॉलर का हो गया है। वर्ष 2021-22 में 157 बिलियन डॉलर के साथ सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा और बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) सेवाओं के निर्यात का एक बड़ा हिस्सा है। यह वृद्धि भारतीय मुख्यालय और वैश्विक आईटी कंपनियों दोनों द्वारा संचालित है। देश में डिजिटलीकरण के जरिए शासन में तीव्र गति से सुधार, वित्तीय समावेशन और नए बाजारों तक पहुंचने और नए उत्पादों और सेवाओं को बनाने के लिए निजी निवेशकर्ताओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। इस समय यूपीआई इंटरफेस की सुविधा ने भारतीयों के लेन-देन करने के व्यवहार में मौलिक परिवर्तन लाया है, जिसके कारण कैशलेस और पेपरलेस लेनदेन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसके अलावा भारत में ब्रॉडबैंड का उपयोग भी तेज गति से बढ़ रहा है। पिछले पांच वर्षों में मोबाइल ब्रॉडबैंड (एमबीबी) ग्राहकों की संख्या 345 मिलियन से बढक़र 765 मिलियन हो गई है। पिछले छह वर्षों में भारत में स्टार्टअप का विकास एक उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ा है। भारत वैश्विक स्तर पर स्टार्टअप के तीसरे सबसे बड़े देश के रूप में उभरा है। भारत में पीई/वीसी निवेश वित्तीय वर्ष 2021-22 में रिकॉर्ड $82 बिलियन डालर के स्तर तक पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2021-22 में इन फंडों की 42.5 बिलियन डॉलर की सफल निकासी भी हुई है, जो आगे भारत में निवेश के बढ़ते विश्वास को प्रदर्शित करता है। बेहतर होगा कि हमारे युवा नौकरी पर स्टार्टअप शुरू करने को तरजीह दें।

देश दुनीया से

प्रदेश में तबाही का सिलसिला

हिमाचल प्रदेश में बाढ़-भूस्खलन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर और चंबा जिले बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं, किन्तु तबाही कांगड़ा में भी बहुत हुई है। वैसे तो पूरा हिमाचल ही तबाही की चपेट में है। सब कोई हैरान है कि आखिर यह हो क्या रहा है। गांव के गांव तबाह हो रहे हैं। जहां सोच भी नहीं सकते, वहां भी तबाही के बादल छाए हैं। 369 से ज्यादा अमूल्य जीवन इस आपदा में काल का असमय ग्रास बन चुके हैं और 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति नष्ट हो चुकी है। दो हजार के लगभग घर पूरे तबाह, 9 हजार के लगभग आंशिक तबाह हो गये हैं। बादल फटने की घटनाओं से प्रदेश दहल गया है। भारी बारिश और बादल फटने की घटना में तकनीकी रूप से कुछ अंतर होता है। जब एक छोटे 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक घंटे में 10 सेंटीमीटर या इससे ज्यादा बारिश हो जाए तो उसे बादल फटना कहते हैं। हालांकि बादल फटने की पूर्व चेतावनी पूरी तरह से संभव नहीं है, फिर भी 12 घंटे पहले तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी संभव हो गई है। यह चेतावनी एक बड़े क्षेत्र के लिए होती है, सटीक स्थल की पहचान न होने के कारण मोटी सावधानी तो ली जा सकती है, किन्तु घर के अंदर बैठे बिठाए मुसीबत सिर पर आ जाए तो बचना कितना कठिन होता है, इसका अंदाजा भी लगाया नहीं जा सकता है। हम वैश्विक तापमान वृद्धि के दौर से दो चार हो चुके हैं, जिसके कारण जलवायु में अभूतपूर्व बदलाव आ रहे हैं। बारिशों का तरीका भी बहुत बदल गया है। कभी सूखा और कभी भारी बारिश। थोड़े समय में इतना पानी गिर जाता है जिसके बारे में सोच भी नहीं सकते। जुलाई की 255.9 मिलीमीटर औसत वर्षा के मुकाबले प्रदेश में 437 मिलीमीटर बारिश हुई। सिरमौर में सबसे ज्यादा 1097.5 मि.मी. बारिश हुई और किन्नौर में 199 फीसदी औसत से ज्यादा बारिश हुई। कुल्लू में 476 मि. मी., मंडी में 546 मि. मी., शिमला में 584.6 मि. मी., सोलन में 735.7 मि. मी. वर्षा जुलाई मास में रिकार्ड की गई। अधिकांश जिलों में यह आज तक का अधिकतम है। लाहुल-स्पीति और कांगड़ा को छोड़ कर सभी जिलो में औसत से अत्यधिक बारिश हुई। हालांकि अगस्त में कांगड़ा में भी भारी बारिश में कई जगह बादल फटने जैसे हालात बने हैं। विधानसभा सीट जवाली के कोटला में गांव के ऊपर बादल फटने से बीस पच्चीस घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में हिमालय जैसी नाजुक और विकट पर्वत श्रृंखला में बहुत ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। खासकर बांध, सडक़ निर्माण और भवन निर्माण में बहुत सावधानी की जरूरत है, किन्तु हो इससे उल्टा रहा है। मनमर्जी से हर कहीं घर बनाए जा रहे हैं, बांध निर्माण में हर नदी नाले को पूरी तरह से दोहन करने की दौड़ लगी है, और सडक़ निर्माण में हर घर तक सडक़ पहुंचाने के प्रयास हो रहे हैं। आवागमन की सुविधा हर नागरिक का अधिकार है, किन्तु हिमालय में सावधानी पूर्वक यह देखा जाना जरूरी है कि भूगर्भीय दृष्टि से यह कहां संभव नहीं है। जहां सडक़ें बनाई जा रही हैं वहां भूगर्भीय कारकों का कोई ध्यान नहीं रखा जाता है। सडक़ निर्माण के लिए पर्वतीय क्षेत्रों के लिए उपयुक्त तकनीक क्या हो, इस दिशा में भी कोई ध्यान नहीं है। हर कहीं मनमर्जी से मलबा फेंक दिया जाता है। 90 डिग्री पर कटिंग की जा रही है, जबकि कटाई 'एंगल ऑफ रिपोज' पर की जानी चाहिए। जहां तक संभव हो सडक़ निर्माण 'कट एंड फिल' तकनीक से किया जाना चाहिए। जहां जहां फोरलेन का काम लगा है या जहां ग्रामीण सडक़ों के लिए मनमानी डंपिंग की गई है।

बादल फटने की घटनाओं से प्रदेश दहल गया है। भारी बारिश और बादल फटने की घटना में तकनीकी रूप से कुछ अंतर होता है। जब एक छोटे 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक घंटे में 10 सेंटीमीटर या इससे ज्यादा बारिश हो जाए तो उसे बादल फटना कहते हैं। हालांकि बादल फटने की पूर्व चेतावनी पूरी तरह से संभव नहीं है, फिर भी 12 घंटे पहले तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी संभव हो गई है। यह चेतावनी एक बड़े क्षेत्र के लिए होती है, सटीक स्थल की पहचान न होने के कारण मोटी सावधानी तो ली जा सकती है, किन्तु घर के अंदर बैठे बिठाए मुसीबत सिर पर आ जाए तो बचना कितना कठिन होता है, इसका अंदाजा भी लगाया नहीं जा सकता है।

दृष्टिकोण

बिन मसाले सब सून...

हफ्ते बाद गांव से शहर आया तो अपने पड़ोसी के टेरस पर मसालों का खेत देख दंग रह गया। उनके टेरस को खेत में बदला देख लग रहा था ज्यों मैं अभी भी गांव में ही हूं। इस वक्त मैं कहां हूं, यह जानने के लिए मैंने अपने दिमाग पर थप्पड़ मारा तो शहर की गंदे विचार फेफड़ों में जा घुसे तो तब जाकर मुझे पता चला कि तू गांव में नहीं, शहर आ गया है पगले। टेरस पर उन्होंने मिर्च, जीरा, धनिया, बड़ी इलाइची और भी पता नहीं क्या क्या फूलों को गमलों से निष्कासित कर लगाया हुआ था। मिर्च, जीरे की बात तो समझ आ रही थी, पर धनिया, मेथी...माजरा समझ में नहीं आ रहा था। अभी मैं उनके खेत हुए टेरस को कृषि विज्ञानी की तरह हर एंगल से जिज्ञासु नजरों से निहार ही रहा था कि एकाएक वे स्प्रे वाला पंप पीठ में उठाए केजुअल किसान की तरह लस लस हुए प्रगट हुए तो दंग रह गया। 'ये क्या वर्मा जी ! टेरस पर योगा की जगह मिर्च मसाले? अब योगा कहां होगा?' 'योगा को मारो गोली यार ! शारीरिक फिटनेस से जरूरी जीभ की फिटनेस होती है बंधु ! यह जीवन मसालों के बिना शून्य है। देखते नहीं, मसालों के दाम आसमान छू रहे हैं। मसाले के बिना समाज में कुछ नहीं चलता। न जीभ, न राजनीति। फिल्में तो बिल्कुल भी नहीं। सद्साहित्य में भी जो मसाला न डाला जाए तो उसे भी कोई नहीं पूछता। इसलिए कुशल बावर्ची को अपना मन मारकर सात्विक भोजन में भी चोरी छुपे मसाला पाना ही पड़ता है, तब जाकर सात्विक भोजन सात्विक होता है। जो बिन मसालों की सीधी सच्ची बातें करते हैं, वे आदर्श होकर भी भूखों मरते हैं। मसाले केवल मसाले नहीं, टमाटर, अदरक की तरह स्टेटस सिंबल भी होते हैं। किचन से दाल में मसाले की बास न आए तो लानत है ऐसी रसोई को। इसलिए समझदार की किचन में दाल हो या न हो, पर मसाल्के जरूर होने चाहिएं। जो आज बाजार से जीरा, धनिया लाता है, वह मुहल्ले में पूजा जाता है।' फिर वे बड़ी इलाइची के पौधे को पुचकारते आगे बोले, 'वाह ! क्या एंग्री जीरे, मेथी के पौधे हैं', देखते ही देखते उनके पूरे बदन से जीरे की खुशबू आने लगी। 'पर जितने को इनमें जीरा, बड़ी इलाइची लगेंगे, उतने को तो हो सकता है कि...।' 'हो सकता है तब जीरा, बड़ी इलाइची के रेट और भी आसमान छू रहे हों। अच्छे दिनों के सपने देखो मियां ! अच्छे दिनों के ! तुम भी क्या...बंधु ! न बाजार में जीरा, बड़ी इलाइची आंखें तरेरते और न यह योग करने वाला टेरेस मसालों के पौधों के खेत में बदलता', कह उन्होंने कीटनाशक से भरे बीस लीटर के स्प्रे पंप की नोजल मेरी ओर की तो मैंने अपने को बचाने की भरपूर कोशिश की। पानी, दूध से लेकर आटा, दाल तो सब कीटनाशकों वाला ही खा पी रहा हूं, पर वह सीधा नहीं पेट में नहीं जा रहा। पर बंधु तो अब मुझ पर सीधी स्प्रे करने को उतारू हो गए। 'बंधु ये क्या? मसाले के पौधे इधर नहींस उधर हैं। घर में तो कम से ऑर्गेनिक उगा लेते।' 'ऑर्गेनिक खाऊंगा तो बीमार नहीं हो जाऊंगा! फिर लगाते रहो अस्पताल के चक्कर पर चक्कर! और वहां डॉक्टर कंपनियों से सांठ गांठ कर दवा ऐसी लिखें कि न मरीज मरे, न जिए। बस, दवाइयों की फैक्टरी चलती रहे। अब तो वेदनाओं से लेकर संवदेनाओं तक सबको कीटनाशकों का स्प्रे हुआ खाने पीने की आदत हो गई है बंधु!' बात तो एकदम सोलह आने सच थी। आखिर उन्होंने अपने स्प्रे पंप की नोजल दूसरी ओर की तो मेरी सांस में सांस आई। कुछ देर सांस लेने के बाद मैंने कहा, 'बंधु! मिर्च, जीरा, बड़ी इलाइची तो समझ में आ रहे हैं, पर ये धनिया, मेथी?' 'जीभ के रसिकों के बाजार में कब कौन सा मसाला महंगा हो जाए, कुछ नहीं कहा जा सकता। बस, इसीलिए अभी से भविष्य की मसाला महंगाई से लडने की रणनीति पर काम कर रहा हूं, ताकि...।' सोचा न था अपने पांव के पास देखने वाले बंदे को मिर्च, मसाले के भाव इतना दूरदर्शी बना देंगे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, शनिवार, 02 सितंबर 2023| पेज 7

तुबेद कोयला खान परिसर स्थित कांटाघर में आग लगाने वाले 5 अपराधी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : लातेहार पुलिस को पिछले दिनों दामोदर घाटी निगम के तुबेद कोयला खान क्षेत्र परिषर में कांटा घर को आग के हवाले करने और सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट करने के आरोप में पांच अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफल हुई हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर बताया कि 21 अगस्त के मध्य रात्रि में कुछ हथियार बंद अपराधिकर्मियों द्वारा दामोदर घाटी निगम के तुबेद कोयला खान स्थित कांटा पर में प्रवेश कर मुख्य गेट पर तैनात सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट करते हुए कांटा घर में तैनात कांटा घर सुपरवाईजर एवं उनके एक सहयोगी के साथ मारपीट कर कांटा घर को आग लगाकर जला दिया था। साथ ही दो राउण्ड फायरिंग की घटना को भी अंजाम दिया गया था। इस दौरान अपराधियों द्वारा कोल माइंस के अन्दर प्रवेश कर कोयला

उत्खनन कर रहे हाईवा एवं मशिनरियों को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया पर वहीं मौजूद स्थानीय पुलिस की तत्परता एवं कंपनी के सुरक्षागार्ड के द्वारा इस घटना को घटित होने से रोका गया था।इस घटना के बाद अपराधकर्मियों के त्वरीत गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था। इस छापामारी दल के सदस्यों के द्वारा बालूमाथ, लातेहार, चंदवा आदि स्थानों पर छापामारी करते हुए इस घटना में संलिप्त पायें गये 05 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से हथियार, गोली, खोखा, मोबाईल तथा चितकबरा फौजी वर्दी आदि बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नामः 01. चंदन कुमार यादव, पे0 स्व0 परवीन यादव, सा0 अम्बाझारण, थाना व जिला लातेहार, 02. दिलीप यादव, पे0 फूलदेव यादव, सा0 लेजांग, थाना बालूमाथ जिला लातेहार, 3. दिपेन्द्र उरांव, पे0 सुजन उरांव, सा0 टेमकी, थाना व जिला लातेहार, 04 उमेश कुमार यादव, पे0 अजय यादव, सा0 टेमकी, थाना व जिला लातेहार, 05. गुड्डु उरांव उर्फ विशुनदेव उरांव, पे0 स्व0 मोहरा उरांव, सा0 बालू थाना बालूमाथ, जिला लातेहार, जब्त समानों की विवरणी 01. एक 315 बोर का देशी कट्टा 02. एक एयर गन 03. एक 315 बोर का राउण्ड 04. एक 0.315 बोर का खोखा 05. एक चितकबर वर्दी 06. एक मोबाईल फोन सिम लगा हुआ छापामारी दल में लातेहार डीएसपी संतोष कुमार मिश्र, लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, बालूमाथ अंचल पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार, दिवाकर धोबी, शाहरुख, गौरव सिंह, देवानन्द कुमार, राजरौशन सिन्हा, रोहित कुमार महतो, और सशस्त्र बलों के जवान शामिल रहे।

लगातार हो रही है इमारती पेड़ों की कटाई ट्रेकर गार्ड संदेह के घेरे में

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत वन क्षेत्र में इन दिनों लगातार इमारती पेड़ों की कटाई दिन दहाड़े हो रही है। जहां इस सिलसिले में छिपादोहर पश्चिमी रेंज के सैदूप कंपार्टमेंट (7) भेलवा कोना जंगल में पिछले कुछ दिनों से इमारती वृक्ष सखुआ की कटाई की जा रही थी और चार पहिया वाहन के टायर के निशान बता रहे हैं कि लकड़ी माफियाओं के द्वारा कुछ लकड़ी निकाले भी गए हैं पर वन विभाग के कर्मियों को इसकी भनक भी नहीं रही। वहीं बीती रात ग्रामीणों की सूचना पर शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने स्थल पर जाकर नौ पीस सखुआ का बोटा जब्त कर रेंज कार्यालय बरवाडीह लाया, जिसकी कीमत लगभग पांच लाख रुपए आंका जा रहा है।वहीं इस मामले में ग्रामीण बताते हैं कि इतने बड़े पैमाने पर लकड़ी की कटाई लगातार किस तरह से हो रही है यह समझ के परे है जबकि वन संपदा की दिन-रात रक्षा के लिए वन विभाग के फोरेस्टर, फोरेस्ट गार्ड , ट्रेकर गार्ड

अपना ड्यूटी बजा रहे हैं बावजूद इसके लकड़ी का अवैध कारोबार जारी है। वहीं इस संबंध में रेंजर अजय टोप्पो ने बताया कि दो दिन पहले ही सैदूप से ही तीन चार बोटा को जब्त कर कार्रवाई करते चार अभियुक्तों को जेल भेजा गया है। शुक्रवार को बोटा जब्ती पर अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है,दो तीन दिनों के अंदर उनकी पहचान कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा इस घटना में संलिप्त चाहे कोई भी बख्शा नहीं जाएगा। बताते चलें कि रेंजर अजय कुमार टोप्पो लगभग एक माह पूर्व यहां योगदान दिए हैं।

टंडवा व्यापार मंडल के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए : विजय गिरी

टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता): आमसभा के माध्यम से शुक्रवार को टंडवा व्यापार मंडल सहयोग समिति के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हो गया। मौके पर मौजूद निर्वाचन पदाधिकारी सह सहकारिता प्रसार पदाधिकारी हंटरगंज अनिल कुमार गुप्ता ने अध्यक्ष विजय कुमार गिरी व प्रबंधकारिणी सदस्यों जितेन्द्र नायक, नत्थु गुप्ता, मंगलदेव सिंह, कृष्णा उरांव, विजय पांडेय, निर्मल घांसी, मुकेश महतो, विजय पाठक को संबंधित प्रमाण- पत्र सौंपा गया। उपस्थित लोगों ने खुशी जाहिर करते हुवे विजेताओं को बधाई दिए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय,बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव,संजय पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

मृतक के परिजनों को डीलर संघ ने की आर्थिक सहयोग

लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता): जिरहुल फूल महिला समूह के अध्यक्ष रालो देवी एवं पति राम सागर उरांव दोनों के निधन के उपरांत डिलर संघ लातेहार के द्वारा 20 हजार का सहयोग राशि दिया गया है। आपको बता दें कि 27 अगस्त को चंदवा प्रखंड के मेघा हॉस्पिटल के पास ट्रक के चपेट में आने से लातेहार सदर थाना क्षेत्र के पांडेपूरा पंचायत के बेसरा ग्राम का रहने वाले डीलर पति-पत्नी दोनों की मौत हो गई थी इसके बाद शुक्रवार को डीलर संघ के सदस्यों ने मृतक के निवास स्थान पहुंचे और उनके परिजनों से मुलाकात किया इसके उपरांत संघ के द्वारा 20 हज़ार रुपये देकर उनको मदद किया गया। परिवार वालों को आश्वासन दिया कि आप लोगों को जब भी जरूरी पड़े आप लोग बेहिचक अपनी बात संघ के बीच रखें आपकी हर समस्या का निदान करने का प्रयास किया जाएगा मौके पर केदार प्रसाद, अंजुम कमाली कमलेश उरांव,सुनीता देवी,निसाद आलम समेत कई लोग मौजूद थे।

नल जल और शौचालय को लेकर जलसहिया का उठाया मुद्दा

प्रभात मंत्र संवाददाता

मयूरहंड : प्रखंड के पंदनी पंचायत सचिवालय में मुखिया हरि भुईयां की अध्यक्षता में पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं को लेकर बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत के जलसहिया सदस्यों ने अपना उग्र तेवर दिखाते हुए कहा कि ठेकेदारों के द्वारा नल जल और शौचालय बनाया जा रहा है। मुखिया ने बताया कि पंदनी पंचायत सचिवालय के 100 मीटर की परिधि में करोड़ों रुपए के लागत से पानी टंकी बनाया गया है बावजूद इसके पंचायत के अधिकांश गांवों में नल जल योजना विभागीय कर्मियों की लापरवाही के कारण पंचायत वासी बूंद बूंद स्वच्छ जल के लिए तरस रहे हैं। बैठक में स्वच्छ जल को लेकर गहन रूप से चर्चा किया गया इस दौरान कुछ ग्रामीण भी मौजूद थे जिन्होंने साफ तौर पर कहां की पीएचडी विभाग के द्वारा पंदनी पंचायत की अपेक्षा किया जा रहा है जिसके कारण इस पंचायत के लोग स्वच्छ जल के लिए तरस रहे हैं अगर विभागीय कर्मियों की लापरवाही इसी तरह चलता रहा तो पंचायत वासी बड़े आंदोलन करने के लिए अपना रास्ता अख्तियार करेंगे। और इसकी सारी जिम्मेवारी प्रखंड प्रशासन से लेकर जिला मुख्यालय की होगी। बैठक में मुख्य रूप से सोनी देवी, उनीता देवी, सुरबाला सिंह, मीरा कुमारी, अंजू देवी, चिंता देवी वीरेंद्र साव शारदा कुमारी बैठक में हिस्सा लिया।

पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर पत्रकारों ने किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

मयूरहंड : मयूरहंड के पत्रकारों ने पत्रकारिता को बेहतर और निर्भीक रूप से पत्रकारिता करने को लेकर करमा में बैठक किया। इस दौरान पत्रकार पत्रकारों ने बड़े जोर शोर के साथ पत्रकार सुरक्षा कानून पत्रकार पेंशन योजना और आए दिन और असामाजिक तत्वों के द्वारा पत्रकारों पर हमले को लेकर परिचर्चा किया गया।बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित मालिक बाबू, पिंटू राणा, नरेश राणा, हिमांशु सिंह आकाश सिंह जयशंकर प्रसाद वर्मा,रंजय सिंह सुभाष सिंह, मुन्ना कुमार हिस्सा लिया। उक्त पत्रकारों ने कहा कि देश का चौथा स्तंभ पत्रकार आज खतरे के दौर से गुजर रहा है और सरकार कुंभकर्णी निद्रा में सोई हुई है। पत्रकार खुद को खतरे में डालकर पत्रकारिता करता है और लोगों की समस्याओं को सरकार तक विभिन्न समाचार वह चैनल के माध्यम से पहुंचने का काम करता है लेकिन पत्रकारों को सुरक्षा देना के नाम पर सरकार वादे तो करती है लेकिन मुकर जाती है यह सौतेला व्यवहार नहीं चलेगा।

गैस एजेंसी संचालक पर गैस के दाम अधिक वसूली करने का आरोप

बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता): बालूमाथ दिवाकर निवास नगर निवासी अखिलेश भोगता ने लातेहार उपायुक्त के नाम पर एक आवेदन देकर निर्धारित दर से 200 रुपये अधिक गैस की राशि लेने का आरोप लगाया है दिए गए आवेदन में अखिलेश भोगता ने कहा कि गुरुवार की शाम लगभग 7:30 बजे मैं एचपी गैस ऑफिस गया और अपना कार्ड दिखाते हुए गैस सिलेंडर की मांग की तो उनके द्वारा 1160 रुपया जमा करने को कहा गया। मैंने कहा कि अब 200 रुपये घटा कर 960 रुपया दर निर्धारित हो गया है तो 1160 रुपया में कैसे दूंगा। इस पर उन्होंने कहा कि मैं 1160 रुपया ही लूंगा आपको जहां जाना है जा सकते हो। मैंने कहा कि 1160 का रसीद दीजिए तो वह बोला रसीद नहीं मिलेगा। मेरे द्वारा यह कहा गया कि मोदी जी गैस का दाम घटकर 960 रुपये कर दिया है तो गैस एजेंसी संचालक द्वारा कहा गया कि मोदी जी पागल हो गए हैं और मोदी जी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया ।गैस संचालक द्वारा यह भी कहा गया कि अगर आपके घर में गैस समाप्त हो गया है तो यह परेशानी आपकी है मैं बिना 1160 रुपया लिए हुए आपको गैस किसी भी कीमत पर नहीं दे सकता हूं आपको जहां जाना है आप जा सकते हैं। अखिलेश भोगता ने उपायुक्त से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में गैस संचालक मोहम्मद तौफीक ने कहा कि मेरे स्टाफ के द्वारा अधिक पैसा की मांग की गई थी उसके जानकारी में नहीं था और मैं मोदी जी के खिलाफ कभी भी कोई अभद्र टिप्पणी नहीं किया।

दो गुटों में जम कर मारपीट में दर्जनों घायल मिनी मार्केट के झूला कर्मी भी घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : थाना क्षेत्र के सिमरिया चौक करीब खादी बोर्ड मैदान में इन दिनों मिनी मार्केट लगा हुआ है। जहां मौत का कुआं, बड़ा झूला आदि मनोरंजन के लिए लगाया गया है। बीते गुरूवार देर शाम 10 बजे अपनी वर्चस्व तथा छेड़छाड़ को लेकर दो गुटों में भिड़ंत हो गयी जिससे आधा दर्जन लोग घायल हुए ।साथ हीं मारपीट में झूला कर्मी भी घायल हो गया। मारपीट को लेकर दोनों गुटों में तना तनी बढ़ी हुई है ।एक दुशरे को देख लेने तथा खूनखराबा करने पर उतारू है। कभी भी बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। हलाकिं बुद्दिजीवियों द्वारा दोनों पक्षों को समझाने बुझाने में लगे हुए थे किंतु नवयुवकों ने किसी की बात मानने से इंकार कर दिया। ऐसे में उक्त मिनी मार्केट में कभी भी खूनखराबा हो सकता है। चुकी मिनी मार्केट मनोरंजन की साधन नहीं, जान जाने की साधन बन चुकी है। आखिर इसका जिम्मेवार कौन होगा। हालांकि मारपीट के बाद पुलिस वहां पहुंची तब तक लड़ाकू युवक फरार हो चुके थे। जबकि मिनी मार्केट में हजारों की भीड़ रहती है। परंतु नियंत्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। ऐसे में मिनी मार्केट लगाने की कोई औचित्य नहीं है।

प्रखंड क्षेत्र में हो रहे अनाज घोटाले की चर्चा हीं चर्चा

- कार्डधारी मायूस, घोटालेबाज मालोमाल, यही है डिजिटल इंडिया का कमाल
- खाता न बही जो घोटालेबाज करे वही सही, विकास शील देश का नारा यही है सही

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखंड क्षेत्र में पूर्व की तरह एक बार फिर अनाज घोटाले का मामला चारों तरफ छाया हुआ है। इस बार प्रखण्ड क्षेत्र के डीलरों द्वारा लाभुकों को निर्धारित माप से पांच किलो अनाज कम दिया है। अनाज कम बांटने से जहां लाभुक नाराज हैं वहीं राजनीतिक कार्यकर्ताओं और स्वयं सेवी संगठनों ने इसकी भर्त्सना की है। उनका कहना है कि सिमरिया प्रखंड में लगातार अनाज का घोटाला किया जा रहा है किंतु सूचना के बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। आपूर्ति विभाग का यह मौन मिली भगत का संकेत है। जबकि यह योजना केंद्र सरकार का है किंतु कोई भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस पर कुछ बोलने या करने से कतरा रहे हैं। जबकि यहां सांसद सुनील सिंह और विधायक किसुन दास है। मामले को लेकर सीपीआई के अंचल मंत्री गयानाथ पांडेय ने अनाज घोटाले की निंदा की है और बीडीओ को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। झामुमो के नेताओं ने भी अनाज घोटाले को गरीब विरोधी बताया है और दोषी डीलरों का अनुज्ञप्ति रद्द करने की मांग की है। सामाजिक संगठन विकास मंच ने भी अनाज घोटाले को बर्बर बताया है और कठोर कार्रवाई की मांग की है। महिला स्वयं सहायता समूह ने भी घोटाले पर संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। वही कहावत है कि कार्डधारी मायूस, घोटालेबाज मालोमाल,यही है डिजिटल इंडिया का कमाल।खाता न बही जो घोटालेबाज करे वही सही, विकास शील देश का नारा यही है सही।

बन्द घर में अज्ञात चोरों ने नगद सहित कीमती समान चोरी का दिया अंजाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : चतरा शहर में इन दिनों चोरी का घटना बढ़ते जा रहा है। मामला सदर थाना क्षेत्र के दिभा मुहल्ला के छठ तालाब वार्ड नंबर 7 के निवासी सुनील कुमार यादव का है।जहां बन्द घर में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ कर चोरी कर लिया।चोरो ने घर का ताला तोड़कर घर से नगद सहित हजारों रुपये मूल्य की सामग्री चुरा ली।भुक्तभोगी सुनील कुमार यादव ने सदर थाना में लिखित शिकायत देकर करवाई की मांग किया है। सुनील कुमार यादव ने बताया कि रक्षाबंधन को लेकर सभी लोग गांव कुंदा प्रखंड के इचातु गांव चले गए थे। जब दूसरे दिन वापस लौटे तो देखे घर का ताला टूटा हुवा है। और घर मे सारा सामान बिखरा पड़ा है।घर मे रखे अलमारी में चोरों ने ताला तोड़ कर 25000 नगद के साथ लैपटॉप सहित मैट्रिक, इंटर का सर्टिफिकेट एवं अन्य कागज भी चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। वही चोरों ने इस तरह के चोरी की घटना बार- बार कर के चतरा शहर में पुलिस को खुली चुनौती चोर दे रहे है।

डॉक्टर अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ. अनुग्रह नरायण उच्च विधालय में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को सपथ ग्रहण किया गया। 1 सितंबर से 15 सितंबर तक सभी विधालय में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिस में मुख्य रूप से विधालय में अध्यनरत छात्राओं को महावारी से सबंधित जानकारी एवं विधालय की साफ सफाई सहित अपने टोला मुहल्ला को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना है। विधालय के प्रधानध्यापक गणेश कुमार शास्त्री ने कहा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विधालय के बाल संसद, विधालय प्रबंधन समिति, ग्रामपंचायत प्रतिनिधि व शिक्षक, शिक्षिका सभी कार्यक्रम में अपना योगदान देंगे तभी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निर्धारित उद्देश्य सफल होगा।

पंचायत समिति कार्यकारिणी की बैठक को पंचायत समिति सदस्यों में किया बहिष्कार

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्धौर : प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति के कार्यकारणी की बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने किए। बैठक में जिला परिषद सदस्य अनीता देवी भी उपस्थित थीं। जिन्होंने बैठक शुरुआत होते ही प्रखंड के कोई भी बैठक में जिला परिषद सदस्य का जगह नहीं होता है।इस बात को बिडियो से बोली जिसका निराकरण करने की बात बिडियो ने कहे। आगे 2023-24 के लिए योजनाओं को लेकर चर्चा की गई। जिसमें लगभग 32 लाख रुपए का योजना प्रखंड के अंतर्गत सभी पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा करवाई जानी है। बिडियो ने इस बात को सभी उपस्थित सदस्यों के बीच बतलाएं। जिसको लेकर पंचायत समिति के उपस्थित सभी सदस्यों ने बैठक को बहिष्कार करते हुए बोला कि पूर्व में की गई योजना जो धरातल पर बनाई गई है??। परंतु अब तक पिछले योजना का भुगतान नहीं हो पाया है। और पुनः नई योजनाओं का चयन करने को लेकर बैठक बुलाई गई है।जब तक पुराने योजना में भुगतान नहीं होता है।तब तक कोई भी योजना कार्यकारिणी की बैठक में पारित नहीं होगी। उप प्रमुख प्रीतम यादव ने मौखिक रूप से यह भी बताए हैं। कि पिन्डारकोण में पंचायत समिति के द्वारा कार्यकारिणी में योजना का पारित नहीं हुआ है। और योजना अपने मर्जी से रजिस्टर में चढ़ाकर उल्क्रमित मध्य विद्यालय में पीसीसी का कार्य करवा दिया गया।और उसका भुगतान भी कर दिया गया है।बाकी योजनाओं में भुगतान अब तक नहीं किया है। एवं कई मुद्दाएं बैठक में उठाई गई?।मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य लालो साव प्रियांशु कुमारी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सीताराम रजक व अन्य लोग उपस्थित थे।

शक्ति की आराध्य देवी मां दुर्गा की मन्दिर निर्माण के लिये रक्षाबंधन के अवसर पर किया गया विधिवत भूमि पूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : प्रखंड के सिंहपुर ग्राम में शक्ति की आराध्य देवी माँ दुर्गा की मन्दिर निर्माण के लिये रक्षाबंधन के अवसर पर सावन पूर्णिमा के दिन विधिवत भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन मां दुर्गा की भक्त संगीता देवी व पति श्रवण बैठा ने किया। भूमिपूजन के बाद विधिवत 24 घण्टे का अखण्ड कीर्तन का आयोजन किया गया.इस अवसर पर संगीता देवी ने कहा कि वे वर्षो से मां दुर्गा की पूजा अर्चना करतीं हैं, उनके मन मे माँ दुर्गा की मंदिर निर्माण कराने का भाव आया था जो आज भूमि पूजन से प्रारम्भ हो गया है.वे अपने घर मे माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कराकर वहीं पूजा अर्चना करती है। भूमि पूजन के अवसर पर भंडारा का आयोजन भी किया गया था.भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। भूमिपूजन में शेषमन बैठा, श्रवण बैठा, ईश्वरी चौधरी, सत्येन्द्र कुमार, उप मुखिया शारदा पासवान, कन्हाई पासवान, लव पांडेय, बिनोद सिंह, जितेन्द्र पासवान, नागेंद्र सिंह, नरेंद्र ठाकुर, उदय कुमार ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पलामू उप विकास आयुक्त रवि आनंद पंहुचे नावाबाजार, संचालित योजनाओं का किया औचक निरीक्षण निरीक्षण

मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता): उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने शुक्रवार को जिले के नवाबाजार प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित कार्य, बागवानी, सीपीटी एवं आवास की योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कुम्भी कलां पंचायत अंतर्गत ग्राम तामदगा में दुत्कालो देवी के खेत मे संचालित हो रहे आम बागवानी में पौधरोपण किया। तत्पश्चात उन्होंने योजना स्थल पर जिंदा घेरान करने का निर्देश दिया ताकि जानवरों से पौधो की बचाव हो सके। इसके बाद उन्होंने सबंधित पदाधिकारी को सीपीटी के निर्माण कार्य को दुरुत गति से पूरा कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उपविकास आयुक्त ने मनरेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों एवं अधूरे पड़े पीएम आवास के निर्माण कार्य को ससमय पूरा करने का निर्देश सबंधित पदाधिकारियों को दिया। मौके पर उपविकास आयुक्त रवि आंनद ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत लाभुकों तक पंहुचे इसके लिए जिला प्रशासन पूरी ततपरता से लगी हुई है। मनरेगा योजना व पीएम आवास जैसे कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो सबंधित लोगो के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

समाजसेवी बाबर कुरैशी ने अपने घर पर रक्षाबंधन मनाया

गिद्दी : हजारीबाग के समाजसेवी बाबर कुरैशी के घर पर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया जिसमें उनकी पुत्री सोएबा इमाम ने अपने भाई सोएब ईमाम,सहाब ईमाम के कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया वही बाबर कुरैशी ने कहा रिश्ता तो दिल से जुड़ा है एक वक्त था जब कि हुमायूं को भी रानी पदमावती ने राखी भेजी थी और मदद मांगी थी रक्षाबंधन तो ऐसा त्योहार है, जिसे बिना भेदभाव के पूरा देश मनाता है इस्लाम तो औरों की भावनाओं की कद्र करने की सीख देता है और रक्षाबंधन का त्योहार भी बहन की रक्षा करने के लिए प्रेरित करता है।

सीपीआई अरगड्डा-सिरका कार्यकर्ता रामगढ़ धरने में हुए शामिल

सिरका : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के अरगड्डा क्षेत्र सहसचिव सुशील कुमार सिन्हा के नेतृत्व में शुक्रवार को रामगढ़ डीसी ऑफिस के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। इसे लेकर कम्युनिस्ट नेता सुशील कुमार सिन्हा ने बताया कि सीपीआई के 12 सूत्री मांग हैं। इसमें पूरे झारखंड को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानो की खेती का मुआवजा देने, 60 साल के ऊपर वृद्धि और विधवाओं को दस हजार पेंशन देने आदि जनहित से जुड़े मांगे शामिल हैं। धरने में जाने वालों में राजेश, गोपाल बेदिया, मंगल, बिरसा महतो, सोमरा उरांव, बिरेंद्र सिंह, मनोज रजक समेत कई थे।

अरगड्डा- सिरका में 3 घंटे रहा बिजली गुल, लोग परेशान

सिरका : कोयलांचल अरगड्डा-सिरका के सीसीएल मजदूर कॉलोनी में दोपहर एक बजे के बाद बिजली गुल हो गई। जो 3 घंटे के बाद करीब 4 बजे शाम करेंट आपूर्ति शुरू हो पाई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अरगड्डा जीएम ऑफिस सबस्टेशन विद्युत सप्लाई 11 हजार पोल पर अर्थिंग की समस्या थी। जिसे विद्युत विभाग के कामगारों के द्वारा ठीक किया जा रहा था। इधर 3 घंटे के बिजली सप्लाई कटने के बाद मजदूर कॉलोनी में रहने वाले बुजुर्गों, बच्चों वृद्धो, रोगियों को उमश भरी गर्मी से काफी बेचैनी और परेशानियों का सामना करना पड़ा।

ट्रेन की चपेट में आने से बिरहोर घायल, रेफर

बरही : जामु खांडी रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के चपेट में आने से केवाल बिरहोर टोला निवासी झारही बिरहोर पिता बुधन बिरहोर उम्र 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक झरही बिरहोर ट्रेन पर चढ़ने के दौरान उसका हाथ ट्रेन के चपेट में आ गया ।

न्यायालय द्वारा चोरी के मामले में दोषी को सजा सुनायी गयी

रामगढ़ : रामगढ़ में स्मृति त्रिपाठी, प्रथम श्रेड़ी दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा चोरी के मामले में दोषी को सजा सुनायी गयी। ग़ौरतलब है कि वर्ष 2017 में एक व्यक्ति गोला स्टेशन के बाहर अपनी बाइक लगा कर अपने दोस्त को लाने गया। जब वह बाहर आया तो बाइक ग़ायब थी और ढूँढने पर भी नहीं मिली। इस पर उसने थाने में केस दर्ज किया और पुलिस ने अभियुक्त के घर से उक्त बाइक को बरामद किया। न्यायालय द्वारा पाया गया कि अभियुक्त के घर पर वह बाइक कैसे आयी यह बताने में वह आसक्षम रहा इसलिए उसे धारा 511 भ?द?वी? के तहत दो साल की सज़ा व 10,000/- रुपय का जुर्माना देना होगा। यदि जुर्माना नहीं दिया गया तो उसे अतिरिक्त 15 दिन की सज़ा और काटनी होगी।वहीं अभियोजन यह साबित करने में आसक्षम रहा कि चोरी कि हुई जो बाइक अभियुक्त के घर से मिली, उसे अभियुक्त द्वारा ही चुराया गया था इसलिए अभियुक्त को धारा 379 भदवी में बरी किया गया।

विभिन्न मांगों के समर्थन में अभाकिस व झाप्रवयू ने निकाला जुलूस, उपायुक्त कार्यालय के समक्ष की सभा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ अखिल भारतीय किसान सभा एवं झारखंड प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान मजदूर मांग दिवस पर शुक्रवार को रामगढ़ एन एच 33 से झंडा बैनर के साथ जुलूस निकाला। जुलूस उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, भाकपा राज्य सचिव सह किसान सभा के महासचिव महेंद्र पाठक ,वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता डॉक्टर बी एन ओहदार, जिला सचिव साबिर अंसारी,जिला अध्यक्ष घनेनाथ चौधरी सहित सैंकड़ों की संख्या में किसान-मजदूर पार्टी व यूनियन के झंडा बैनर के साथ शामिल थे। जुलूस की अगुवाई उक्त नेताओं द्वारा किया जा रहा था। जबकि शामिल लोग अपने मांगों के समर्थन में गगन भेदी नारे लगा रहे थे।जुलूस उपायुक्त कार्यालय के समक्ष पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया।सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष घनेनाथ चौधरी व संचालन जिला सचिव साबिर अंसारी ने किया। मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा की पूर्व की रघुवर सरकार 23 लाख हेक्टेयर गैरमजरुआ जमीन को भूमि बैंक में डाल दिया। जिसका रसीद आज भी बंद

है। देश में अडानी अंबानी की सरकार चल रही है । देश के कॉर्पोरेट घराने के इशारे पर सारे राष्ट्रीय संपत्तियों को बेचा जा रहा है। विस्थापितों को न तो उचित मुआवजा मिल रहा है और न हीं नौकरी।केंद्र की सरकार धर्म की राजनीति कर लोगों को बांट रही है।आने वाले लोक सभा चुनाव में मोदी सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी और देश में इंडिया की सरकार बनेगी।भाकपा के राज्य सचिव सह अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव महेंद्र पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि देश में किसान मजदूर दोनों आज बेहाल हैं। कल कारखानों में मजदूरों को डरा- धमका कर हटाया जा रहा है। रामगढ़ के ब्रह्मपुत्रा मेटलिक्स के प्रबंधन न्यूनतम मजदूरी मांगे जाने पर 14 मजदूरों को काम से बैठा दिया ।

प्रतिनिधि मंडल के साथ नवपदस्थापित रामगढ़ उपायुक्त से मिलें सांसद जयंत सिन्हा

विकास कार्यों को गति देने पर हुई चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : दिल्ली दौरे से वापस अपने लोकसभा क्षेत्र लौटे सांसद जयंत सिन्हा ने रांची से हजारीबाग जाने के क्रम में शुक्रवार को रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जिले के नव पदस्थापित उपायुक्त से मिले। प्रतिनिधि मंडल मे सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा ,नारायण चंद्र भौमिक,रंजीत पांडे,रविंद्र शर्मा,सुमन सिंह, योगेश दांगी एवं जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी शामिल थे।सांसद जयंत सिन्हा सहित सभी लोगों ने नवपदस्थापित उपायुक्त को शुभकामनाएं दी। सांसद ने रामगढ़ जिले में सांसद फंड एवं डीएमएफटी फंड से करवाए जा रहे विकास कार्यों में देरी पर चिंता जाहिर किया। उपायुक्त से मिलकर सांसद ने असंतोष जाहिर करते हुए कहा की रामगढ़ जिले में सीधे जनता से जुड़े छोटे छोटे विकास कार्यों हेतु सांसद मद से करीब ढाई करोड़ रुपए जारी किए जाने के बाद भी अनुसंशित मद में राशि का न पहुंचना चिंता का विषय है, और इसपर ध्यान देने की जरूरत है।सांसद ने गोला डीवीसी चौक पर बराबर जाम की समस्या के निराकरण का सुझाव देते हुए कहा की वहां गोलंबर बनाकर सड़कों का चौड़ीकरण करते हुए मास्ट लाइट लगाए जाने की जरूरत है।

समाजसेवी का जन्मदिन सदर अस्पताल एवं ओल्ड एज होम में मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : राकेश गुप्ता फैंस क्लब ने समाजसेवी राकेश गुप्ता का जन्मदिन सदर अस्पताल एवं ओल्ड एज होम में मनाया। इस दौरान सदर अस्पताल में इलाजरज मरीजों के बीच फल एवं बिस्कुट बांटकर मनाया। वहीं ओल्ड एज होम में निवास कर रहें वृद्धजनों के बीच क्लब के सदस्यों ने फल एवं बिस्कुट बांटकर मनाया। उनकी जन्मदिन पर समाज में अनोखा संदेश दिया। वृद्धजनों की चेहरे पर मुस्कान लाने का भरसक प्रयास किया एवं उनकी खुशियों में शामिल होने की पहल की। इस क्रम में सदर अस्पताल में इलाजरज मरीजों ने दुखदर्द बांटा एवं उनकी परेशानियों से अवगत होकर उत्तम परामर्श देने का कार्य किया। इस मौके पर समाजसेवी राकेश गुप्ता ने अपने जन्मदिन पर कहा कि हर कोई को अपना जन्मदिन जरूरतमंदों के बीच मनना चाहिए।

नईसराय अस्पताल में सतर्कता विभाग के पोस्टर लगे, लोगों में जागरूकता का संदेश फैलाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिरका : सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल नईसराय आपातकालीन सेवा बिल्डिंग द्वार व आस-पास शुक्रवार को सतर्कता विभाग के द्वारा जारी पोस्टर सुरक्षा कर्मियों ने लगाये। इसमें जनहित प्रकटीकरण और मुखबीरो की सुरक्षा संकल्प 2004 पीआईडीपीआई क्या हैं। शिकायत कहां किस प्रकार दर्ज करें, गोपनीयता के बारे में जागरूक किया गया हैं।

बाल संरक्षण कार्यालय में कार्यरत कर्मियों के अवधि विस्तार को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : जिला बाल संरक्षण कार्यालय, रामगढ़ में संविदा के आधार पर कार्यरत कर्मियों के अवधि विस्तार को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कर्मियों के बायोमैट्रिक अटेंडेंस की जांच व विगत वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कर्मियों की नियुक्ति हेतु अपनाई गई प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करने के उपरांत अवधि विस्तार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए वहीं उन्होंने कार्यों की समीक्षा के क्रम में एक कर्मी के कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मी से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने बाल

संरक्षण कार्यालय में सभी रिक्तियों के विरुद्ध नियम अनुसार एवं पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी स्थापना शाखा सहित अन्य उपस्थित थे।

झारखंड महाविद्यालय हौसीर में बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिद्दी : झारखण्ड महाविद्यालय होसीर के प्रगाण मे एक बैठक हुई जिसमें झारखंड डिग्री कॉलेज चलाने के लिए विचार विमर्श किया गया जिसमे झारखण्ड उच्च विद्यालयल को पूर्ण रूप से बन्द किया गया व झारखण्ड डिग्री कॉलेज %मैं नामांकन जारी किया जा रहा है इस झारखंड डिग्री कॉलेज को सुचारू रूप से संचालीत करने के लिए एक संयोजक मण्डली का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष चुकेन्द्र महतो सचिव-कुमेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष संजय राम, उपाध्यक्ष हुकुम नाथ महतै, व कार्य कारनी सदस्य मे नौ सदस्यों का भी चयन किया गया इस बैठक की अध्यक्षता हुकुम नाथ महतो व संचालन दिनेश्वर महतो,ने किया इस बैठक में मुख्य रूप उपस्थित भुनेश्वर महतो, चुकेन्द्र महतो, हुकूमनाथ महतो, संजय राम, श्रीनाथ दिनेश्वर महतो, केतर मुण्डा,आदि थे ।

बरही प्रेस क्लब का चुनाव तीन सितंबर को, अध्यक्ष सचिव व उपसचिव पद के लिए होंगा चुनाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही (हजारीबाग): बरही प्रेस क्लब का चुनाव आगामी 3 सितंबर यानी रविवार को होंगा। इस बाबत शुक्रवार को नामांकन वापसी की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान कमल शंकर पंडित, अमित सोनी, सोनू पंडित, सोमनाथ ठाकुर दो पद के लिए नामांकन प्रपत्र खरीदे थे, जिसमें कोषाध्यक्ष पद का नामांकन प्रपत्र कमल शंकर पंडित, कार्यकारिणी सदस्य का सोमनाथ ठाकुर, अमित सोनी व संयुक्त सचिव पद के लिए सोनू पंडित अपना नामांकन प्रपत्र वापस किए। वहीं नामांकन वापस लेने के बाद कमल शंकर पंडित संयुक्त सचिव व जयदीप सिंहा कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध जीत दर्ज किए। उपाध्यक्ष पद पर कृष्णा यादव व अजय कुमार कुशवाहा भी निर्विरोध जीत दर्ज किए। वहीं कार्यकारिणी सदस्य में मो. शोएब अख्तर, योगेंद्र प्रजापति व पंचम पाण्डेय भी निर्विरोध दर्ज किए। वहीं शुक्रवार को सभी

निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों को निर्वाचन कमिटी के सदस्य श्याम मोहन शर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, कृष्णा प्रजापति व दयानंद चौरसिया के हाथों प्रमाण पत्र सौप गया। वहीं अध्यक्ष पद के लिए राजदेव कुमार व बिपिन बिहारी पांडे, सचिव पद के लिए सोनू पंडित, अनुज कुमार सोनी, रितेश कुमार गुप्ता, सोमनाथ कुमार ठाकुर व राजेश प्रसाद केसरी, उपसचिव पद के लिए कुनकुन स्वर्णकार, सुरेंद्र निषाद व अमित कुमार सोनी मैदान में है।

ऋषिकेश सिंह ने की सदर अस्पताल में डायलिसिस की पुरानी व्यवस्था को बहाल करने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : भाजपा महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि ऋषिकेश सिंह ने बताया सदर अस्पताल रामगढ़ में अफरातफरी मची थी। सरकारी अस्पताल में किसी एंजेसी के माध्यम से गरीब व्यक्ति के लिए फ्री डायलिसिस का प्रबंध किया गया है। आज जब डायलिसिस के मरीज अंकित तिथि पर सदर अस्पताल पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि अब डायलिसिस के लिए मुफ्त की सुविधा बंद कर दिया गया है क्योंकि झारखंड सरकार ने उन्हें पैसा देना बंद कर दिया है। मुझे जब मालूम चला तो मैंने सदर अस्पताल रामगढ़ के अधीक्षक से मोबाइल पर जानकारी ली किंतु उनके जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर सिविल सर्जन से मोबाइल पर वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बात की और अविलम्ब पुर्व सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया जिसपर उन्होंने सकारात्मक पहल करने की बात कही ।और उन्होंने यह भी जानकारी दी कि झारखंड के पांच से अधिक सदर अस्पताल में भी यही हाल है। इस सम्बन्ध में मैंने अपने सांसद जयंत सिन्हा को भी अवगत करवाते हुए संबंधित विभाग से सही जानकारी लेते हुए रामगढ़ उपायुक्त को त्वरित कदम उठाने का सुझाव दिया।

सांसें हो रही कम, पौधे लगाएं हम : संजय कुमार प्रजापति

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : झामुमो नेता सह बीस सूत्री सदस्य संजय कुमार प्रजापति पिछले कुछ वर्षो से उनका पर्यावरण के प्रति प्रेम दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने अपने जीवन मे एक लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रत्येक वर्ष अपने निजी खर्च से कम से कम सौ फलदार एवं नीम ,पीपल पौधों का रोपण तथा संरक्षण का बीड़ा उठाया है।इसके अतिरिक्त मनरेगा से उन्होंने विष्णुगढ़-बक्सपुरा मार्ग के टण्डा में सैकड़ों फलदार पौधों को लगाया है,जिन्हें गर्मी के दिन में भी कुबरी नदी से जल भरकर पटवन का कार्य जारी रखा,आज सभी पौधे हरे-भरे लहलहा रहें है। आने वाले चंद वर्षों में पौधे बड़े होकर पथिको को ठंडी छाँव के साथ मीठे-मीठे फल देंगे। संजय कुमार प्रजापति ने इस बाबत कहा कि पौधों के रोपण एवं संरक्षण में आत्मसंतुष्टि होती है। साथ ही हम जब तक जियें अपनी जन्मभूमि को कुछ देकर जाएं इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है।आने वाली हमारी नस्लो को शुद्ध हवा पानी छोड़ कर जाएं। कुछ लोगो को ये बातें फिजूल की लगेगी परन्तु जिस प्रकार जलवायु परिवर्तन हो रहा है,बेमौसम बरसात,गर्मी, जलस्तर का नीचे जाना ये सब समस्याएं इशारा कर रही है,कि आने वाला समय हमारी पीढ़ियों के लिए दूसवारी भरा हो सकता इसलिए हम सब को आज सचेत होते हुए कम से कम हर एक व्यक्ति को अपने जीवन मे पांच पौधे जरूर लगाने चाहिए।

कुजू श्रावणी मेले में हुई मारपीट, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों को लिया हिरासत में

प्रभात मंत्र संवाददाता

कुजू : क्षेत्र के लोगों के मनोरंजन के लिए डटमा मोड़ स्थित पब्लिक हाई स्कूल मैदान के बगल में पिछले एक माह से चल रहा श्रावणी मेले में कुछ शरारती तत्वों द्वारा हुड़दंग मचाने व हुई मारपीट की घटना के बाद मेले को कुजू पुलिस ने बंद करने का निर्देश दिया है। पुलिस ने क्षेत्र में शांति बहाल के मद्देनजर उक्त कार्रवाई की है। वहीं पुलिस ने चार हुड़र्दगियों को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि गुरुवार की रात उक्त श्रावणी मेले में कुजू रामनगर के कुछ शरारती नवयुवकों ने पहुंचकर शांति से चल रहे मेले में उपद्रव मचाना शुरू कर दिया। मेले के मालिक व संचालकों द्वारा का विरोध करने पर उपद्रवियों ने मारपीट शुरू कर दिया। इस घटना में चार लोगों के घायल होने की बात कहीं जा रही है। घटना की जानकारी मिलते हीं कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार अपने अन्य सहयोगियों व पुलिस बल के साथ मेले में पहुंचे। पुलिस को देखकर कुछ उपद्रवी भाग खड़े हुए। मौके पर चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। वहीं सभी घायलों का इंजूरी काटते हुए पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक हिरासत में लिए गए चारों लोगों से पुलिस मामले के संबंध में पूछताछ कर रही है।

जंगली हाथियों के तांडव से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के लोग परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा(हजारीबाग): प्रखंड क्षेत्र के साथ पूरे बरकट्ठा विधानसभा चुनाव क्षेत्र में इन दिनों जंगली हाथियों के तांडव से आमजनों का अपना जीवन जीना मुहाल हो गया है।बताते चलें कि जंगली हाथियों का ताडंव पिछले दो माह से बरकट्ठा विधानसभा चुनाव क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में जंगली हाथियों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीणों को जीवन जीना मुहाल कर दिया गया है. पिछले कुछ महीनों से ऐसा देखा जा रहा है कि बरकट्ठा विधानसभा चुनाव क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में जंगली हाथियों के द्वारा खेतों में लगे फसलों एवं घरों में रखे अनाजों व सब्जियों को हाथियों के द्वारा घरों के दरवाजों



एवं खिडकियों को तोडकर चट कर दिया जाता है.पिछले कुछ दिनों से ऐसा देखा जा रहा है कि प्रखंड बरकट्ठा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों जैसे चेचकप्पी, कोन्हाराखूर्द, शिलाडीह, गोरहर आदि क्षेत्रों के जंगलों के करीब बसे गांवों के ग्रामीणों का हाल हाथियों के हमलों से बेहाल है.जंगली हाथियों के द्वारा किए गए नुकसान के भरपाई के बारे में जब पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव से संपर्क किया गया तो पूर्व विधायक के द्वारा बताया गया कि पूरे बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के आमजनता काफी प्रभावित है. जिसपर मैंने तत्काल संज्ञान लेते हुए डी.एफ.ओ हजारीबाग को जंगली हाथियों के द्वारा बरकट्ठा विधानसभा चुनाव क्षेत्र में मचाये जा रहे उत्पात एवं हाथियों के द्वारा किए गए नुकसान के बारे में अवगत करवाया दिया गया है । एवं मेरे ओर से मांग किया गया है कि अतिशीघ्र जंगली हाथियों को इस क्षेत्र से भगाने वाले अनुभवी विशेषज्ञ टीमों को बुलाकर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से हाथियों के द्वारा किए गए।

जे पी चौबे की पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन बरकाकाना शाखा द्वारा कामरेड जे.पी. चौबे की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में रामप्यारी ब्लड बैंक के सहयोग से 1 सितंबर 2023 दिन शुक्रवार को बरकाकाना रेलवे हेल्थ यूनिट में ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें कुल 50 पचास लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान कैम्प की उद्घाटन मुख्य अतिथि राजहंस सिंह, सहायक यातायात प्रबंधक बरकाकाना, परमानंद प्रसाद सहायक मंडल अभियंता , मो ज़्याउद्दीन, अपर महामंत्री ईसीआरकेयू सह पीएएनएम प्रभारी धनबाद मण्डल तथा श्री ओ पी शर्मा केंद्रीय कोषाध्यक्ष ईसीआरकेयू ने संयुक्त रूप से किया। श्री राजहंस, मो ज़्याउद्दीन तथा श्री ओ पी शर्मा ने रक्तदान कर समस्त रेलकर्मियों तथा युवाओं को रक्तदान के प्रति प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। इसके पूर्व यूनियन प्रतिनिधियों ने कॉम चौबे की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि राजहंस सिंह ने बताया की रक्तदान समाज के लिए अत्यंत ज़रूरी है।

यह दौर बदलाव का है, तैयार रहें झारखंडी : संजय मेहता

चरही में बदलाव संकल्प महासभा में उमड़ा जनसैलाब, परिवर्तन की हुंकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

चरही/बरही : झारखंड में एक बहुत बड़े बदलाव की जरूरत है। इसके लिए हम सबों को तैयार रहना होगा। झारखंड के लिए यह आंदोलन बदलाव का एक दौर है। सभी झारखंडी को उठ खड़ा होना होगा। झारखंड के जनमुद्दों को लेकर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) पूरे राज्य में सभाएं कर रही है और लगातार झारखंड वासियों के हक़ और अधिकारों को लेकर जनजागरूकता अभियान चला रही है। शुक्रवार को हज़ारीबाग के चरही स्थित बिरसा फुटबॉल मैदान में भी बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन किया गया। जिसमें हज़ारों की संख्या में लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। झारखंडी मुद्दों पर जुटी यह भीड़ स्पष्ट स्थानीय और नियोजन नीति की माँग कर रही है। साथ ही झारखंड के 81 विधानसभा और 14 लोकसभा सीटों पर स्थानीय झारखंडी को सांसद, विधायक बनाने को लेकर ललायित है। महासभा में झारखंड के हज़ारीबाग, चतरा, कोडरमा और गिरिडीह लोकसभा के कार्यकर्ता और आम लोग पहुँचे। साथ ही सभी विश्वविद्यालयों से हजारों छात्र, नौजवानों ने भाग लिया।

झारखंडी की पहचान, झारखंडियों का हक

बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह सोशल एक्टिविस्ट संजय मेहता ने महासभा में उपस्थित जनसमूह को

संबोधित किया। कहा कि झारखंड को एक नए बदलाव की जरूरत है, झारखंड अपने निर्माण के 22 सालों के बाद भी आज शोषण से मुक्त नहीं हुआ है। झारखंड की स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पुनर्वास नीति में कोई स्पष्टता नहीं है। झारखंडी की पहचान आज तक परिभाषित नहीं हो पायी है। स्थानीय नीति को झारखंडी भावनाओं के अनुरूप परिभाषित करने की जरूरत है। संजय मेहता ने स्थानीय नीति पर कहा कि 1932 के पहले और 1964 के बाद जिला का अंतिम सर्वे का खतियान ही झारखंड की स्थानीयता का आधार होना चाहिए।

नियोजन नीति से नियुक्तियों में झारखंडियों को मिलेगा स्थान

संजय मेहता ने कहा कि झारखंड में भी बिहार की तरह नियोजन नीति लागू हो। बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 की उपधारा 85 के तहत झारखंड सरकार के पास भी यह हक है कि संयुक्त बिहार के समय का कोई भी अधिनियम, संकल्प या गजट को अंगीकृत कर सकते हैं। इसी के तहत 1982 की नियोजन नीति को अंगीकृत कर बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी नियोजन की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए।

पुनर्वास नीति बेहद जरूरी

विस्थापन के बाद पुनर्वास की स्पष्ट नीति नहीं और कंपनियों के द्वारा जमीनों की लूट को लेकर संजय मेहता ने कहा कि इस मुद्दे पर भी सरकार को गंभीर होना होगा।

किन मुख्य मुद्दों को लेकर हुई चर्चा

भारतमाला परियोजना में मुआवजा की समस्या, रसीद कटने में समस्या, चितपूर्णी माइंस के लिए जमीन अधिग्रहण में अनियमितता, रेलवे साइडिंग में स्थानीय को लाभ नहीं, छात्रों की छात्रवृति में हो रही देरी, सीओ के द्वारा म्यूटेशन में पैसे लेने की शिकायत, गोंदलपूरा आंदोलन को समर्थन, बाँझेडीह मजदूर आंदोलन को समर्थन, बरही टोल प्लाजा मजदूर आंदोलन को समर्थन, मांडु बूढाखाप आंदोलन को समर्थन, बरही रियाडा भूमि पर कंपनियों द्वारा फैल रहे प्रदूषण के खिलाफ आवाज, गोला में ट्रांसपोर्टिंग के कारण फैल रहे प्रदूषण के खिलाफ आवाज, विभावि में छात्रों की परेशानी, छात्रों पर लाठीचार्ज की निंदा, बरही-चंदवारा एनएच 31 में पेड़ो की कटाई पर रोपण नहीं, चोरदाहा से गोरहर तक सड़क निर्माण में हो रही देरी, चौपारण फ्लाईओवर निर्माण में तेजी, सरना धर्म कोड़ पर केंद्र की चुप्पी, एनटीपीसी से नेताओं की सांठगांठ, टोल प्लाजा मदनगुंडी के चालू होने पर फ्री करवाना

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

शक्ति पम्पस् को हरियाणा में मिला 350 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर

SHAKTI PUMPING LIFE

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): सोलर पंपिंग सॉल्यूशन में अग्रणी, शक्ति पम्पस् के खाते में एक नई उपलब्धि जुड़ गई है. कंपनी को हरियाणा में ग्रीन एनर्जी डेवलपमेन्ट एजेंसी (हरेडा) से 350 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर मिला है। यह वर्क ऑर्डर हरेडा द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण कुसुम स्कीम-3 के अंतर्गत मिला है।शक्ति पम्पस् के चैयरमेन दिनेश पाटीदार ने कहा हम हरियाणा के किसानों और हरेडा टीम को उनके विश्वास और समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। इस प्रयास के माध्यम से, किसान सोलर एनर्जी का उपयोग करके पानी और बिजली बचाने के साथ साथ माइक्रो इरिगेशन की मदद से कृषि में और अधिक विकास कर सकते हैं। यह प्रयास पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति शक्ति पम्पस् की वचनबद्धता के अनुसार है और किसानों को कई फायदे भी पहुंचाता है।शक्ति पम्पस् इनोवेशन और एक्सीलेंस के मामले में लगातार सबसे आगे रहा है। कुसुम योजना फेस-1 और फेस - 2 के लिए पम्पस् के सप्लायर होने के साथ ही, फेस-3 के लिए किसानों द्वारा शक्ति कंपनी का चयन करना कृषि में नए परिवर्तन को दिखाता है। शक्ति पम्पस् ने पहले और दूसरे चरण के दौरान पूरे हरियाणा में 13,000 से अधिक पम्पस् इंस्टॉल किए है और अब इस क्रम में 7700 पम्पस् और जोड़े जाएंगे। कुसुम योजना के माध्यम से सोलर पम्पस् लगाने से भारतीय कृषि जगत में एक नए युग की शुरुआत हुई है। सौलर पंप टेक्नोलॉजी को अपनाकर, किसान प्रसन्न दिख रहे हैं और हमें खुशी है कि हम उनकी इस पहल का हिस्सा है।''शक्ति पम्पस् कुसुम स्कीम-3 के माध्यम से एक नया परिवर्तन शुरु करने की तैयारी कर रही है, जिससे भारतीय किसान नई तकनीक के द्वारा भारत को विश्वस्तर पर नई पहचान दिलाएंगे। शक्ति पम्पस् के बारे में शक्ति पम्पस, सोलर पंपिंग सॉल्यूशन में सस्टेनेबल इनोवेशन और विश्वसनीयता में सबसे आगे है तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार भी है। कंपनी सोलर पंप टेक्नोलॉजी के माध्यम से कृषि क्षेत्र में परिवर्तन लाने में सबसे आगे रही है।शक्ति पम्पस् के सभी सबमर्सिबल पंप स्टेनलेस स्टील से बने हैं, जो नई तकनीक और मैन्युफेक्चरिंग में क्वालिटी का प्रमाण है। विशेष रूप से, शक्ति पम्पस् को भारत का पहला 5-स्टार रेटेड पंप मैन्युफेक्चरर होने का गौरव प्राप्त है, जो दुनिया भर के 125 से अधिक देशों में अपने प्रोडक्ट्स निर्यात करता है और अपने स्वयं के सोलर पम्पस, मोटर, स्ट्रक्चर और कन्ट्रोलर बनाने वाली एकमात्र कंपनी है जिन्होंने 28 पेटेंट के लिए आवेदन किया है।

इटकी में 11 व 12 सितंबर को मनेगा चेहल्लुम

इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता): इटकी में चेहल्लुम का त्योहार 11 व 12 सितंबर को मनाया जायेगा. सेंट्रल मोहर्रम कमेटी व मोहर्रम समन्वय कमेटी की शुक्रवार को कलीम अंसारी व इकबाल अंसारी की संयुक्त अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय किया गया. बैठक में नशा पान से वंचित अखाड़ाधारियों को ही जुलूस में शामिल किये जाने व जुलूस में शामिल होने के लिए अखाड़ाधारियों को मुख्य कमेटी को सूचना देने सहित कई अन्य निर्णय किये गये.बैठक में उप प्रमुख परवेज राजा, आजाद कुरेशी, सलीम, वसीम, इकबाल, मोइनुद्दीन, गुलजार, आरिफ राजा, पप्पू, इश्तियाक, विक्की, टुन्नू व बबलू सहित अन्य शामिल थे ।

अज्ञात वाहन के चपेट में आकर युवक की मौत

महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): महेशपुर-गुमामोड़ मुख्य सड़क पर घाटचोरा गांव स्थित डिग्री कॉलेज के पास देर शाम अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक 35 वर्षीय राजेन सोरेन बलियाडंगाल गांव निवासी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर घटना स्थल से भाग निकला। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने उक्त व्यक्ति को लेकर थाने पहुंचे। जहां थाना प्रभारी आनंद पंडित ने तत्काल उसे सीएचसी केंद्र महेशपुर भिजवाया। जहां डा. पंकज कुमार बिराजी ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद सीएचसी केंद्र महेशपुर पहुंचे। मृतक के जीजा बाबूधन मुर्मू तथा मृतक की दीदी सुमिता सोरेन लेकर वापस आए। सीएचसी केंद्र महेशपुर में मृतक के जीजा बाबुधन मुर्मू से मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजेन सोरेन रिश्ते में उसका साला लगता है। उसका घर बलियाडंगाल है। वह हमारे घर कालीदाहा आया था। वह घर से बाहर निकला था। थोड़ी देर बाद हमें घटना की खबर मिली। इस संबंध में जानकारी लेने पर थाना प्रभारी आनंद पंडित ने बताया कि शव को शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

एसडीओ ने क्रशर व खदान संचालक के साथ की बैठक

पाकुड(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला अंतर्गत पत्थर खनिज का परिवहन के क्रम में प्रायः यह देखा जा रहा है कि खनिज लदे ट्रैक्टर में 100 सीएफटी का चालान रहता है परन्तु 200-250 सीएफटी चिप्स लोड किया जाता है।ऐसे खनिजों का अवैध परिवहन मामले की रोकथाम को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की गई।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित ने उपस्थित सभी क्रशर संचालकों को सख्त निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में ट्रैक्टर वाहन में 100 सीएफटी चालान के अनुसार ही चिप्स दिया जाय। यदि 100 सीएफटी से ज्यादा चिप्स छापेमारी के क्रम में पाया जाता है तो ज्यादा से ज्यादा ट्रैक्टर को जप्त करते हुए कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित क्रशर यूनिट को सील करते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया।

डीसी ने हरणिडंगा उच्च विद्यालय परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

पाकुड(प्रभात मंत्र संवाददाता): उपायुक्त ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित भी किया। उन्होंने बच्चों से जानकारी ली कि आगे करियर में क्या बनना है और छात्रों का मनोबल बढ़ाया।उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने शुक्रवार को हरिणडंगा उच्च विद्यालय परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी वास्तव में बच्चों के बीच जिज्ञासा पैदा करने, उनकी रचनात्मकता और कल्पना को उजागर करने का एक शानदार अवसर प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के वैज्ञानिक स्वभाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह छात्रों को एक मंच प्रदान करता है जहाँ वे अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत खूंटी पहुंची 14 सदस्यीय टीम के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी शामिल थे। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों की उक्त टीम दो ग्रुप में विभक्त होकर जिले के सुदूरवर्ती अड़की प्रखंड के बिरबांकी और खूंटी प्रखंड के जुटजोरा में एक सप्ताह तक आवासित रही।बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा बिरबांकी एवं गुटजोरा की टीम के पदाधिकारियों ने भ्रमण के दौरान के अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि उनकी टीम ने जिला अंतर्गत संचालित विभिन्न विभागों के कार्य प्रणाली एवं संचालित योजनाओं का अवलोकन किया। साथ ही विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से मिलकर उनकी कार्य पद्धति की भी जानकारी ली।इस दौरान आईएएस अधिकारियों का उक्त टीम जिले के विभिन्न ग्रामीण इलाकों का भ्रमण कर ग्रामीणों की जीवन शैली एवं क्रियान्वित योजनाओं के संदर्भ में शोध अनुसंधान किया। आईएएस अधिकारियों की दोनों दल द्वारा पर्यटन उलिहातु, पंचघाघ, लतरातू डैम सहित अन्य पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया गया। टीम के आईएएस अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करने के क्रम में बताया कि भ्रमण के दौरान उन्हें जनजातीय जीवन एवं परंपराओं व संस्कृति से अवगत होने के अवसर मिले। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा सहित अन्य क्रियान्वित योजनाओं का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है ताकि वे योजनाओं का सहज रूप से इनका लाभ सके। *साथ ही उन्होंने बिरबांकी में सक्रिय महिला मंडलों की सराहना की।* उन्होंने बताया कि सखी मंडल की दीदियां सशक्त व जागरूक हैं। उनके द्वारा योजनाओं से जुड़कर लाभ प्राप्त किए जा रहे हैं साथ ही महिलाएं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने फूलो झानो आशीर्वाद अभियान से जुडी महिलाओं के सम्बन्ध में बताया कि ऐसी महिलाओं के जीवन में योजनाओं के माध्यम से व्यापक परिवर्तन प्रदर्शित हुआ है जो कि सराहनीय है। मौके पर उपायुक्त ने सभी प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

लॉटरी बेचते हिरणपुर का लॉटरी माफिया पकड़ाया, पुलिस ने भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

लिट्टीपाड़ा : सिमलोंग ओपी क्षेत्र के धरमपुर बंगला में शुक्रवार को अवैध लौटरी बेचते एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।ओपी प्रभारी टिंकू रजक ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी कि ओपी क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहे पर हिरणपुर और लिट्टीपाड़ा के कुछ लौटरी विक्रेता अवैध तरीके से लौटरी थोक में बिक्री करते है। इसी को लेकर शुक्रवार सुबह को छापेमारी किया गया जिसमें हिरणपुर थाना क्षेत्र के हिरणपुर बाजार निवासी विपुल कुमार दे को लगभग पांच हजार रुपए का अवैध लौटरी के साथ गिरफ्तार किया गया।इसे लेकर थाना में मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार व्यक्ति को जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच किया जा रहा है।

पत्नी का हत्यारा राजिम हेम्ब्रम को पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

महेशपुर : थाना क्षेत्र के चिलगांव में बीते बुधवार देर रात पत्नी की निर्मम हत्या किए जाने के मामले को लेकर मृतिका के भाई के शिकायत पर महेशपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।मृतिका लखी सोरेन के भाई बरन सोरेन ने थाने में दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि उसकी बहन लखी सोरेन की शादी लगभग 12 वर्ष पूर्व चिलगांव के निवासी राजीम हेंब्रम से हुई थी। उसकी एक बेटी और एक बेटा भी है। शादी के बाद से पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होते रहता था तथा राजीम हेंब्रम अपनी पत्नी लखी सोरेन को बहुत बार जान से मार दाने की धमकी भी देता था। जिसके कारण लखी सोरेन डर से मायके में रहती थी।इधर 31 अगस्त से 15 या 20 दिन पहले राजीम हेंब्रम अपने गांव के ग्राम प्रधान एवं गिने चुने लोगों के साथ विचार विमर्श कर अपनी पत्नी को मायके से घर ले आया था। 31 अगस्त देर रात में ही उसने धारदार हथियार से लखी सोरेन का गला रेतकर हत्या कर दिया।मृतिका के भाई बरन सोरेन के लिखित आवेदन के आधार पर महेशपुर पुलिस ने नामजद आरोपी राजिम हेंब्रम के खिलाफ धारदार हथियार से मारकर पत्नी की हत्या कर देने को लेकर भादवि की धारा 302 के तहत थाना कांड संख्या 133/ 23 दिनांक 31 अगस्त 2023 दर्ज की गई है।एफआईआर दर्ज करने के बाद थाना प्रभारी महेशपुर आनंद पंडित ने एसआई मुकुल भगत, अनुसंधानकर्ता एसआई शैलेंद्र कुमार नायक एवं पुलिस बल के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए नामजद हत्यारोपी राजिम हेंब्रम को शहरग्राम चौक के पास से गुरुवार देर रात को गिरफ्तार कर लिया।

जीटीवी के नेशनल शॉ सारेगामापा 2023 में रामगढ़ के अरगड्डा सुभाष नगर निवासी शालिदी दुबे का चयन टॉप 25 प्रतिभागी में हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : अपनी मधुर सुरों से बिहार-झारखंड के लोगों की दिलों में राज करने वाली रामगढ़ की शालिनी दुबे को अब राष्ट्रस्तर पर जलवा बिखेरने का अवसर मिला है। उसका चयन जीटीवी के नेशनल शॉ सारेगामापा 2023 में हुआ है। जी टीवी की ओर से देश भर के बड़े शहर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, लखनऊ आदि स्थानों पर ऑडिशन कराया गया था।इसमें देश भर के सैंकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। झारखंड से एकमात्र प्रतिभागी रामगढ़ के अरगड्डा सुभाष नगर निवासी शालिदी दुबे पिता विश्वनाथ दुबे का चयन टॉप 25 प्रतिभागी में हुआ। इसके बाद के राउंड में कुल 12 प्रतिभागी का चयन फाइनल राउंड के लिए होगा।

2 और 3 सितंबर को जी टीवी में होगा शो का प्रसारण

जी टीवी के प्रसिद्ध शो सारेगामापा 2023 में चयनित 25 प्रतिभागियों के संगीत गायन का प्रसारण 2 और 3 सितंबर को रात्रि 9 बजे से होगा। इसमें जज की भूमिका प्रसिद्ध गायकार अनु मल्लिक, हिमेश रेशमिया और नीती मोहन अदा करेंगी। इसके अलावा इसे होस्ट आदित्य नारायण कर रहे हैं। जिनके समक्ष रामगढ़ की शालनी दुबे जिया लागे न तुम बिना मोरा गाने पर परफॉर्म करते नजर आएंगी।

पहले भी संगीत में रोशन कर चुकी है क्षेत्र का नाम

शालिनी दुबे पहले भी संगीत के क्षेत्र में रामगढ़ का नाम रोशन कर चुकी है। उसने राज्य स्तर पर 2011 में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद महुआ चैनल में 2014 को आयोजित सुर-संग्राम 3 में कड़ी मेहनत के बदौलत अंतिम फाइनलिस्ट में जगह बनाई थी। इसके अलावा बिग गंगा चैनल पर 2017 में प्रसारित सारे गामा रंग पुरवईया रियलेटी शो में भी फाइनलिस्ट रह कर संगीत के क्षेत्र में पहचान बनाई। इससे उत्साहित शहरवासियों ने शालिनी का नागरिक अभिनंदन भी किया था।

पिता को मानती है संगीत गुरु

शालिदी दुबे अपने पिता विश्वनाथ दुबे को संगीत का गुरु मानती है। वहीं मातां सुचित्रा दुबे को सबसे बड़ा सहयोगी बोलती है। कहा कि मेरे पिता ने संगीत के साधारण शिक्षक होने के बावजूद मुझे हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है। शालिनी ने बताया कि इस शनिवार और रविवार को जी टीवी के शो सारेगामापा में रात्रि 9 बजे हमलोगों का संगीत का प्रसारण होगा। इससे पूर्व तीन राउंड के प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक पार करने की बात कही।

पाकुड़ में पत्थर खदान और क्रेशर बन्द रहने से मजदूरों के समक्ष भुखमरी

गांव के चौपालों में सरकार के विरोध में गोलबंद शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : पाकुड़ जिला पत्थर उद्योग के लिए जाना जाता है,लेकिन जिले में पत्थर उद्योग संकट से गुजर रहा है। बिना वैध कागजों के पत्थर खदान और क्रेशरों का संचालन करने पर जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई हो रही है। इस कारण काफी संख्या में अवैध पत्थर खदान और क्रेशर बंद हो गए हैं। वहीं वैध खदान और क्रेशर भी कागजातों के अभाव में संचालित नहीं हो रहे हैं। इसके अलावे कागजातों को पूर्ण करना भी विभागीय शिथिलता के कारण समय पर नहीं हो पता है।जिसके कारण पत्थर व्यवसायियों के समक्ष भीषण संकट उत्पन्न हो गया है।वहीं इसका खासा असर मजदूर और मध्यम वर्गीय लोगों के बीच देखने को मिल रहा है।बंद के कारण मालपहाड़ी पत्थर औधोगिक क्षेत्र के चेंगाडांग, नसीपुर, सीतापहाड़ी, हमरुल, हरेरामपुर, कान्हूपुर, नगरनबी, बाहिरग्राम आदि गांव के मजदूर और मध्यमवर्गीय लोग रोजगार की तलाश के लिए पलायन शुरू कर दिया है।खासकर चेंगाडांगा गांव के बुद्धिजीवी लोग इस मुद्दे पर चर्चा छेड़ दिया है।चेंगाडांगा गांव नुरूज्जमां सेख,जहांगीर आलम,टोटा अली सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि इस क्षेत्र का एकमात्र रोजगर पत्थर उधोग था लेकिन अब वो भी लगभग बंद हो चुका है।लोग वैध तरीके से काम करना भी चाहता है लेकिन कागजी प्रक्रिया इतनी जटिल हो गई है कि लोग रोजगार नही कर पा रहे हैं।बताया स्थानीय जनप्रतिनिधि इतने कमजोर हो गए है कि कागजी प्रक्रिया और अफसरशाही पर अंकुश नही लगा पा रहे हैं।अब तो एकमात्र मसीहा का तलाश में हमलोग है।ग्रामीण कहते हैं एक समय ऐसा था कि गांव में एक भी पुरुष या युवा देखने को नही मिलते थे क्योंकि क्रेशर और खदान में काम करते थे।लेकिन अब सैकड़ों पुरुष गांव के चबूतरे में मिल जाएंगे।क्योंकि रोजगार ठप हो चुका है।ग्रामीणों ने प्रतिनिधि को क्षेत्र में हो रही बेरोजगारी दर को कम करने के लिए ठोस पहल करने की जरूरत है।नही तो आने वाला समय बहुत ही खराब हो सकता है।

बिजली कटौती से उपभोक्ताओं की उड़ी नींदें, आक्रोश

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : अगर आप पाकुड़ में रह रहे हैं, तो मौजूदा मौसम और बिजली की स्थिति से जरुर वाकिफ होंगे। तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार है। धूप आग उगल रही है। उमस भरी गर्मी ने बेचैन कर रखा है। दिन तो दिन रात में भी तेवर कम होता नहीं दिख रहा है। ऐसी स्थिति में लोगों की परेशानियों को साफ समझा जा सकता है। लोगों को भूखे पेट सोना भी मंजूर है, लेकिन धूप और गर्मी में बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। मौसम की ऐसी स्थिति में भी अगर बिजली ना मिले तो क्या हालत होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति का हाल काफी बदतर है और लोगों की रात की नींदे हराम हो गई है। यह कह सकते है कि भीषण गर्मी में बिजली के बिना रातें कैसे कटती है, ये कोई पाकुड़ वासियों से पूछें। लोग रात भर जाग कर सिर्फ बिजली के आने का इंतजार कर रहे हैं। शहर के साथ ही ग्रामीण इलाकों की स्थिति एक जैसी है। आलम यह है कि अब घर-घर से बिजली व्यवस्था के खिलाफ आवाजें उठने लगी है। बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। यहां बताना जरूरी होगा कि ये महज दो तीन दिन की बात नहीं है और ना ही पहली दफा ऐसा हो रहा है। बिजली कटौती की यह समस्या सालों से बना हुआ है। पाकुड़ की बिजली व्यवस्था एकदम से चौपट हो गई है। यह अलग बात है कि एकाध दिन बिजली की आपूर्ति ठीक-ठाक रहती है, अन्यथा यह लगभग हर दिन की कहानी बन चुकी है। कभी लोड शेडिंग तो कभी ब्रेकडाउन की वजह से बिजली घंटों गायब रहती है। तार का टूटना तो एक परंपरा सा बन गया है। एबी स्वीच में खराबी भी लगभग हर दिन की बीमारी है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, की अध्यक्षता में राजनितिक दल के प्रतिनिधि के साथ बैठक आयोजित की गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : आगामी लोकसभा 2024 एवं एसएसआर- 2024 के आलोक में जर्जर भवन/ध्वस्त भवन को बदलने हेतु जिला स्तर पर राजनितिक दलों की सहमति एवं अन्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें 59 तोरपा (अ.ज.जा)के -9 मतदान केंद्र, 60 खूंटी (अ.ज.जा) के 3 मतदान केन्द्र के भवन जर्जर/ध्वस्त होने के कारण बदलने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित सभी लोगों को हाउस टू हाउस सर्वे कार्यो में बारे में अवगत कराते हुए उक्त कार्यो में अपेक्षित सहयोग हेतु अनुरोध किया गया। उपायुक्त ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति वह अपने स्तर से सुनिश्चित करें। साथ ही उपायुक्त द्वारा यह भी जानकारी दिया गया कि जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने वाले है वैसे सभी नागरिकों का प्रपत्र - 6 के माध्यम से नाम दर्ज करने, किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए प्रपत्र- 8 भरने तथा मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए प्रपत्र - 7 का प्रयोग होता है।

आजसू का बिजली विभाग को तीन दिन का अल्टीमेटम

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : बिजली आपूर्ति की लाचार स्थिति में सुधार की मांग को लेकर आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विभाग के सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। जिलध्यक्ष आलमगीर आलम के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता बिजली कार्यालय पहुंचे। कार्यालय में मौजूद सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए स्थिति में सुधार की मांग की। जिलाध्यक्ष ने बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए तीन दिन का अल्टीमेटम भी दिया। उन्होंने कहा कि 4 सितंबर तक बिजली आपूर्ति में सुधार हो जाना चाहिए। अन्यथा 5 सितंबर को चक्का जाम किया जाएगा। जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा कि बिजली की स्थिति काफी बदतर हो गई है। लोग परेशान हाल है। भीषण गर्मी में बिना बिजली के जीना मुहाल हो गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। एक तरफ गर्मी दूसरी तरफ बिजली नहीं होने से बच्चे स्टडी नहीं कर पा रहे हैं। आजसू जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम ने बिजली की ऐसी स्थिति के लिए स्थानीय सांसद और विधायक को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए स्थानीय सांसद और विधायक कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। पाकुड़ को मिल रही बिजली में कटौती कर साहिबगंज के बरहरवा प्रखंड को आपूर्ति की जा रही है। अगर बिजली आपूर्ति में तय समय तक सुधार नहीं आया तो आंदोलन तेज होगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष मुखलेसुर रहमान, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष साहेब शेख, समीर, बादल शेख, सफीकुल शेख, अजहरूल शेख, लालचंद शेख, हेमूल शेख, राजीव हुसैन, जहीरुल शेख, मुशर्रफ शेख, पप्पू, मोहम्मद शेख आदि मौजूद थे।

जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकुड़ : समाहरणालय सभागार स्थित अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त मृत्यंजय कुमार बरणवाल के द्वारा जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग, मनरेगा योजना, जमीन से संबंधित व राशन वितरण संबंधित शिकायते प्राप्त हुई। उपायुक्त ने संबंधित सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारी को जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है। जनता दरबार में सविता कुमारी के द्वारा आंशिक शिक्षिका के पद पर पुनः बहाली करने से संबंधित आवेदन उपायुक्त को सौंपा। उपायुक्त ने मामले की त्वरित संज्ञान लेते हुए हुए सहायक समाहर्ता एवं डीएसओ की टीम गठित कर संबंधित शिकायत पर जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने कहा कि सभी शिकायतों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जांच कर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि वैसे व्यक्ति जो जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करा नहीं पा रहे है। उनके लिए मोबाइल/वाह्टएसएप नंबर 9264231800 जारी किया गया है। लोग अपनी शिकायत पूर्वाह्न 10.00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। उक्त नंबर पर प्राप्त शिकायतों पर भी गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए कटिबद्ध है। अगर शिकायत सहीं पाए जाते है तो हर हाल में कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मिथ्या शिकायत करने से बचे।मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर चंदन, कार्यपालक दंडाधिकारी रश्मि कांति सहित अन्य उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
धनबाद/गिरिडीह
रांची, शनिवार, 02 सितम्बर 2023 | पेज 10

भूली ओपी के नए प्रभारी का सद्दाम हुसैन ने किया स्वागत

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : महेश चंद्र को भूली ओपी के नए प्रभारी बनाए जाने पर झामुमो नेता सह वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी मोहम्मद सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में समाजसेवी अलाउद्दीन खान, झामुमो नेता कमाल हुसैन खान, आसिफ खान एवं शहबाज नज़ीर ने संयुक्त रूप से फूलों का माला पहना कर एवं गुलदस्ता देकर नये प्रभारी का स्वागत किया तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

भाजपा नेता के जन्मदिन पर बधाई देने पहुंचे ट्रस्ट के अधिकारी

जमुआ/गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : जिले के प्रवासियों द्वारा सूरत में गठित समस्त झारखण्ड समाज सेवा ट्रस्ट ने सूरत में भी अपना एक पहचान बनाया है। लगातार ट्रस्ट के द्वारा मानव कल्याण और संघर्षो से सूरत के राजनेता तक अनजान नहीं है। वही भाजपा नेता नितिन भाई भजियावाला के जन्मदिन पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में ट्रस्ट को आमत्रित किया गया। भाजपा नेता के आमंत्रण पर ट्रस्ट के अध्यक्ष , उपाध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी पहुंच कर उन्हें जम्दीन की बधाई दी और उनके स्वस्थ और लम्बी उम्र की कामना की। अगर नितिन भाई भजियावाला की बात करे तो इन्होने काफी साल से भाजपा के साथ जुड़कर लोगो को सेवा देने का काम किये है। हमारे देश के प्रधानमंत्री , गृहमंत्री से लेकर भाजपा के तमाम बड़े नेता के साथ जुड़कर इन्होने काम किया है। झारखण्ड की बात करे तो झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के काफी करीब रहे है। वही नितिन भाई ने तमाम बधाई देने वालो का आभार व्यक्त किया।

बिरनी केशोडीह में संदिग्ध हालात में कुआं से मिला महिला का शव

बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बिरनी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत केशोडीह गांव के बगल कुआं से गुरुवार की शाम महिला का शव बरामद किया गया। महिला के शव की पहचान केशोडीह गांव निवासी उपेंद्र वर्मा की पत्नी उषा देवी 32 वर्षीय के रूप में की गई। बच्चों ने कुआं में महिला के शव को तैरता हुआ देखा और जानकारी लोगों को दी। पुलिस ने शव को कुंआ से निकाला। मृतक के भाई ने बताया कि उसके जीजा उपेंद्र ने गुरुवार की सुबह ही बताए थे कि उषा घर पर नही है। तभी मैंने कहा कि ठीक है सभी रिलेशन के यहां फोन करके देखते हैं शायद कहीं गई होगी। ठीक चार बजे के आसपास मुझे फोन जाता है की कुएं में शव मिला है। तभी हम सभी भागे भागे केशोडिह पहुंचे। मृतिका अपने पीछे दो बेटी और एक बेटा संग अपने पति को छोड़ गई। मृतका के पति उपेंद्र वर्मा मुंबई के किसी कंपनी में जॉब करते हैं वह 20-25 दिन पहले ही घर आए हुए थे।घटना की सूचना पाते ही बिरनी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर बिरनी थाना ले जाया गया। बिरनी पुलिस द्वारा कहा गया कि शुक्रवार को 10ः00 बजे सदर अस्पताल गिरिडीह पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर मृत्यु का क्या वजह है।

बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक संपन्न

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में आज भाजपा धनबाद जिला महानगर के सभी मंडलों के प्रतिनिधियों के साथ झारखंड प्रदेश भाजपा चुनाव प्रबंधन के संयोजक मृत्युंजय शर्मा के नेतृत्व में चार सदस्य प्रतिनिधि मंडल की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य विषय बूथ सशक्तिकरण था। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा धनबाद जिला महानगर के अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा की भाजपा का संगठन पूरे देश में बूथ स्तर तक विस्तार और मजबूत हुआ है। पार्टी के कार्यक्रम निरंतर बूथ स्तर पर हो रही है। बूथ स्तर पर वैचारिक आधार निरंतर बढ़ता जा रहा है। चुनाव प्रबंधन का सबसे बड़ा कार्य बूथों को मजबूत करना है। आप सभी बूथों को ज्यादा से ज्यादा सशक्त करने का कार्य करें तथा भारतीय जनता पार्टी के विचारधारा और प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के जनहित के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

संकल्प जनसभा कल, बैठक में हुई कई बिंदुओं पर चर्चा

टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) : टुंडी हाई स्कूल मैदान में आगामी तीन सितंबर को टाईगर जयराम महतो के आगमन को लेकर आज प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार आगामी 3 सितंबर को टाइगर जयराम महतो की झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की संकल्प जनसभा को लेकर आज टुंडी हाई स्कूल मैदान में उप प्रमुख प्रतिनिधि कनक गुप्ता एवं रविकांत मंडल के द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें आगामी तीन सितंबर की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें स्थानीय नीति नियोजन नीति समेत कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया गया। आज के इस प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से उप प्रमुख प्रतिनिधि टुंडी कनक गुप्ता, रविकांत मंडल, सुनील मंडल, मुकेश दास, चिंतामणि मंडल, लालजीत राय, भूपेन मंडल, कीर्तन, राजकुमार, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

गैंगस्टर प्रिंस खान के घर बुलडोजर लेकर पहुंची पुलिस

कुर्की जब्ती के दौरान उखाड़े गए खिड़की दरवाजे

प्रिंस खान का आलिशान घर हुआ विरान

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : न्यायालय के आदेश के बाद गैंगस्टर प्रिंस खान के घर धनबाद पुलिस ने कुर्की जप्ती की। पुलिस ने प्रिंस खान के घर का एक एक सामान खंगाल उसके आलिशान घर को किया विरान। इससे पहले भी प्रिंस के घर धनबाद पुलिस के द्वारा तीन तीन बार नोटिस चिपकाया गया था। बावजूद प्रिंस खान का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। लगातार गोलीबारी और व्यापारियों को रंगदारी की धमकी जैसी घटना देखने को मिल रही है। बता दे की वर्ष 2015 के मामले में वो प्रस्तुत नही हुए थे। उसी मामले में न्यायालय के द्वारा

पिछले 19 तारीख को प्रिंस के घर नोटिस चिपकाया गया था। पूरे 11 दिन बाद आज न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए धनबाद पुलिस ने कुर्की जप्ती की कार्यवाही की।

बताते चले की कुर्की जप्ती के दौरान धनबाद पुलिस जेसीबी लेकर वासेपुर कमर मकदूमी रोड स्थित प्रिंस खान के घर पहुंच, घर की कुर्की जप्ती की। इस दौरान पुलिस ने घर के सभी समान को जप्त कर थाने ले गई। कुर्की के दौरान प्रिंस के घर के दरवाजे भी उखाड़ दिये गये। ज्ञात हो की पिछले 22 मई 2022 को भी धनबाद पुलिस के द्वारा कुर्की जप्ती की गई थी जिसमे प्रिंस खान के घर का दरवाजा खिड़की पुलिस उखाड़ कर ले गई थी। वहीं न्यायालय के आदेश के बाद आज दूसरी बार कुर्की जप्ती किया गया। वहीं कुर्की जप्ती के दौरान मौके पर मौजूद मेजिस्ट्रेट प्रशांत लायक एवं बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन ने बताया की न्यायालय के आदेश का हमलोग पालन कर रहे है। पिछले दिनों प्रिंस खान के घर पर इस्तिहार भी चिपकाया गया था। न्यायालय के समक्ष पेश ना होने के कारण आज कुर्की जप्ती की प्रक्रिया की जा रही है। इससे कही ना कही अपराधियों का मनोबल गिरेगा और अपराध पर अंकुश लगेगा।

मेरे पति की सुरक्षा व रंगदार पर कानूनी कार्रवाई करे पुलिस : अनिता देवी

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : महुदा थाना क्षेत्र अनिता देवी ने एक आवेदन थाना में देकर कहा है कि मैं अनीता देवी पति तिलेश्वर महतो ग्राम तेलमोच्चो महुदा धनबाद का रहने वाली हूं। मेरा जमीन तेलमोच्चो हीरक रोड में है जिसका रैयत्ती मालिक हूं। मेरे पति रात को अपने जमीन बाउंड्री के अंदर झोपड़ी में सो रहा था अचानक रात 2 से 2:30 बजे के बीच 20-25 लोग, जिसमे प्रमोद सिंह पिता शिवदानी सिंह बोकारो सेक्टर 1 राकेश सिंह ने मेरे पति के कनपटी में बंदूक रखकर धमकी दिया कि यहां से भाग जाओ नहीं तो जान से मार देंगे डर के मारे मेरे पति झोपड़ी से भाग गए। प्रमोद सिंह के आदमी झोपड़ी जला दिया और बाउंड्री गिरा दिया और बोला पुलिस मेरे मुट्ठी में है कुछ भी करो जमीन जबरन हासिल करेंगे । अनिता देवी ने आगे कहा की मेरे पति तिलेश्वर महतो को सुरक्षा एवं जमीन पर दादागिरी करने वाले माफिया प्रमोद सिंह पर कानूनी कार्रवाई किया जाए।

पांच एमटी सोलर कोल्ड रूम के लिए चार पैक्स का चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में आज 5 एमटी क्षमता के सौर ऊर्जा चालित मिनी कोल्ड रूम के निर्माण के लिए चार पैक्स तथा क्ष वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में नोडल पैक्स / व्यापार मंडल को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने के लिए चार पैक्स का चयन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। 5 एमटी क्षमता के सौर ऊर्जा चालित मिनी कोल्ड रूम के लिए कलियासोल प्रखंड के सिमुदान पैक्स (प्रस्तावित नाम उरमा पैक्स), निरसा प्रखंड के घाघरा पैक्स, बलियापुर के रघुनाथ पैक्स तथा टुंडी प्रखंड के केशका राजाभिट्ठा पैक्स लिमिटेड का चयन किया गया। वहीं नोडल पैक्स / व्यापार मंडल को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने के लिए तोपचांची के ब्रह्मणडीहा पैक्स, गोविंदपुर के गोविंदपुर पैक्स, बलियापुर के रघुनाथपुर पैक्स तथा निरसा के निराशा चट्टी पैक्स का चयन किया गया। बैठक में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने शिक्षित बेरोजगार सहयोग समितियां को रोजगार उपलब्ध कराने तथा लोगों की राशि लेकर फरार हो जाने वाले पैक्स संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया। सहयोग समितियां को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उपायुक्त ने बीसीसीएल के साथ बैठक कर समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया।

गिरिडीह : डिलीवरी के नाम पर पैसा वसूली का मामला, विधायक ने किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह चैतादीह में गिरिडीह सदर अस्पताल द्वारा संचालित मातृत्व शिशु स्वास्थ केंद्र एसएनसीयू में डिलीवरी कराने आ रही गर्भवती महिलाओं के अटेंडेंट से जबरिया धनउगाही का खेल अब भी जारी है. एसएनसीयू में कब्जा करने वालों पर सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा की डांट फटकार का कोई असर नहीं पड़ रहा. गुरुवार देर रात कई गर्भवती महिलाओं से डिलीवरी कराने के नाम पर खेल खेला गया. जबरन धन उगाही को लेकर आए मरीज के परिजनों ने शुक्रवार सुबह एसएनसीयू में जमकर हंगामा किया. हंगामा किए जाने की जानकारी पर मौके पर सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा दोनों एसएनसीयू पहुंचे और मौके पर मौजूद कई से बात की. परिजनों के हंगामे की सूचना पर पचम्बा थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह भी एसएनसीयू पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली. इस दौरान कई अटेंडेंटों ने बताया कि कैसे एसएनसीयू की नर्स और सहिया मिलकर गर्भवती महिलाओं को पैसे नही मिलने पर जबरन शहर के निजी नर्सिंग होम रेफर करा देती है. गुरुवार रात को भी यही हुआ. जो नॉर्मल डिलीवरी वाला केस था, उसे रेफर करा दिया गया. जबकि कई अटेंडेंट से सहिया और एसएनसीयू की नर्स ने देर रात 1 हजार से तीन तक सिर्फ डिलीवरी कराने के नाम पर पैसा लिया गया. कुछ अटेंडेंट ने पैसे दिए, इसके बाद उनके गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी कराई गई. सदर विधायक सोनू

और सिविल सर्जन ने जब पूरी जानकारी ली, तो जबरन पैसे उगाही करने वाले सहिया और नर्स की तलाश कर कई अटेंडेंट को पैसे गए. इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र हरसिंहरायडीह से आई अटेंडेंट अनु ने आरोप लगाया कि वो रात को अपने पेशेंट लेकर आई थी. रात में ही पेशेंट की डिलीवरी हुई तो कुछ देर तक उसकी तबीयत खराब रही. इस दौरान एसएनसीयू के लेबर रूम में रात की ड्यूटी में तैनात नर्स ने देखने के नाम पर एक हजार रूपए की अवैध वसूली कर ली. अनु का आरोप है पैसे देने के बाद ही उसके पेशेंट का इलाज किया गया. लेकिन जब मामले की जानकारी सदर विधायक सोनू को दिया गया तो वो एसएनसीयू पहुंचे और सिविल सर्जन से बात कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

पहला कदम परिवार व धनबाद के लिए गौरवशाली क्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की स्कूल पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने राजधानी दिल्ली जाकर महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर रक्षा सूत्र बांधने का गौरव प्राप्त किया। महामहिम ने बड़ी ही आत्मीयता से पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों, सचिव अनिता अग्रवाल तथा शिक्षकों से मुलाकात की तथा सबके समक्ष दिव्यांगता के क्षेत्र में होने वाले उत्कृष्ट कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि पहला कदम स्कूल के बच्चों से वे पहले भी मुलाकात कर चुकी है। कहा की पहला कदम स्कूल दिव्यांगता के क्षेत्र में नेक कार्य कर रहा है और बहुत ही प्रशंशा का पात्र है। सचिव अनिता अग्रवाल ने कहा कि महामहिम के ये सुनहरे शब्द पहला कदम परिवार और उन्हें स्वयं को दिव्यांगता के क्षेत्र में और बेहतर करने के हौसलो को बुलंद करता है। महामहिम ने सभी दिव्यांग बच्चों, एवम साथ आये सचिव और शिक्षकों को राष्ट्रपति भवन, संग्रहालय और सभी स्थलों को आदेश देकर विजिट करवाया। पूरे धनबाद शहर और पहला कदम के लिए महामहिम से मुलाकात होना गौरवशाली क्षण रहा जिसके लिए पूरा पहला कदम परिवार महामहिम से हुई मुलाकात के अनमोल क्षणों के लिए सहृदय आभारी रहेगा।

कालूबथान ओपी प्रभारी का आजसू पार्टी ने किया स्वागत

निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : आजसू पार्टी कलियासोल प्रखंड अध्यक्ष पप्पू मंडल एवं कलियासोल मुखिया राजीव मंडल, पार्टी के प्रभारी संतोष कुशवाहा के नेतृत्व में कालुबथान ओपी के नए प्रभारी अभय कुमार से मुलाकात कर उन्हें अंग वस्त्र एवम पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया है। संतोष कुशवाहा ने कहा कि पुलिस और पब्लिक का संबंध स्थापित करना यह पहला प्रथमिकता होनी चाहिए। हमारे पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता हर संभव सहयोग करेगे। पप्पू मंडल ने कहा कि निर्दोष फंसे नही और दोषी बचे नही, यही होनी चाहिए। कलियासोल मुखिया राजीव मंडल ने कहा कि हमें पुरी उम्मीद और विश्वास है की आपके रहते अपराधी अपराध करने से पहले एक बार सोचेंगे ज़रूर।

कैश क्रेडिट ऋण वितरण कैंप का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

टुंडी : धनबाद जिला के टुंडी प्रखंड में JSLPS टुंडी के तत्वाधान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित एवम संचालित सखीमंडलों के लिए कैश क्रेडिट ऋण (सीसीएल) वितरण कैंप का आयोजन पंजाब नेशनल बैंक टुंडी एवम् पंजाब नेशनल बैंक ओझाडीह के सहयोग से संकुल संगठन टुंडी के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम मे धनबाद से जिला प्रबन्धक वित्तीय समावेशन मोबासिर कलाम, जिला एमआईएस पदाधिकारी राजीव कुमार, प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी टुंडी बबलेश कुमार साह, पंजाब नेशनल बैंक टुंडी के फील्ड मैनेजर ऋतिक कुमार, पंजाब नेशनल बैंक ओझाडीह के शाखा प्रबंधक नीरज कुमार, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबन्धक टुंडी अर्जुन साव, सामुदायिक समन्वयक देवेन्द्र कुमार महतो और जीवन ओझा, आईपीआरपी संतोष दास, बैंक सखी किरण कुमारी एवम् काजल कुमारी, संकुल संगठन के पदाधिकारीगण एवम् 67 समुह की ओबी मेंबर उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के कर कमलों से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। आज के इस कार्यक्रम में 37 समूहों को फ्रेश सीसीएल एवम् 30 समूहों को 2nd सीसीएल (यानि कुल 67 समुहों के बीच 14850000 कुल एक करोड़ अड़तालिस लाख पचास हजार) की ऋण राशि की स्वीकृति प्रदान कर बैंकों द्वारा अतिथियों के हाथों स्वीकृति पत्र वितरित किया गया।

खेती-तालाब व घर से सटा माइनिंग बंद हो : राजेश

डीएमओ से की गई जमुआ के मेढ़ो चपरखो में पत्थल माइनिंग लीज पर रोक लगाने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव की अगुवाई में आज जमुआ प्रखंड क्षेत्र के मेढ़ो चपरखो गांव के कई ग्रामीण जिला माइनिंग ऑफिस पहुंचे और डीएमओ के नाम एक आवेदन सौंपकर वहां 12 महीने होनेवाली खेती, तालाब और घरों से बिल्कुल करीब माइनिंग लीज दिए जाने का विरोध करते हुए उसपर तत्काल रोक लगाने की मांग की। इस बाबत ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में लिखा है कि, मेढ़ो चपरखो गांव (मौजा) के खाता नंबर 51 के प्लॉट नंबर 1818 और खाता नंबर 51 के प्लॉट नंबर 1820 माइनिंग लीज की

अनुमति दी गई है, जबकि माइनिंग लीज से महज 150 फीट पर आवासीय मकान है और वहां बिलकुल सटे हुए 12 मास की खेती की जाती है। साथ ही एक जिंदा तालाब तथा आसपास ही कई कुएं स्थित हैं, जो इस माइनिंग से पूरी तरह बर्बाद और तबाह हो जाएंगे। अतः गलत तरीके से किया गया लीज बंद किया जाए। यह भी कहा है कि, पिछले दिनों जब विरोध के बावजूद पत्थल निकालने के लिए विस्फोट किया गया उससे उनके घर में दरार आ गई तथा विस्फोट से उड़े पत्थर की चपेट में आकर एक बच्चा घायल हो गया, जिसका दांत टूट गया है।

दो दिवसीय जिला स्तरीय योगासन भारत प्रतियोगिता का प्रारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

गिरिडीह : गिरिडीह ज़िले में दो दिवसीय जिला स्तरीय योगासन सपोर्ट प्रतियोगिता का शुभारंभ बर्णवाल सेवा समिति बरमसिया गिरिडीह में प्रारंभ किया गया। गिरिडीह योगासन भारत संघ के महासचिव अनिता कुमारी ओझा ने बताया कि क्या प्रतियोगिता आज और कल तक चलेगी इसमें जिले भर के 200 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं । इस प्रतियोगिता का उद्घाटन आए अतिथि मारवाड़ी यूआ मंच प्रेणना साखा की अध्यक्ष रिया अग्रवाल, झारखंड पिकल बॉल संघ के अध्यक्ष राजेश जलान एवं योगासना स्पोर्ट संघ के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप स दिप प्रज्वलित कर के किया। इसके बाद जी डी बगेड़िया के खिलाड़ियो ने योगा डांस कर सब का मन मोह लिया। जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ी अगामी राज्यस्तरी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। निर्णायक के रूप में रांची से आये पवन झा,सुजीत कुमार और गिरिडीह की पुष्पा सक्ती, दयानद जैसवाल, परमेन्द्र कुमार निभा रहे है। इस प्रतियोगिता में श्री गुरुनानक विद्यालय, कार्मेल इंग्लिश स्कूल, सीसीएल डीएवी, बीएनएस डीएवी,मोगिया स्कूल, सुभाष इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह, बी एस यम इंग्लिश स्कूल, जीडी बगेड़िया टीचर ट्रेनिंग कॉलेज एंव अन्य संगठनों के खिलाड़ी भाग ले रहे है। इस कार्यक्रम जो सफल बनाने में योगासना संघ के अध्यक्ष संतोष शर्मा,सचिव अनिता कुमारी ओझा, कोषाध्यक्ष अमित स्वर्णकार, आकाश कुमार स्वर्णकार, उत्तकर्ष गुप्ता, दयानंद जैसवाल, अनिल कुमार,पवन कुमार,गणेश कुमार,सौरभ वर्मा, सोनी साहा, मुक्ता कुमारी, वंदना वर्मा, आदि उपस्थित थे।

बापूधाम मोतिहारी स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का हुआ भूमि पूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : माननीय प्रधानमत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 06.08.2023 को अमृत भारत स्टेषन योजना के अर्न्तगत भारतीय रेल के कुल 508 स्टेषनो के पुनर्विकास की आधारषिला रखी गयी थी । इनमें से 57 स्टेषन पूर्व मध्य रेल के हैं ।

इसी कड़ी में आज बापूधाम मोतिहारी स्टेषन पर माननीय सांसद सह रेल मंत्रालय की स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन श्री राधामोहन सिंह जी ने अमृत भारत स्टेषन योजना के तहत् बापूधाम मोतिहारी स्टेषन के पुनर्विकास कार्र्यो का भूमि पूजन किया । इस अवसर कई गणमान्य

उपस्थित थे । समारोह में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री अनुपम शर्मा, समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे ।

इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री अनुपम शर्मा ने अपने स्वागत संबोधन में रेल विकासे से जुड़े कार्यो पर प्रकाष डाला । उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेषन योजना के अर्न्तगत 205 करोड रूपये की लागत से बापूधाम मोतिहारी स्टेषन का पुनर्विकास किया जाएगा। इस योजना के तहत स्टेषन के मुख्य भवन को भव्य आकार दिया जायेगा तथा स्टेषन पर विष्वस्तरीय सुविधा का प्रावधान किया जायेगा। स्टेषन पर पैदल उपरगामी पुल, साइनेजेज, सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, हाई मास्टलाईट, स्टेषन बिल्डिंग का पुनर्विकास, पी0 पी0 शेल्टर, हाई लेवल प्लेटफार्म, प्लेटफार्म सतह का विकास, द्वितीय प्रवेष द्वार का विकास, लिफ्ट, एस्केलेटर जैसे विकास कार्य सम्पन्न किये जायेंगे। पुनर्विकास से जुड़े कार्य पूरा होने के बाद प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन होगा जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा।

मिशन बदलाव द्वारा फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : मिशन बदलाव जलडेगा प्रखंड टीम के द्वारा बालक और बालिकाओं का 5 दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 1 सितंबर से लेकर 5 सितंबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच जिला महिला अध्यक्ष जयंती देवी की अध्यक्षता में जलडेगा हाई स्कूल मैदान में आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेन, अंचलाधिकारी जलडेगा डॉ खगेन महतो, जलडेगा थाना से एस आई विरेन्द्र शर्मा, मिशन बदलाव महिला जिला अध्यक्ष जयंति देवी, जलडेगा प्रमुख जुसाफ लुगुन, जलडेगा मुखिया बालमुनी लुगुन, पतिअम्बा मुखिया बिमला देवी, खेल समिति अध्यक्ष आकाश साहू, सचिव आशीष इंदवार, कोसाध्यक्ष दीपक चीक बड़ाईक, उपाध्यक्ष मो इरफ़ान, उपकोसाध्यक्ष शुभम बड़ाईक, उप सचिव विनय लोहरा एससी एसटी जिला अध्यक्ष संतोष जोजो, शामिल हुए। मिशन बदलाव के काई सराहनीय कार्यों का उल्लेखनीय करते हुए मिशन बदलाव के सदस्यों को शुभकामनाएं दिऐ। मिशन बदलाव के महिला जिला अध्यक्ष ने कहा की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल से जोड़ना और ऊर्जावान प्रतिभा को निखार करना है। खेल के माध्यम से युवाओं में भाईचारा के कोई जानता है कि खेल का हमारे जीवन में एक अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए क्योंकि खेल हमारे दिमाग को शरीर को स्वस्थ और सक्रिय रखने में मदद करता है। खेल गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों की स्कूली उपलब्धियों में बढ़ोत्तरी होती है। खेल समिति के कोसाध्यक्ष दीपक चीक बड़ाईक ने कहा कि बच्चों के जीवन में खेल बड़ी उपलब्धियों को प्राप्त करने का रास्ता है लेकिन, ये उनकी गतिशीलता और अनुभव पर अधिक निर्भर करता है। खेल से हम सीख सकते है कि हमें अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों से कैसे लड़ना चाहिए। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रोश प्रतिमा सोरेंग, एस आई बीरेंद्र शर्मा एवं अंचलाधिकारी डॉ खगेन महतो ने कहा कि जो व्यक्ति स्पोर्टस या खेल में सक्रिय रूप से भाग लेता है तो वह शारीरिक और और मानसिक विकास में अन्य व्यक्तियों से ज्यादा अच्छा होगा। जब हम लोग नियमित रूप से खेलते है तो हमारा मष्तिस्क तनाव रहित रहेगा, जिससे हमारे शरीर में सुस्ती नही रहेगी। इससे हमारा शारीरिक व मानसिक संतुलन बना रहता है और हमारे व्यक्तित्व, आत्मविश्वास के विकास में मदद करता है। खेल का उद्धघाटन- ष्ट ष्ठ जलडेगा एवं त्न क्रस्न ष्ट नवागांव द्वारा किया गया।

बकाया पैसा की मांग करने पर दो सगे भाइयों ने पीट-पीट कर की युवक की हत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : बरही चटकपुर ग्राम में देर रात दो भाई मिल कर एक युवक को लाठी डंडा से पिट पिट कर किया हत्या दिया घटना की सूचना पर पुलिस पहुंच तहिकात में जुटी। सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही चटकपुर ग्राम में एक युवक को दो सगे भाईयों ने मिलकर लाठी डंडा से पिट पिट कर हत्या कर दिया। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस दलबल के साथ देर रात बरही पहुंच घायल युवक को सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि बरही चटकपुर निवासी स्वर्गीय बंधिया उराँव के दो पुत्र छेदीया उराँव एवं रामकेश्वर उराँव उर्फ घमडू उराँव ने बरही निवासी जगदीश बैठा के 25 वर्षीय पुत्र बजरंग बैठा को लाठी डंडा से पिट कर हत्या कर दिया। घटना में संलिप्त दोनों भाई को सेन्हा थाना पुलिस हिरासत में लेकर अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई है। वही शराब के नशे में घटना को अंजाम दिए जाने की बात बताई जा रही है। साथ ही बताया गया कि बजरंग बैठा बकाया पैसा की मांग करने गया था। तभी दोनो भाईयों ने नशे में जानलेवा प्रहार कर हत्या कर दिया.वहीं घटना को लेकर पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है। प्रभारी थाना प्रभारी एस आई गणेश कुमार यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया बजरंग बैठा की मौत मार पीट करने से हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया है।

करमा पर्व पूर्व संध्या मनाने को लेकर बैठक आयोजित केश्वर उराँव अध्यक्ष व मनीष बने सचिव

सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखण्ड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत कण्डरा स्थित आदिवासी कला सांस्कृति केंद्र भवन में करमा पर्व पूर्व संध्या मनाने को लेकर बैठक आयोजित किया गया। प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत कण्डरा में करमा पर्व पूर्व संध्या मनाने को लेकर मनीष उराँव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। वही बैठक आयोजित कर जय सरना लुड़कुड़िया स्कूल मैदान में करमा पर्व पूर्व संध्या मनाने को लेकर चर्चा करते हुए कायोजन कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष केशवर उराँव,सचिव मनीष उराँव तथा सुनीता उराँव को उपाध्यक्ष और विजय उराँव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वही सचिव मनीष उराँव ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 सितम्बर बुधवार को कण्डरा स्थित जय सरना लुड़कुड़िया स्कूल के मैदान में करमा पर्व पूर्व संध्या का आयोजन किया जाना है। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी गाँवों से परम्परा अनुसार आदिवासी वेश भूषा में खोड़हा दल को आमंत्रित किये जाने पर चर्चा किया गया। साथ ही कहा कि असिवसी रीति रिवाज के अनुसार गीत,संगीत, बादन और नृत्य में अच्छे खोड़हा दल को पुरस्कृत किया जायेगा। मौके पर केश्वर उराँव, मनीष उराँव, देवकी उराँव, सुनीता उराँव, जय तिर्की, सुमती उराँव, विजय उराँव, लीलमनी उराँव, फूलदेव उराँव, जयदीप उराँव सहित सैकड़ों आदिवासी महिला पुरुष उपस्थित थे।

अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाया गया बारहवां स्थापना दिवस

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुरू, लोहरदगा में बारहवां स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया जिसके उपरांत उन्होंने पौधारोपण किया और कहा कि पौधारोपण के द्वारा अविराम पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सतत प्रयत्नशील है और उच्च शिक्षा में अविराम निरंतर अग्रसर है जबकि यह क्षेत्र पिछड़ा और आदिवासी बहुल क्षेत्र है यहां के प्रशिक्षु विश्विद्यालय और जैक में टॉप करते हैं। अविराम आज शिक्षक शिक्षा के साथ साथ। फार्मेसी, नर्सिंग, पैरामेडिकल आदि पाठ्यक्रम आदि का संचालन किया जा रहा है और जल्दी ही स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के लिए अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की स्थापना का कार्य भी प्रारंभ किया जायेगा जिससे विश्व स्तरीय शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाए प्रदान की जा सके।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा, आफताब, पंकज, रेणुका, पंकज, जंगबहादुर, मनु, बिनोद, ममता, शिव, शशि, चिनिबास आदि उपस्थित थे।

वेद हमारे प्राचीन धरोहर है : लाल नवल नाथ शाहदेव

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश एवं आर्य समाज शांति आश्रम लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में अष्टदिवसीय वेद प्रचार अभियान के दूसरे दिन आज दिनांक 1 सितंबर 2023 दिन शुक्रवार को ग्राम हेंडलासो में हवन का अनुष्ठान किया गया। इस मौके पर यज्ञ के वैदिक विदुषी डॉक्टर प्रतिभा शास्त्री के नेतृत्व में यज्ञ अनुष्ठान संपन्न हुए। गुरुकुल के ब्रह्मचारी गण भजन के माध्यम से संस्कृत, संस्कृति एवं संस्कार को भजन के माध्यम से प्रदर्शित किया। यज्ञ संयोजिका के रूप में आर्य वीरांगना दल की रेखा कुमारी सक्रिय रही। जिनका मार्गदर्शन आचार्य संरक्षण आर्य आचार्य गणेश कुमार शास्त्री ने किया। सहयोगी की भूमिका में रामनारायण राम, मुन्ना राम, सीता देवी, रामविलास महली, बुधराम उरांव आदि उपस्थित रहे। मौके पर अपने उद्बोधन में समाज सेवी लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव ने सबों का मार्गदर्शन किया एवं वैदिक रीति रिवाज वैदिक मंत्रों के माध्यम से यज्ञ अनुष्ठान के आयोजन को श्रेष्ठतम विधि बताया। उन्होंने बताया कि वेद हमारी प्राचीन धरोहर है। इसे अच्छुन्न बनाए रखने के लिए आर्य समाज द्वारा श्रेष्ठ सेवा आचार्य शरचचंद्र आर्य एवं उनके टीम के द्वारा निरंतर दी जा रही है। जिससे सुदूर क्षेत्र के बच्चे शामिल होकर लाभान्वित हो रहे हैं। उन्हें शिक्षा एवं संस्कारों से श्रेष्ठ बनाया जा रहा है।

डीएवी में संस्कृत भाषा के महत्व, योगदान तथा उसकी प्रासंगिकता पर आधारित कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा के प्रांगण में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में संस्कृत भाषा के महत्व, योगदान एवं प्रासंगिकता पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सत्य सनातन धर्म के पुश्तैनी प्रचारक सदानंद रामानुज वैष्णव, आन्नद अभिनव पांडे, शिवम खत्री व सुश्री लक्ष्मी रानी पाठक जी विद्यालय प्रांगण में पधारे तथा विद्यार्थियों को देववाणी संस्कृत के इतिहास, वर्तमान प्रासंगिकता तथा भविष्य में प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कृत के इतिहास से परिचित कराते हुए कहा कि संस्कृत कई भाषाओं की जननी है भारत भूमि में आदिकाल से ही संस्कृत बोली जाती है कई भारतीय ग्रंथ संस्कृत में ही रचे गए हैं तथा कंप्यूटर द्वारा भी यह ग्राह्य है। इसके साथ ही अमेरिका की वैमानिकी व अंतरिक्ष अनुसंधान हेतु स्थापित नासा द्वारा भी संस्कृत भाषा की सर्वग्राह्यता को स्वीकार किया गया है। सुश्री लक्ष्मी रानी पाठक द्वारा संस्कृत में मधुर गीत प्रस्तुत किया गया जिसकी मधुरता ने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।डीएवी आरंभ से ही अंग्रेजी भाषा के साथ-साथ वैदिक धार्मिक ग्रंथों के अध्ययन मर्म को समझना हेतु संस्कृत भाषा का ज्ञान तथा उनके प्रचार प्रसार में अपना योगदान देता आया है। अंत में प्राचार्य महोदय ने सभी विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के गहन अध्ययन तथा प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करते हुए सभी प्रचारकों को धन्यवाद ज्ञापन किया।

भारतीय महिला हॉकी टीम की हुई घोषणा

सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): 23 सितंबर से 08अक्टूबर तक चीन में आयोजित 19th एशियन गेम्स ,Hongzhou 2022 के लिए 18 सदस्यी भारतीय महिला हॉकी टीम की हुई घोषणा, टीम में हमारे झारखंड के भी तीन खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी भी चयनित किए गए। तीनो ही खिलाड़ी भारतीय टीम के नियमित सदस्य है,बैंगलौर में हॉकी इंडिया के समस्त पदाधिकारियों और खिलाड़ियों के परिजनों के उपस्थिति में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर टीम की घोषणा की गई।हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने झारखंड के सभी खिलाड़ियों का बैंगलोर में स्वागत किया और कहा कि किसी भी खिलाड़ी को बनाने में सबसे बड़ा योगदान , समर्पण और त्याग उनके अभिभावकों का होता है,परंतु उनका सम्मान अपवाद ने ही होता है,इसलिए हॉकी इंडिया ने शुरुवात की है, कि खिलाड़ियों के अभिभावकों को भी सम्मान मिले, इसलिए हमलोग ने इस बड़े अवसर में सबके अभिभावकों को आमंत्रित किया , संभवत यह विश्व के खेल इतिहास में पहला अवसर है जब टीम की घोषणा के समय उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया है। 18 सदस्य भारतीय टीम में सामिल निक्की प्रधान खूंटी जिला के हेसल की रहने वाली ,सलीमा टेटे और संगीता कुमारी सिमडेगा जिला से है ,सलीमा टेटे सदर प्रखंड के बरकिछापर की रहने वाली है जबकि संगीता कुमारी केरसई प्रखंड के करगागुड्डी की रहने वाली है। सिमडेगा के दो खिलाड़ी सहित झारखंड के तीन खिलाड़ियों का चयन होने पर हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिला के लिए बड़ी उपलब्धि है कि सभी बड़े प्रतियोगिताओं में हमारी बेटियां टीम में चुनी जा रही है,यह हॉकी के विकास के लिए ग्रास रूट से लेकर ऊपर स्तर तक किए जा रहे कार्य से संभव हो पा रहे है।इस प्रतियोगिता से भारतीय टीम को विश्व कप के लिए क्वालीफाई भी करना है। हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी, सुनील तिर्की, पंखरासियू टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, एल्सन किड़ो,बसंत बा, वेद प्रकाश, कोच प्रतिमा बरवा, तारिणी कुमारी, प्रतिमा तिर्की, करिश्मा परवार, राहुल मिंज, बिनोद कुल्लू, मुकुट डुंगडुंग, बलबीर प्रसाद, सहित हॉकी सिमडेगा के समस्त पदाधिकारियों ने पूरी टीम को शुभकामनाएं और बधाई दी है।

इडीसी ने मिलीजुली भाई भाई को 1-0 से हराकर बनी चैंपियन

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : डायमंड क्लब सेन्हा द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक उच्च विद्यालय के खेल मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन किया गया। वही आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग ली थी। जिसमें फाइनल मैच इडीसी टीम और मिलीजुली भाई भाई के बीच खेली गई.फाइनल मुखबल में मिलीजुली भाई भाई को 1-0 हरा कर इडीसी फुटबॉल क्लब ने खिताब पर कब्जा जमाया वही मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रभारी थाना प्रभारी एस आई गणेश कुमार यादव ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भवना से जो खिलाड़ी अनुशासन के साथ खेलता है। तो निश्चित ही वह भविष्य में अच्छा खिलाड़ी बनता है। आज के समय मे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल में अच्छा भविष्य है। खेल के माध्यम से खिलाड़ी आगे बढ़ने का निरन्तर प्रयास करें और भविष्य को उज्ववल बनायें। मौके पर मुख्य अतिथि प्रभारी थाना प्रभारी एस आई गणेश कुमार यादव के अलावे अजय सोनी, तबारक हुसैन, रवि कुमार, नंदकिशोर शुक्ल, मुकेश महतो, दिनेश साहु, दिलीप कुमार उज्ववल शुक्ला, महेश यादव, अंकित साहु, सौरभ साहु सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

3 सितंबर को बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर भाजपा नगर मंडल की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल की आवश्यक बैठक अटल भवन में अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में कई गई। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी की जनसभा 3 सितंबर को समाहरणालय मैदान में आयोजित किया गया है।इसकी सफलता के लिए कई निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम के संयोजक श्री ओम प्रकास सिंह उपस्थित रहे। बैठक मे कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया गया।जिसके तहत कार्यक्रम की पूर्व संध्या में 2 नवम्बर को जन जागरण के लिए 4 बजे मोटर साइकिल से जुलूस के रूप में नगर भ्रमण किया जाएगा। साथ ही घर घर पर्ची का वितरण किया जायेगा।बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्तमान भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए लोगों से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने के लिए जनसम्पर्क चलाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से नगर प्रभारी जगन्दन पौराणिक, ब्रजबिहारी प्रसाद, श्रीचन्द्र प्रजापति, राजेश महतो, सरस्वती देवी, संजयवर्मन, अनुप वर्मा, अशोक काँस्यकार, प्रदीप खत्री, उमेश काँस्यकार, रामावतार वर्मन, अशोक घोष, मुरलीधर अग्रवाल, प्रमोद प्रजापति, मदनमोहन पाठक, दीपक साहु, दिलीप ठाकुर, बिनोद राय,अजय मित्तल, अजय प्रसाद साहु, मिथुन तमेडा, शुभम कुमार आदि उपस्थित हुए।

एक युवक की हत्या के मामले में सेन्हा पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : बीते रात्रि को बरही चटकपुर गाँव मे लाठी डंडा से पीट कर एक युवक के हत्या मामले में सेन्हा पुलिस ने दो लोगो को गिरफ्तार कर भेजा जेल। लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना अन्तर्गत बरही चटकपुर ग्राम में बकाया पैसा को मांगने के मामले में गुरुवार रात में जगदीश बैठा का 21 वर्षीय पुत्र बजरंग बैठा को लाठी डंडा से पीटकर हत्या कर दिया गया था। मामले में सेन्हा पुलिस द्वारा कांड संख्या 116/23 दर्ज कर अग्रतर करवाई में पुलिस जुट गई थी। वही मामले में हत्या के आरोपी बंधिया उराँव के पुत्र रामकेश्वर उराँव उर्फ घमडु उराँव तथा छेदीया उराँव को सेन्हा थाना पुलिस द्वारा घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वही प्रभारी थाना प्रभारी गणेश कुमार यादव ने बताया कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही चटकपुर में पैसा मांगने को लेकर विवाद होने से 25 वर्षीय युवक बजरंग बैठा को लाठी डंडा से पीटकर रामकेश्वर उराँव उर्फ घमडु उराँव और उसका भाई छेदिया उराँव द्वारा हत्या कर दिया गया है। हत्या में प्रयुक्त खून लगा हुआ बांस का डंडा और मृतक का एक जोड़ी चप्पल को पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। वही दोनों आरोपी को मेडिकल जाँच करा कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश व आर्य समाज का वेद प्रचार अभियान का हुआ शुभारंभ

लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): आर्य वीरदल झारखंड प्रदेश गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा एवं आर्य समाज शांति आश्रम लोहरदगा के संयुक्त तत्वावधान में अष्ट दिवसीय वेद प्रचार अभियान दिनांक-31-08-2023 गुरुवार से प्रारंभ हुआ। पूरे कार्यक्रम आचार्य शरच्चंद्र आर्य, आचार्य गणेश कुमार शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुई। आशीर्वाद मोतीचंद यादव की अगुवाई में दी गई। आज का कार्यक्रम ग्राम-रोचो जिला-लोहरदगा स्थान-आंगनबाड़ी केंद्र रोचो, समय 3.30 बजे से यज्ञ के ब्रह्मा-आचार्य महादेव, भजन गुरुकुल के ब्रह्मचारी गण द्वारा जबकि संयोजक संजय चंद्र यादव, प्रमोद उरांव हैं। सहयोगी की भूमिका में संजू कुमारी, अमृता कुमारी एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी आचार्य शरचचंद्र आर्य ने दी।

समसेरा के बखरा टोली में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ फाइनल मैच

सभी खेलों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का कार्य करेगी झारखंड पार्टी : एनोस एक्का

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : प्रखंड के समसेरा बखराटोली में फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित रहे जहां पर आयोजन समिति के द्वारा आगंतुक अतिथियों को माला पहनकर पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया। इस दौरान फाइनल मैच पालेमुंडा बनाम पाकरबाहर के बीच खेला गया। जहां पर शानदार मुकाबला करते हुए प्रकार बाहर की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि झारखंड पार्टी का प्रयास है कि सभी खेलों को प्राथमिकता और बढ़ावा दिया जाए और इसी उद्देश्य के साथ लगातार हॉकी फुटबॉल हो या अन्य खेल सभी खेलों में झारखंड पार्टी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर वहां के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का काम कर रही है आने वाले दिनों में सभी खेलों को प्राथमिकता के तौर पर आगे बढ़ने का काम किया जाएगा ताकि उसे खेल के माध्यम से ऊर्जावान और बेहतरीन खिलाड़ी बाहर निकाल कर देश-विदेश में जाकर जिले का नाम रोशन करें। युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का ने कहा वर्तमान समय में खेल के क्षेत्र में सभी लोग आगे बढ़ रहे हैं इसका एकमात्र कारण है कि आज खेल के माध्यम से रोजगार के नए-नए साधन उपलब्ध हैं जहां पर लोग खेल के साथ-साथ उन रोजगार को भी आसानी से पा सकते हैं इसीलिए सभी लोग अनुशासन के साथ खेल कर आगे बढ़े। मौके पर पुर्व जीप उपाध्यक्ष बिरसा माझी अमन खेस, आशीष सिंह, रवि बड़ाईक, सुदीप लुगुन, रसाल खलखो, राजू नायक,प्रखंड अध्यक्ष शशि खेस, कोई आयोजन का सपना बनाने के लिए अध्यक्ष सहदेव सिंह उपाध्यक्ष विपिन बिहारी सिंह, सचिव अल्बर्ट डुंगडुंग, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, अल्फोस तिग्गा उपस्थित थे।

ग्रामीण महिला की सफलता की कहानी

अनिता देवी द्वारा कार्य का सालाना टर्नओवर कृषि व गैर कृषि कार्य से करीब 8 से 10 लाख रुपए तक है

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाकरटांड़ : प्रखंड के अनिता देवी, समुह का नाम मां दुर्गा सखी मंडल, पंचायत कुरशकेला का निवासी है। बताया गया कि सिकरियाटांर, गांव भेलवाडीह की अनिता देवी वर्ष 2016 से मां दुर्गा सखी मंडल की सदस्यता है। शुरू से ही अनिता देवी समूह, ग्राम संगठन के हर एक बैठक में नियमित रूप से भाग लेती थी। प्रारम्भ में घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। समुह के सहयोग से 40000 ऋण लेकर अनिता देवी खेती हेतु उत्पादक समूह से बीज खरीददारी करके खेती प्रारम्भ की। जिससे उन्हें मुनाफा होना शुरू हुआ। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अनिता देवी कृषि एवं गैर कृषि दोनों में आशातीत सफलता प्राप्त कर एक नया इबारत लिख रही है। दीदी अपने पति एवं सास के सहयोग से जेएसएलपीएस के मार्गदर्शन में एन आर ए टी पी परियोजना अंतर्गत एकल सुविधा केंद्र से भी ऋण लेकर गैर कृषि कार्य के तहत किराना दुकान, फर्नीचर दुकान भी चला रही है साथ ही कृषि कार्य कर आजीविका में उत्तरोत्तर वृद्धि कर रही हैं। दीदी के द्वारा जेएसएलपीएस से लिये गए प्रत्येक ऋण का रीपेमेंट नियमित रूप से किया जाता रहा है। दीदी के द्वारा ड्रिप इरीगेशन के माध्यम से खेती की जा रही है जिसमें उन्होंने 5 माह पूर्व करीब ढाई लाख का बैंगन की बिक्री भी की। सोने पर सुहागा तब हो गया जब दीदी के द्वारा ड्रिप इरीगेशन के माध्यम से ही टमाटर की खेती की गई जिसमें फल भी उस समय लगकर तैयार हुआ जब टमाटर 200 रुपये प्रति किलो था। जिसमें दीदी को करीब दो लाख रुपए की आमदनी हुई। इसके अतिरिक्त अनीता देवी के द्वारा मिर्च की भी खेती, धान खेती, केला एवं आम बागवानी भी की जा रही है। उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट है कि अनीता देवी लखपति दीदी के रूप में भरकर सामने आई है जिनका सालाना टर्नओवर कृषि एवं गैर कृषि कार्य से करीब 8 से 10 लाख रुपए तक का है। अनीता देवी को उद्यमिता पखवाड़ा के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कृत भी किया जा चुका है। जेएसएलपीएस का धन्यवाद देते हुए दीदी कहती हैं की महिलाओं के हौसलों की उड़ान देने के लिए ही शायद समूह का गठन सरकार के द्वारा कराया गया है। सभी दीदी को समूह से जुड़कर अपने सपने जरूर साकार करनी चाहिए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

देश हित में है वन नेशन-वन इलेक्शन

शारिब खान @ प्रभात मंत्र

वन नेशन-वन इलेक्शन की दिशा में सरकार ने कदम बढ़ा दिया है। सरकार ने इसकी संभावनाओं पर विचार के लिए एक कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी का अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को बनाया गया है। वन नेशन वन इलेक्शन के तहत सरकार लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराना चाहती है। गौरतलब है कि साल 1951-52 में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। इसके बाद 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए। लेकिन बाद में 1968, 1969 में कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने और 1970 में लोकसभा को समय से पहले भंग होने से यह साथ चुनाव कराने का चक्र बाधित हो गया। यही वजह है कि अब स्थिति ये हो गई है कि हर साल कहीं ना कहीं चुनाव हो रहे होते हैं। ऐसे में सरकार फिर से लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की संभावनाओं पर विचार कर रही है। अब इस दिशा में कमेटी का गठन एक बड़ा कदम है। केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र भी बुलाया है. अनुमान लगाया जा रहा है कि एक देश एक चुनाव पर सरकार बिल भी ला सकती है। केंद्र की बनाई कमेटी एक देश एक चुनाव के कानूनी पहलुओं पर गौर करेगी। साथ ही इसके लिए आम लोगों से भी राय लेगी. वह तमाम संविधान विशेषज्ञों से बात करेगी। इसके अलावा अलग-अलग राजनीतिक दलों से भी यह कमेटी विचार विमर्श करेगी। देश के तमाम राज्यों के मुख्यमंत्रियों और विपक्ष के नेताओं से भी कमेटी सलाह मशवरा करेगी। बता दें कि 2018 में लॉ कमीशन ने चुनाव सुधारों से संबंधित जो रिपोर्ट दी थी उसके मुताबिक अगर भारत में एक साथ चुनाव कराए जाते हैं तो यह प्रशासन के लिए फायदेमंद होगा। क्योंकि यह देश को लगातार चुनावी स्थिति में पड़े रहने से बचाएगा। केंद्रीय कानून मंत्रालय को सौंपी गई मसौदा रिपोर्ट में कहा गया था कि लोक सभा और राज्य विधान सभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने से सार्वजनिक धन की बचत होगी। प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर बोझ कम होगा और यह सुनिश्चित होगा सरकारी नीतियों का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन कराया जा सकेगा। इसमें आगे कहा गया कि एक साथ चुनाव कराने से देश के प्रशासन को चुनाव प्रचार के बजाय विकास संबंधी गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने में अधिक मदद मिलेगी। न्यायमूर्ति बीपी जीवन रेड्डी की अध्यक्षता वाले विधि आयोग ने भी मई 1999 में अपनी 170 वीं रिपोर्ट में कहा था कि हर साल और सत्र के बाहर चुनावों के चक्र को समाप्त किया जाना चाहिए। हमें उस स्थिति में वापस जाना चाहिए जहां लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते हैं। नियम यह होना चाहिए कि लोकसभा और सभी विधानसभाओं के लिए पांच साल में एक बार एक चुनाव हो। वन नेशन, वन इलेक्शन का मुद्दा बीजेपी का चुनावी एजेंडा भी रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी नेता कई मौकों पर एक देश, एक चुनाव को लेकर बोल चुके हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के घोषणापत्र में भी ये शामिल रहा था। घोषणा पत्र में कहा गया था कि बीजेपी अपराधियों को खत्म करने के लिए चुनाव सुधार शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है। बीजेपी अन्य दलों के साथ परामर्श के माध्यम से विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ कराने की पद्धति विकसित करने की कोशिश करेगी। चुनाव खर्चों को कम करने के अलावा राजनीतिक दलों और सरकार दोनों के लिए, यह राज्य सरकारों के लिए कुछ स्थिरता सुनिश्चित करेगा। बहरहाल, वन नेशन-वन इलेक्शन देश हित में है। पांच साल में एक बार एक चुनाव हो। पांच साल में एक बार चुनाव होने से खर्च कम होगा और विकास का पहिया तेज गति से आगे बढ़ेगा। यह देश के लिए जरूरी भी है।

बंशीधर नगर प्रखंड के कर्मी व पदाधिकारी हो गए हैं बेलगाम

*** उच्च पदधिकारियो के निर्देशों को भी धत्ता बताने की रखते है हिम्मत**

*** मनरेगा कर्मियों, मुखिया, पंचायत सेवक को पूरा सपोर्ट करते है बीडीओ**

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : नगर उंटारी प्रखंड इन दिनों भ्रष्टाचार का गढ़ बना हुआ है।चाहे मनरेगा की योजना हो या फिर 15वी वित्त की योजना।हर जगह भ्रष्टाचार अपने चरण सीमा पर है।

इतना ही नही प्रखंड के पदाधिकारी पूरी तरह से बेलगाम हो चुके है।उन्हें उच्च पदाधिकारियों के निर्देशों का पालन करने में कोई रुचि नही है या यों कहें कि उन्हें अपने पदाधिकारियो से कोई भय ही नही है। सभी मामले प्रखंड कार्यालय में ही निपटा लिये जाते है। चाहे वो मनरेगा में हुए भारी अनियमितता का हो या फिर डीलर पर अनियमितता के आरोप का है। ऐसा क्यों कहा जा रहा है कि पदाधिकारी बेलगाम हो गए है।इसका जीता जागता ग्रामीणों द्वारा पिछले दो महीनों में एसडीओ को दो डीलर व मनरेगा योजना में भुगतान अनियमितता को ले कर दिए गए तीन आवेदनों की है।जिसके संबंध में ग्रामीणों में खूब आक्रोश देखा जा रहा है। जिसमे कार्यवाही नही होने से ग्रामीणों द्वारा विभिन्न प्रकार के अटखले लगाई जा रही है और कहा जा रहा है कि प्रखंड पदाधिकारी भ्रष्टचार में लिप्त है तथा उन्हें किसी भी उच्च पदाधिकारी का कोई भय नही है।

पहला मामला: पहला मामला है नरही पंचायत का, जहां ग्रामीणों के शिकायत के आलोक में बीडीओ सह एमओ श्रवण राम द्वारा ग्रामीणों के शिकायत पर मर्चवार ग्राम स्थित कामेश्वर गुप्ता के जनवितरण प्रणाली की दुकान पर पहुच कर जांच किया गया।

जांच में ग्रामीणों की शिकायत को पूरी तरह से सत्य पाया गया।ऐसा ही बयान बीडीओ श्रवण राम द्वारा प्रेस को दिया गया था।लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नही किया गया।उसके बाद ग्रामीणों ने 15जुलाई 23 एसडीओ को पुनः आवेदन के जरिये शिकायत किया गया।जिसके बाद एसडीओ ने उक्त डीलर कामेश्वर गुप्ता के जनवितरण प्रणाली की दुकान की जांच मजिस्ट्रेट अजय तिर्की को दिया गया।अजय तिर्की द्वारा उक्त जांच डेढ़ महीने के बीत जाने के बाद भी नही किया गया।

दूसरा मामला: दूसरा मामला कधवन ग्राम के ग्रामीणों द्वारा डोभा में रोक के बावजूद भुगतान करने का आवेदन 1 अगस्त 23 को एसडीओ आलोक कुमार को दिया गया था।जिसमे एसडीओ द्वारा पत्रांक संख्या 794/11/08/2023 के द्वारा बीडीओ श्रवण राम को जांच का जिम्मा दिया गया था।लेकिन बीडीओ श्रवण राम द्वारा उसे भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।इसकी जांच भी एक महीना बीत जाने के भी पूर्ण नही हो पाया।

तीसरा मामला: तीसरा मामला कधवन ग्राम के ग्रामीणों द्वारा एसडीओ को डीलर इशरत बीबी के विरुद्ध मनमानी करते हुए दो महीने का राशन वितरण नही करने का शिकायत आवेदन के माध्यम से 16अगस्त 23 को दिया गया था।उसका जांच का जिम्मा पत्रांक संख्या 828/19/08/23 के जरिये बीडीओ श्रवण राम को सौंपा गया था।उक्त जांच निर्देश के बावजूद 15 दिन बीत जाने के बाद भी बीडीओ द्वारा न तो कोई जांच ही किया गया न ही डीलर पर आज तक कोई कार्यवाही किया गया।

मुखिया व पंचायत सेवक के साथ बीडीओ की मिलीभगत से मिल रहा है भ्रष्टाचार को बढ़ावा : राजकुमार

राजकुमार राम जिला सचिव भाकपा जो भी गलत कार्य होता है उसका जांच पदाधिकारियो को निष्पक्ष हो कर करना चाहिए।पदाधिकारियो के साथ मिलीभगत से मुखिया व पंचायत सेवक द्वारा भ्रष्टचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। छेटी छोटी समस्याओ को लेकर आम जन परेशान है।जिले के उपायुक्त से इस संबंध में जांचों उपरांत आवश्यक करवाई की मांग करता हु। जिससे सरकार व पदाधिकारियो के प्रति लोगो का विश्वास बना रहे।

जनता की शिकायत पर कार्रवाई नहीं करना दुर्भाग्य पूर्ण है : ईश्वरी चौधरी

ईश्वरी चौधरी जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल ग्रामीण का कहना है कि जनता की शिकायत पर जांच कर कार्रवाई नहीं करना दुर्भाग्य पूर्ण है। वरीय पदाधिकारी के द्वारा निर्देशित करने के वावजुद भी जांच नही करना या कार्रवाई नहीं करना तो और गम्भीर मामला हो जाता है। मेरा मानना है जब तक उच्चपदाधिकारी स्वयं जांच कर सभी घोटालेबाजों पर पदाधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं किया जाएगा। तब तक लगता है सुधार नहीं होने वाला है।

नगर ऊंटारी प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है : ओम प्रकाश गुप्ता

ओम प्रकाश गुप्ता अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि का कहना है कि सभी जानकारी के बाद यही साबित होता है कि नगर ऊंटारी प्रखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। बल्कि यूं कहें यह सीमा पार कर चुका है और इस भ्रष्टाचार को प्रखंड के बड़े पदाधिकारी सह दे रहे हैं। मैं स्वयं इसकी जांच स्थल पर जाकर करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी से इसकी शिकायत करूंगा और दोषियों को दंडित करवाने का प्रयास करूंगा।

नगर उंटारी प्रखंड के लिए नई बात नहीं है भ्रष्टाचार : मंटू पांडेय

मंटू पांडेय आम आदमी पार्टी का कहना है कि भ्रष्टाचार नगर उंटारी प्रखंड के लिए कोई नई बात नहीं है। क्योंकि अधिकारी स्वयं उक्त मामले में संलिप्त है। जांच के नाम पर एक मुश्त राशि मिलने पर हर जांच ठंडे बस्ते में डालने की पुरानी आदत है। आजतक नगर उंटारी में इतनी खुलेआम भ्रस्टाचार नही हुआ जितना आज हो रहा है।यह भी एक जांच की विषय है।जिले के उपायुक्त को चाहिए कि मामले को संज्ञान में लेते हुए।जांचोपरांत आवश्यक कार्यवाही करें जिससे लोगो का विश्वास पदाधिकारियो पर बना रहे और आमजन अपनी बात को पदाधिकारियो के समक्ष खुल कर रख सके।

सभी प्रोजेक्ट तय सीमा के अनुसार करें पूर्ण : विश्वेश्वर टुडु

एजेंसी

हरिद्वार : केंद्रीय जल शक्ति एवं जनजातीय राज्य मंत्री विश्वेश्वर टुडु ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि नमामि गंगे योजना के तहत कुल 55 प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है। अर्थ गंगा के अन्तर्गत मां गंगा, मन्दिर, मिट्टी, महिला और मोटा अनाज (मिलेट्स) को लोगों की आजीविका से जोड़ा गया है। घाट पर योग, घाट पर हाट के अलावा गंगा की सहायक नदियों में आरती का आयोजन भी किया जा रहा है।अधिकारियों के अनुसार 1 लाख 40 हजार के करीब किसान यहां रजिस्टर्ड हैं तथा गंगा किनारे जितनी भी खेती होती है, उसमें आर्गेनिक खेती को निरन्तर बड़ावा दिया जा रहा है। ताकि गंगा के जल की गुणवत्ता बरकरार रहने के साथ ही

लोगों को आर्गेनिक उत्पाद भी प्राप्त हो सकें। गंगा के आसपास पौधरोपण के संबंध में डीएफओ ने बताया कि गंगा के आसपास 220 हेक्टेयर क्षेत्र में शीशम, खैर, आवंला, बहेड़ा और हरड़ सहित अन्य फलदार पौधों का रोपण किया गया है। गंगा वाटिका के तहत दक्ष मन्दिर के सामने पांच हेक्टेयर क्षेत्र को नगर वन के रूप में विकसित किया जा रहा है। अधिकारियों ने हरिद्वार में योजना जलजीवन मिशन को लेकर बताया कि आगामी दिसम्बर तक इसका निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिया जायेगा। बैठक में टुडू ने हरिद्वार तथा ऋषिकेश कॉरिडोर की जानकारी ली और कहा कि नमामि गंगे के तहत जितने भी प्रोजेक्ट चल रहे हैं, उनका कार्य लक्ष्यानुसार पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इन कार्यों में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।उन्होंने हरिद्वार भ्रमण के दौरान जगजीतपुर स्थित एसटीपी, चण्डीघाट तथा गंगा वाटिका का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

बैठक में अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, ईडी प्रोजेक्ट नमामि गंगे नलिन श्रीवास्तव, तकनीकी निदेशक नमामि गंगे डॉ. प्रवीन, डीएफओ नीरज शर्मा, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई सुश्री मंजू, मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

रक्तदान महादान, आईये रक्तदान करें

रांची : रांची समाहरणालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रिम्स और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समारहणालय ब्लॉक-ए स्थित जी 1 में शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें लोग सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक रक्तदान कर सकते हैं। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय के पदाधिकारियों/कर्मियों से शिविर में बढ़चढ़ कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदान करने की अपील की है। किसी का बहुमूल्य जीवन बचाने के लिए उपायुक्त ने आमजनों से भी आगे आकर रक्तदान करने की अपील की है।

सांसद वीडी राम ने नवोदय विद्यालय का किया निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : ग्राम लंगरकोट हुसैनाबाद में हो रहे निर्माणाधीन केंद्रीय नवोदय विद्यालय का सांसद विष्णू दयाल राम ने निरीक्षण किया और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाते हुए गुणवत्ता विहीन कार्यो पर रोक लगाने की हिदायत दी।

नवोदय विद्यालय लंगारकोट के निर्माण से आसपास के बच्चों का भविष्य उज्जवल रहेगा,लेकिन जिस प्रकार निर्माण कार्य में घटिया और निम्न स्तर का हो रहा है, उससे भविष्य में बच्चों की जान जोखिम में होगी। इस विषय को लेकर लगातार ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों सूचना प्राप्त हो रही थी, जिस पर जनप्रतिनिधियों द्वारा सांसद विष्णु दयाल राम से मुलाकात कर उनके संज्ञान में लाया। जिसे प्राथमिकता में लेते हुए सांसद के द्वारा स्वयं

औचक निरीक्षण में आकर संपूर्ण परिसर का मुआयना कर गुणवत्ता को परखा और पाया कि कंपनी द्वारा गुणवत्ता हिना कार्य किया जा रहा है। यहाँ शासन के मानक व उचित संसाधनों का उपयोग नहीं किया जा रहा है।

इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद सिंह सांसद निजी सचिव अलख दुबे जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम सासंद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा अखिलेश मेहता श्रवण अग्रवाल नरेंद्र सिंह दशरथ यादव एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित थे।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी का साथ छोड़ रहे विधायक

एजेंसी

भोपाल : मध्य प्रदेश की शिवपुरी जिले के कोलारस विधानसभा से बीजेपी विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने पार्टी से इस्तीफे देने की घोषणा कर दी है. इस्तीफे में उन्होंने आरोप लगाया है कि पार्टी में उन्हें नज़रअंदाज किया गया. बीजेपी विधायक ने कहा कि उन्होंने पिछले तीन से पांच सालों में अपना दर्द मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा शीर्ष नेतृत्व को बयां किया था, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई. बीजेपी विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने इस्तीफे में लिखा, शिवपुरी जिले और कोलारस विधानसभा में भ्रष्ट अधिकारियों को नियुक्त किया गया, ताकि वे मेरे विकास कार्यों में अड़ंगा डाल सकें और मुझे मेरे लोगों को परेशान कर सकें.÷ उन्होंने पूरे राज्य में किसानों के कॉपरेटिव बैंकों में घोटालों के आरोप लगाए हैं, जिसमें शिवपुरी जिले में किसानों के खातों की जमा राशि में सेंध लगाने के आरोप शामिल हैं. हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि वे किस पार्टी में जा सकते हैं.कांग्रेस में जाने के कयासों पर भी वह चुप रहे. पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने समाचार एजेंसी पीटीआई से वीरेंद्र रघुवंशी कांग्रेस ज्वाइन करेंगे. उन्होंने कहा,वीरेंद्र रघुवंशी 2 सितंबर को कांग्रेस में शामिल होंगे. जानकारी के मुताबिक वीरेंद्र रघुवंशी ने पार्टी को लिखे अपने इस्तीफे में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर हमला बोला है. साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार पर भी आरोप लगाया है. उन्होंने लिखा है कि किसान ऋण माफी के मुद्दे पर सिंधिया ने वादा किया मगर इस विषय में कोई जरूरी कदम नहीं उठाए.इससे पहले वीरेंद्र रघुवंशी और सिंधिया कांग्रेस में थे, लेकिन सिंधिया से बढ़ते मतभेदों की वजह से वीरेंद्र रघुवंशी ने 2014 में कांग्रेस पार्टी छोड़ दी थी. दोनों नेताओं के बीच तनाव 2013 विधानसभा चुनाव से है, जब रघुवंशी ने शिवपुरी से कांग्रेस के टिकट पर सिंधिया की बुआ और भाजपा नेता यशोधरा राजे के खिलाफ चुनाव लड़ा था. पिछले कुछ वक्त में सिंधिया के गढ़ ग्वालियर-चंबल इलाके से इस्तीफा देने वाले यह चौथे भाजपा नेता हैं.

झाप्रसे के सात पदाधिकारियों की सेवा निर्वाचन विभाग को सौंपी गयी

रांची : झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के एसडीओ रैंक के सात पदाधिकारियों की सेवा मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग में विभिन्न जिलों में उप निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर पदस्थापन के लिए सौंपी गयी है। इस संबंध में शुक्रवार को कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। बीडीओ दारू, सुशील कुमार राय, बीडीओ टंडवा रंथू महतो, बीडीओ चांडिल मनीष कुमार, बीडीओ तांतनगर अनंत कुमार,बीडीओ हैदरनगर धीरज कुमार ठाकुर,सीओ नाला सुनीता किस्कू, प्रतीक्षारत विकास कुमार राय।

जी-20 समिट के बीच चीन-पाक सीमा पर गरजेंगे राफेल-मिराज, वायुसेना करेगी युद्धाभ्यास

एजेंसी

नई दिल्ली : भारतीय वायु सेना जल्द बड़ा युद्धाभ्यास त्रिशूल करने जा रही है. यह युद्धाभ्यास ऐसे वक्त पर होगा, जब भारत में जी-20 समिट के दौरान दुनियाभर के तमाम बड़े नेता दिल्ली में होगे. खास बात ये है कि यह युद्धाभ्यास उत्तरी क्षेत्र में चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर होगा. त्रिशूल में राफेल मिराज, सुखोई समेत तमाम लड़ाकू विमान शामिल होंगे. इसके अलावा युद्धाभ्यास में चिनूक और अपाचे समेत कई हेलिकॉप्टर भी आसमान में दमखम दिखाएंगे. वायुसेना के इस शक्ति प्रदर्शन में गरुड़ विशेष बल भी हिस्सा लेगा.त्रिशूल युद्धाभ्यास 4 सितंबर से 14 सितंबर तक लद्दाख, हिमाचल प्रदेश जम्मू कश्मीर और पंजाब में होगा.भारतीय वायु सेना ने भी 9 और 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए अपने हथियारों और उपकरणों को हाई अलर्ट पर

रखा है. इस समिट में तमाम वैश्विक नेता शामिल होने जा रहे हैं. भारतीय वायु सेना ने भी किसी भी संभावित हवाई खतरे से निपटने के लिए आकाश डिफेंस मिसाइल समेत अपनी सतह से हवा में मार करने वाली डिफेंस प्रणालियों को सक्रिय एक्टिव करना शुरू कर दिया है. सुरक्षा एजेंसियों ने अपने काउंटर-ड्रोन सिस्टम को भी सक्रिय कर दिया है, जहां वे किसी भी छोटे ड्रोन को जाम कर सकते हैं या जरूरत पड़ने पर उन्हें मार गिरा सकते हैं.जी 20 शिखर सम्मेलन से पहले, दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा कारणों से 29 अगस्त से 12 सितंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में पैराग्लाइडर, हैंग-ग्लाइडर और हॉट एयर बैलून जैसे उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों की उड़ान पर प्रतिबंध लगा दिया है. जी-20 समिट में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन भी शामिल होंगे. हालांकि, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के आने की संभावना नहीं है.उनकी जगह चीनी प्रधानमंत्री शामिल होंगे. वहीं, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की जगह विदेश मंत्री शामिल होंगे.